के.वि.वि.आ.

वार्षिक रिपोर्ट

2012-13

केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग

सत्यमेव जयते

वार्षिक रिपोर्ट
2012–13

केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (सीईआरसी)

तृतीय एवं चतुर्थ तल, चन्द्रलोक बिल्डिंग, 36, जनपथ, नई दिल्ली – 110001

फोन नंः– +91 11 23353503 फैक्सः +91 11 23753923

वेबसाइटः www.cercind.gov.in

प्राक्कथन

केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (सीईआरसी) ने पहले की तरह वर्ष 2012–13 के दौरान विद्युत क्षेत्र में सुधारों के लिए अपनी महत्वपूर्ण नेतृत्वकारी भूमिका का निर्वाह किया। आयोग ने ईंधन की अनिश्चितता एवं नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश की दीर्घकालिक निरंतरता के कारण ग्रिड सुरक्षा, क्षमता क्षेत्रों में विवेचनीय चुनौतियों के समाधान का कार्य किया।

30 और 31 जुलाई 2012 कों हुई ग्रिड की खराबी एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी। आयोग ने प्रयोज्यताओं के प्रभारी अधिकारियों को निदेश दिया कि वे आयोग के समक्ष उपस्थित हों और ग्रिड अनुशासन के उल्लंघन कर्त्ताओं के विरुद्ध कार्यवाहियां आरंभ की। आयोग द्वारा 49.5–50.2 एचजेड से 49.7–50.2 एचजेड तक संकीर्ण फ्रीक्वेंसी रेंज 17.9.2012 से प्रभावी हुआ। ग्रिड में विद्युत के कुशल, विश्वसनीय और मितव्ययी पारेषण को सुनिश्चित करने के लिए आयोग ने अंतरराज्यिक पारेषण अनुज्ञप्तिधारियों के लिए कार्यनिष्पादन के मानक विनिर्दिष्ट किए।

उच्च मांग की पूर्ति के लिए उत्पादन को विकसित करने के प्रयास में आयोग ने भंडार आधारित स्टेशनों के अलावा हाइड्रो उत्पादनकारी स्टेशनों पर आधारित पम्प स्टोरेज को प्रोत्साहित करने के लिए टैरिफ विनियमों को संशोधित किया। 1% की दर पर इक्विटी पर अतिरिक्त रिटर्न इस प्रकार के संयंत्रों के लिए उपलब्ध करवाई गई। टैरिफ विनियमों में संशोधनों को पम्प स्टोरेज हाइड्रो उत्पादनकारी स्टेशनों के लिए टैरिफ निर्धारण हेतु उपबंधों में भी शामिल किया गया।

व्यापार अनुज्ञप्ति विनियमों की संभावना में विस्तार को देखते हुए केन्द्रीय आयोग ने भारत के अंदर पुनः बिक्री के लिए किसी अन्य देश से आयात की गई विद्युत के लिए एवं विद्युत के अंतरराज्यिक व्यापार के रूप में किसी अन्य देश को निर्यात की गई विद्युत के लिए अंतरराज्यिक व्यापार की परिभाषा का विस्तार किया। "उल्लंघन एवं दंड" के लिए प्रावधान को व्यापार अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा उल्लंघनों के विभिन्न उदाहरणों को देखते हुए आंरभ किया गया है।

नवीकरणीय ऊर्जा पर की गई पहल को आगे बढ़ाते हुए आयोग ने मौजूदा बुनियादी ढ़ांचे और पारेषण सुविधाओं के अधिकतम उपयोग के लिए ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोत पर आधार 5 से 50 मैगावाट के बीच क्षमता को स्थापित करने के लिए अधिशेष भूमि वाले अंतरराज्यिक ग्रिड से संबद्ध मौजूदा उत्पादनकारी स्टेशनों को अनुमति देने के लिए कनैक्टीविटी विनियमों को संशोधित किया। आयोग ने एमएनआरई द्वारा संस्थापित कार्य दल प्रस्तुत की गई रिपोर्ट पर विचार करने के बाद 1.7.2013 से आरआरएफ मैकेनिज्म के कार्यान्वयन के लिए आदेश भी जारी किया।

आयोग ने विद्युत मंत्रालय द्वारा परिचालित केस–2/अल्ट्रा मैगा पावर प्रोजेक्ट के लिए ड्राफ्ट माडल पीपीए की जांच की और सरकार को सांविधिक सलाह दी जिसमें वितरण अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा विद्युत की प्रतिस्पर्द्धात्मक प्राप्ति के विभिन्न मुद्दों के लिए दस्तावेज के परिष्कार हेतु आवश्यकता को रेखांकित किया गया।

आयोग अपने मार्किट मॉनिटरिंग कक्ष के माध्यम से विद्युत बाजार की गतिविधियों पर पूर्ण दृष्टि रखता रहा है। आयोग द्वारा विनियामक फोरम (एफओआर), भारतीय विनियामक फोरम (एफओआईआर) तथा दक्षिण एशियाई अवसंरचना विनियम फोरम(साफिर) की गतिविधियों के लिए संसाधन तथा सहायता प्रदान की जाती रही है।

आयोग आशा करता है कि उसे अपने उत्तरदायित्वों का पूरी तरह से निर्वाह करने में सभी स्टेकहोल्डरों का निरंतर सहयोग मिलता रहेगा।

विषय–वस्तु

1.	**आयोग**	1
2.	**मिशन विवरण**	3
3.	**2012–13 के दौरान आयोग के अध्यक्ष तथा सदस्यों का संक्षिप्त विवरण**	5
4.	**पूर्व वर्ष एक अवलोकन**	13
5.	**उपभोक्ताओं के लाभ तथा क्षेत्र के विकास के लिए विनियामक प्रक्रियाओं का निष्कर्ष**	17
5.1.	उपभोक्ताओं के फायदे	19
5.2.	क्षेत्र का विकास	19
6.	**विनियामक प्रक्रियाएं तथा कार्यवाहियां**	21
6.1.	विनियमों के लिए प्रक्रिया	23
6.2.	याचिकाओं से संबंधित आदेश के लिए प्रक्रिया	23
6.3.	टैरिफ अवधारण करने की प्रक्रिया और सिद्धांत	24
7.	**वर्ष 2012–13 के दौरान किए गए क्रियाकलाप**	25
7.1.	कानूनी कार्यवाहियां	27
7.2.	वर्ष 2012–13 के दौरान प्रमुख निर्णय/जारी किए गए विनियम	27
7.3.	विद्युत बाजार : व्यापार, पावर एक्सचेंज तथा निर्बाध पहुंच	29
	(I) अंतर–राज्यिक व्यापार अनुज्ञप्तिधारी	29
	(II) पावर एक्सचेंज	30
	(III) बाजार निगरानी प्रकोष्ठ	31
	(IV) बोली मूल्यांकन और भुगतान के प्रयोजनार्थ संवर्धित कारकों तथा अन्य मानकों की अधिसूचना	32
7.4.	थर्मल उत्पादन	32
	1. टैरिफ निर्धारण	32
	2. आयोग द्वारा निपटाए गए अन्य मुद्दे	35

विषय–वस्तु

7.5.	हाइड्रो उत्पादन	37
7.6.	पारेषण	39
	क. पारेषण टैरिफ	39
	ख. ग्रिड नियंत्रण की मॉनिटरिंग एवं प्रवर्तन	39
	ग. गैर अनुसूचित अंतःपरिवर्तन भुगतान में चूक करने वाली प्रयोज्यताओं पर कार्रवाई	42
	घ. निर्बाध पहुंच का प्रवर्तन	45
	ङ. विविध याचिकाएं	46
7.7.	नवीकरणीय ऊर्जा	46
	1. विनियामक नवीकरणीय विनियामक निधि मैकेनिजम का कार्यान्वयन	46
	2. टैरिफ निर्धारण से संबंधित आदेश	48
7.8.	वर्ष के दौरान अन्य गतिविधियां	49
	(क) केंद्रीय सलाहकार समिति (सीएसी):	49
	(ख) विनियामक फोरम (एफओआर) की गतिविधियां	50
	(ग) भारतीय विनियामक फोरम (एफओआईआर) की गतिविधियां	51
	(घ) बुनियादी विनियम के लिए दक्षिण एशिया फोरम की गतिविधियां (साफिर)	51
	(ङ) सेमिनार/सम्मेलन/प्रशिक्षण/विनिमय कार्यक्रम	52
7.9.	भारत सरकार को सलाह	52
	(क) मामला 2/यूएमपीपी के लिए मानक बोली दस्तावेजों के पुनरीक्षण के संबंध में	52
8.	**वर्ष 2012–13 के दौरान जारी की गई अधिसूचनाएं**	53
9.	**वर्ष 2013–14 के लिए कार्य सूची**	57
10.	**लेखों की वार्षिक विवरणी**	61
11.	**आयोग का मानव संसाधन**	65

विषय–वस्तु

उपाबंध

I.	के.वि.वि.आ. के समक्ष फाइल की गई याचिकाओं की स्थिति (1.4.2012 से 31.3.2013)	71
II.	31.03.2013 को एनटीपीसी के उत्पादन केंद्रों की संस्थापित क्षमता तथा वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख	110
III.	दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के उत्पादन केंद्रों की संस्थापित क्षमता तथा प्रत्येक की वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख	113
IV.	मार्च, 2013 की स्थिति के अनुसार एनटीपीसी, एनएलसी और नीपको केन्द्रीय थर्मल पावर स्टेशन के टैरिफ	114
V.	केंद्रीय क्षेत्र की हाइड्रो उत्पादन कंपनियों (एनएचपीसी, एनएचडीसी, नीपको, एसजेवीएनएल, टीएचडीसी तथा डीवीसी) की संस्थापित क्षमता	116
VI.	सीइआरसी की परिधि के अधीन हाइड्रो उत्पादन केंद्रों का संयुक्त टैरिफ	117
VII.	वर्ष 2013–14 के लिए नवीकरणीय ऊर्जा टैरिफ (रूपए/केडब्ल्यूएच)	118
VIII.	वित्त वर्ष 2012–13 में संगोष्ठियां/सम्मेलन/आदान–प्रदान कार्यक्रम (भारत के बाहर) जिनमें आयोग के अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया)	121
IX.	वित्त वर्ष 2012–13 में (भारत में) कार्यक्रम जिनमें आयोग के अधिकारियों ने भाग लिया	123
X.	वर्ष 2012 –13 के लिए सं. परीक्षित वार्षिक लेखा	124
XI.	आयोग के अध्यक्ष, सदस्य और कर्मचारियों के ई–मेल आईडी और दूरभाष नम्बर (31.03.2013 के अनुसार)	145
XII.	संगठन चार्ट	150

1 आयोग

विद्युत क्षेत्र के लिए स्वतंत्र विनियामक आयोग की परिकल्पना 1990 के दशक के प्रारंभ में उस समय की गई थी, जब 1994 में महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री, श्री शरद पावर की अध्यक्षता में विद्युत संबंधी राष्ट्रीय विकास परिषद समिति ने "सार्वजनिक और निजी प्रतिष्ठानों की टैरिफ नीतियों को विनियमित करने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर स्वतंत्र व्यावसायिक टैरिफ बोर्डों का गठन" करने की सिफारिश की थी। समिति ने यह भी दोहराया था कि "टैरिफ बोर्डों से प्रत्येक क्षेत्र और प्रत्येक राज्य के लिए समुचित विद्युत टैरिफो को तैयार करने के मामले में उच्च स्तर की व्यचावसायिकता आ सकेगी।"

विनियामक आयोग के गठन की आवश्यकता को 1996 में आयोजित मुख्य मंत्रियों के सम्मेलन में पुनः दोहराया गया। सम्मेलन में, अन्य बातों के साथ–साथ, विद्युत के लिए सामान्य न्यूनतम राष्ट्रीय कार्रवाई योजना की बात को व्यक्त करते हुए, यह सहमति हुई कि राज्य विद्युत बोर्डों में सुधार और पुनर्संरचना करना आवश्यक है तथा इनको एक निश्चित समय के भीतर पूरा किया जाना चाहिए और इस दिशा में एक उपाय के रूप में विनियामक आयोग को बनाने की बात को समझा गया।

इस प्रकार, केंद्र तथा राज्यों में विनियामक आयोगों को बनाने के लिए विद्युत विनियामक आयोग (ईआरसी) अधिनियम, 1998 अधिनियमित किया गया।

1998 का अधिनियम, टैरिफ विनियमन से सरकार को अलग रखने के उद्देश्य से अधिनियमित किया गया था। अधिनियम में विद्युत टैरिफ सहायिकियों आदि के बारे में, पारदर्शी नीतियों के सुव्यवस्थीकरण के लिए केंद्र तथा राज्यों में विद्युत विनियामक आयोगों के लिए उपबंध किया गया। इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन केंद्रीय सरकार ने जुलाई 1998 में केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (के.वि.वि.आ.) का गठन किया। चूंकि, अब विद्युत विनियामक आयोग अधिनियम, 1998 को विद्युत अधिनियम, 2003 द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया गया है, विद्युत विनियामक आयोग अधिनियम, 1998 के उपबंधों के अधीन सृजित सीईआरसी को विद्युत अधिनियम, 2003 के अधीन केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग के रूप में मान्यता दी गई है।

आयोग अर्ध–न्यायिक हैसियत में कार्य करता है। इसे सिविल न्यायालय की शक्तियां प्राप्त है।। इसमें एक अध्यक्ष, तीन पूर्णकालिक सदस्य और केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (के.वि.प्रा.) के अध्यक्ष, पदेन सदस्य के रूप में शामिल है। स्वतंत्र विनियमन से संबंधित मुद्दों पर विचार करते समय, एक बहुविषयक दृष्टिकोण की आवश्यकता को स्वीकार करते हुए, अधिनियम यह विहित करता है कि अध्यक्ष और सदस्य ऐसे व्यक्ति होंगे, जिन्हें इंजीनियरी, विधि, अर्थशास्त्र, वाणिज्य, वित्त अथवा प्रबंधन में पर्याप्त ज्ञान और अनुभव प्राप्त हो। यह आयोग में निरूपित की जाने वाली विभिन्न विधाओं के एक व्यापक स्वरूप को भी निर्धारित करता है। अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति अधिनियम में यथा विहित केंद्रीय सरकार द्वारा गठित चयन समिति की सिफारिश पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। अधिनियम एक सचिव की नियुक्ति के लिए भी उपबंध करता है, जो अध्यक्ष के नियंत्रणाधीन कार्य करता है और जिसकी शक्तियां और कर्तव्य आयोग द्वारा परिभाषित किए जाते हैं।

विद्युत अधिनियम, 2003 ने केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग के उत्तरदायित्व में एक महत्वपूर्ण अभिवृद्धि की है। विद्युत विनियामक आयोग अधिनियम, 1998 के अधीन केवल टैरिफ नियतन की शक्तियां ही केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग में निहित थी। 2003 की नई विधि के अधीन केंद्रीय विद्युत विद्युत विनियामक आयोग को टैरिफ नियतन की शक्तियों के अतिरिक्त विभिन्न अन्य उत्तरदायित्व सौंपे गए हैं, अर्थात्, अनुज्ञप्ति प्रदान करने और परिणामस्वरूप लाइसेंस में संशोधन करने, उसे निलंबित करने और निरस्त करने की शक्तियां, अनुज्ञप्तिधारियों के लिए निष्पादन मानक बनाकर और उनका पालन सुनिश्चित करते हुए विनियमित करने की शक्तियां, आदि।

अधिदेश

जैसा विद्युत अधिनियम, 2003 द्वारा दायित्व सौपा गया है, आयोग निम्नलिखित कृत्यों का निर्वहन करने के लिए उत्तरदायी है :–

(क) केंद्रीय सरकार के स्वामित्व अथवा उसके द्वारा नियंत्रित उत्पादन कंपनियों के टैरिफ का विनियमन करना;

(ख) खंड (क) में विनिर्दिष्ट केंद्रीय सरकार के स्वामित्व वाली या उसके द्वारा नियंत्रित उत्पादन कंपनियों से भिन्न उत्पादन कंपनियों के टैरिफ का विनियमन करना यदि ऐसी उत्पादन कंपनियां एक राज्य से अधिक राज्यों में विद्युत के उत्पादन और विक्रय के लिए संयुक्त स्कीम में शामिल होती है या अन्यथा उनकी ऐसी कोई संयुक्त स्कीम है;

(ग) विद्युत के अंतर–राज्यिक पारेषण को विनियमित करना;

(घ) विद्युत के अंतर–राज्यिक पारेषण के लिए टैरिफ अवधारित करना;

(ङ) किन्हीं व्यक्तियों को पारेषण अनुज्ञप्तिधारी और उनकी अंतर–राज्यिक संक्रियाओं की बाबत विद्युत व्यापारी के रूप में कृत्य करने के लिए अनुज्ञप्ति जारी करना;

(च) उपर्युक्त खंड (क) से खंड (घ) तक से संसक्त विषयों के संबंध में उत्पादन कंपनियों या पारेषण अनुज्ञप्तिधारी को अंतर्वलित करने वाले विवादों का न्यायनिर्णयन करना तथा मध्यस्थता के लिए किसी विवाद को निर्दिष्ट करना;

(छ) अधिनियम के प्रयोजनों के लिए फीस उदगृहीत करना;

(ज) ग्रिड मानकों को ध्यान में रखते हुए, ग्रिड कोड विनिर्दिष्ट करना;

(झ) अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा सेवा की गुणवत्ता, निरंतरता और विश्वसनीयता की बाबत मानकों को विनिर्दिष्ट और प्रवृत्त करना;

(ञ) विद्युत के अंतर–राज्यिक व्यापार में, यदि आवश्यक समझा जाए, व्यापार अंतर को नियत करना;

(ट) ऐसे अन्य कृत्यों का निर्वहन करना जो अधिनियम के अधीन समनुदेशित किए जाएं।

(ठ) केंद्रीय सरकार को निम्नलिखित पर सलाह देना

(i) राष्ट्रीय विद्युत नीति और टैरिफ नीति बनाना;

(ii) विद्युत उद्योग के क्रियाकलाप में प्रतिस्पर्धा, दक्षता और मितव्ययिता का संवर्धन करना;

(iii) विद्युत उद्योग में विनिधान का संवर्धन; और

(iv) केंद्रीय सरकार द्वारा केंद्रीय आयोग को निर्दिष्ट कोई अन्य विषय।

2 मिशन विवरण

आयोग की थोक विद्युत बाजारों में प्रतिस्पर्धा, कार्यकुशलता और मितव्ययता को बढावा देने, सप्लाई की गुणवत्ता में सुधार करने, मांग आपूर्ति के अंतर, जिससे ग्राहकों के हितों का सम्पोषण हो, को पाटने के लिए संस्थागत बाधाओं को दूर करने के संबंध में सरकार को सलाह दने की योजना है। इन उद्देश्यों के अनुसरण में, आयोग का उद्देश्य :–

- भारतीय विद्युत ग्रिड संहिता (आईईजीसी), उपलब्धता आधारित टैरिफ (एबीटी) के माध्यम से क्षेत्रीय पारेषण प्रणालियों के प्रचालन और प्रबंधन में सुधार करना,
- एक कारगर टैरिफ निर्धारण तंत्र को तैयार करना जिससे थोक विद्युत और पारेषण सेवाओं की कीमत के संबंध में मितव्ययिता और कार्यकुशलता और न्यूनतम लागत पर निवेश सुनिश्चित होगा,
- अंतर–राज्यिक पारेषण में निर्बाध पहुंच को सुकर बनाना
- अंतर–राज्यिक व्यापार को सुकर बनाना
- सभी पणधारियों के लिए जानकारी देने में सुधार लाना,
- थोक ऊर्जा तथा पारेषण सेवाओं में प्रतिस्पर्धात्मक बाजार के विकास के लिए अपेक्षित तकनीकी तथा संस्थानिक परिवर्तनों को सुकर बनाना,
- प्रतिस्पर्धात्मक बाजारों के सृजन के प्रथम उपाय के रूप में, पर्यावरणीय, सुरक्षा तथा विद्यमान विधायी अपेक्षाओं की सीमा के भीतर पूंजी तथा प्रबंधन के लिए प्रवेश तथा निकासी की बाधाओं के संबंध में सलाह देना।

मार्गदर्शक सिद्धांत

मिशन विवरण और इसके उद्देश्यों को अग्रसर करने के लिए आयोग का मार्गदर्शन निम्नलिखित सिद्धांतों द्वारा किया जाता है:

- सभी पणधारियों (स्टेक होल्डरों) के प्रति पारदर्शी और निष्पक्ष रहते हुए उपभोक्ता और आपूर्तिकर्ताओं के हितों सहित समाज के हित का संरक्षण,
- पक्षकारों को सुने जाने के पर्याप्त और समान अवसर दिए जाने के पश्चात् याचिकाओं के माध्यम से इसके समक्ष लाए गए विवाद समाधान में निष्पक्ष रहना।
- एक ओर विचारों में संगत रहते हुए, विनियामक निश्चितता बनाए रखना और दूसरी ओर उभरते हुए विद्युत क्षेत्र में खुले मन से परिवर्तनों को अंगीकार करना,
- यह सुनिश्चित करने के लिए अपने विनियम बनाने में पणधारी परामर्श और भागीदारी प्रक्रिया अपनाना जिससे कि विनियम यथासंभव पणधारियों की आशाओं के अनुरूप हों,
- विनियामक और बाजार आधारित तंत्र का प्रयोग करते हुए विद्युत क्षेत्र में स्रोतों का अनुकूल आबंटन सुनिश्चित करना,
- विद्युत उत्पादन में नवीकरणीय स्रोतों के संवर्धन द्वारा कायम रखने योग्य विकास को प्रोत्साहित करना।

3

वर्ष 2012–13 के दौरान आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों का संक्षिप्त विवरण

डॉ. प्रमोद देव

अध्यक्ष

(9 जून, 2008 से कार्यभार ग्रहण किए हुए हैं)

डॉ. प्रमोद देव ने 9 जून, 2008 को केंद्रीय विनियामक आयोग के सदस्य के रूप में पद भार ग्रहण किया। डॉ. प्रमोद देव भारत में सबसे अधिक लम्बे समय से विद्युत विनियामक से जुड़े हुए हैं। डॉ देव 29 अप्रैल, 2002 को एमईआरसी के सदस्य के रूप में पदभार ग्रहण किया। डॉ. देव को 11 फरवरी, 2005 को अध्यक्ष के रूप में पदोन्नत किया गया।

डॉ. देव को ऊर्जा नीति विशेषज्ञ के साथ–साथ क्षेत्र में 30 वर्षों का अनुभव है। एमईआरसी में पदभार ग्रहण करने से पूर्व, डॉ. देव को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आई.ए.एस.) का 30 वर्षों का अनुभव है जिसमें 20 वर्ष का अनुभव ऊर्जा क्षेत्र में नीति तथा परियोजना प्रबंधन के दोनों स्तरों में है। इन्होंने भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय, महाराष्ट्र सरकार के ऊर्जा विभाग में कार्य किया है। इन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विद्युत संबंधी यूएनईपी रिसोर्स केंद्र, जलवायु तथा धारणीय विभाग (यूआरसी), डेनमार्क तथा एशियाई प्रौद्योगिकी संस्थान (एआईटी) बैंकाक में कार्य किया है।

केन्द्रीय विद्युत विनियामक के अध्यक्ष के रूप में, इन्होंने लागत आधारित विनियम से प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण तैयार करके निजी क्षेत्र द्वारा निवेश को सुकर बनाने के लिए आयोग के आंरभिक कार्यों को आगे बढ़ाने में एक प्रेरक के रूप में कार्य किया है। आयोग का अब मुख्य कार्य पर्याप्त ग्रिड संवर्धन से ऊर्जा बाजार का विकास, ग्रिड के लिए अविभेदकारी निर्बाध पहुंच को सुकार बनाना, तथा कठिन, ग्रिड अनुशासन को लागू करना है।

इससे पूर्व, इन्होंने उपयोगिता टैरिफ संबंधी एमईआरसी के आदेश, ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों से ऊर्जा तथा "पूना माडल" में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया जो कि पहचाने गए क्षेत्रों में विद्युत की कमी को पूरा करने के लिए उपभोक्ताओं की संदाय करने की इच्छा को अभिनिश्चित करने के पश्चात्, व्यर्थ कैप्टिव क्षमता पर आधारित व्यस्ततम उत्पादन के उपयोग पर आधारित है।

इन्होंने पांच वर्ष (1993–98) तक डेनमार्क में अवस्थित ऊर्जा, जलवायु तथा धारणीय विकास (यूआरसी) संबंधी यूएनईपी रिसोई केंद्र में वरिष्ट ऊर्जा अर्थशास्त्री के रूप में कार्य किया है। इसका उद्देश्य यूएनईपी से समर्पित केंद्र में विकासशील देशों में ऊर्जा योजना तथा नीति में पर्यावरणीय पहलुओं को सम्मिलित करना था।

डॉ. देव क्रमशः नवीकरणीय ऊर्जा तथा ऊर्जा दक्षता का संवर्धन करने के लिए स्थापित राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर के ऊर्जा संस्थानों, अर्थात् महाराष्ट्र ऊर्जा विकास एजेंसी (1986–88) तथा ऊर्जा प्रबंधन केंद्र (1989–1993) के संप्रवर्तक निदेशक थे। अंततः नई विधि के कार्यान्वयन के लिए एक कानूनी निकाय ब्यूरों ऑफ एनर्जी एफिसियेंसी (बीईई) को ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 के अधीन, उन्नत किया गया है।

भौतिक शास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त डॉ. देव ने अवसंरचना अर्थशास्त्र में डाक्टरेट की है तथा इन्होंने ऊर्जा नीति तथा अर्थशास्त्र में पोस्टडाक्टरेट अनुसंधान किया है। ये ऊर्जा योजना, ऊर्जा प्रबंधन तथा विनियामक पद्धति संबंधी तीन पुस्तकों के सह–लेखक भी हैं।

डॉ. देव ने पवन ऊर्जा के प्रचार में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए विश्व पवन ऊर्जा संगम से विश्व पवन ऊर्जा पुरस्कार, 2005 से सम्मानित किया गया है।

श्री एस. जयरमण
सदस्य
(11 सितम्बर 2008 से से कार्यभार ग्रहण किए हुए हैं)

श्री जयरमण मद्रास विश्वविद्यालय से विज्ञान में स्नातक है तथा ये भारतीय लागत तथा लेखा संकर्म संस्थान के अध्येता सदस्य हैं। 10 मई, 1948 को जन्में श्री जयरमण के पास सरकार तथा सरकारी क्षेत्र की कंपनियों में 35 वर्ष से अधिक का अनुभव है तथा इन्होंने वित्त और प्रबंधन, दोनों में, अनेक प्रकार के कार्य किए हैं जिनमें से 20 वर्ष तक इन्होंने बोर्ड स्तर की जिम्मेदारियों निभाई हैं।

इन्होंने नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नालकों) में अपना वरिष्ठ स्तर का पद धारण किया जहां इन्होंने विभिन्न हैसियतों में अनेक सफलतापूर्वक कार्य किए है जिससे 40 वर्ष की युवावस्था में 1988 खनिज अन्वेषण विकास निगम लिमिटेड (एमईसीएल)(सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी) के निदेशक (वित्त) के लिए इनका मार्ग प्रशस्त हो गया। उसके पश्चात् इन्होंने वर्ष 1993 में निदेशक (वित्त) के रूप में सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनएमडीसी में पदभार ग्रहण किया। इन्होंने 1998 में नेवेली लिग्नाइट कारपोरेशन लिमिटेड में निदेशक (वित्त) के रूप में पदभार ग्रहण किया तथा तत्पश्चात् इन्हें 1.7.2002 से 31.5.2008 तक नेवेली लिग्नाइट कारपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया।

उच्च प्रबंधन दल के भाग के रूप में, श्री जयरमण वस्तुगत तथा वित्तीय लक्ष्यों की पूर्ति के उद्देश्य से समुचित लक्ष्य तय करने व योजना बनाने, परियोजनाओं के लिए हर प्रकार के मार्गदर्शन तथा सहायता में सहबद्ध रहे। इन्होंने दीर्घ–कालिक कारपोरेट योजना, विस्तृत विनिधान योजना, वार्षिक योजना आदि को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

इनके पास औद्योगिक, वाणिज्यिक तथा निगमित स्तरों का उत्तम ज्ञान हैं। इनके पास वृहत् खनन तथा बिजली परियोजनओं को तैयार करने तथा ऐसी परियाजनाओं को सफलतापूर्वक कार्यान्वित करने में काफी अनुभव रहा है। इनके पास वृहत संगठनों को प्रशासित करने का काफी लम्बा अनुभव है।

इन्होंने यूनाइटेड किंगडम में विख्यात संस्थान, मैनेजमेंट कालेज, हिंले ऑन थॉमस, हिनले द्वारा संचालित कार्यनीतिक प्रबंधन कार्यक्रम में भाग लिया। इन्होंने वित्तीय प्रबंधन, प्रबंधन लेखाकन, विदेशी विनिमय, डब्ल्यूटीओ आदि जैसे विषयों पर अपने कैरियर के प्रारंभ में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी भाग लिया है।

इन्होंने अनेक देशों का भ्रमण किया जिनमें यूनाइटेड किंगडम, यूएसए, फ्रांस, मारीशस, सिंगापुर, मलेशिया, जापान, हांककांग, जर्मनी सम्मिलित हैं।

श्री वी. एस. वर्मा
सदस्य
(23 फरवरी, 2009 से पदासीन)

श्री वी.एस.वर्मा देश में थर्मल ऊर्जा तथा उत्पादन क्षमता के लिए योजना के क्षेत्र में एक सुविदित विशेषज्ञ हैं। श्री वर्मा ने वर्ष 1971 में आईआईटी रूड़की (तत्कालीन रूड़की विश्वविद्यालय) से यांत्रिक इंजीनियरिंग में स्नातक की शिक्षा पूरी की तथा इन्होंने वर्ष 1975 में रूड़की से यांत्रिक इंजीनियरिंग से एप्लाइड थर्मोसाइंस से मास्टर डिग्री प्राप्त की। इन्होंने आगरा विश्वविद्यालय से बीएससी भी की तथा जो अब एफआईई के नाम से ज्ञात है। श्री वर्मा ने 23 फरवरी, 2009 के पूर्वाह्न को केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग के सदस्य के रूप में पदभार ग्रहण किया। सीईआरसी में सदस्य का पदभार ग्रहण करने से पहले श्री वर्मा, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण में सदस्य (योजना) तथा भारत सरकार के पदेन अपर–सचिव के पद पर थे। श्री वर्मा थोड़े समय के लिए सीईए में सदस्य (हाइड्रो) के पद पर भी कार्य किया। गत हाल में, ये तीन वर्ष के लिए ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी के महानिदेशक भी रहे।

श्री वर्मा 1971 बैच के केंद्रीय पावर इंजीनियरिंग सेवा के संबंधित है। सीईए में विभिन्न विरचनाओं में विद्युत क्षेत्र में 36 वर्ष की लम्बी सेवा में, श्री वर्मा ने योजना, थर्मल पावर प्लांट इंजीनियरिंग, बिजली परियोजना, निगरानी परियोजना निर्माण, पर्यवेक्षण, प्रचालन मॉनीटरिंग, मानव संसाधन विकास, ग्रिड प्रचालन विद्युत संयत्रों के नवीकरण और आधुनिकीकरण एवं अन्य नीतिगत क्षेत्रों में व्यापक तथा बहुमूल्य अनुभव अर्जित किया। बिजली की योजना, भार पूर्वानुमान, संरक्षण तथा दक्षता, राष्ट्रीय विद्युत योजना, सीडीएम, बेसलाइन डाटा आदि सदस्य (योजना), सीडीए के रूप में उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां थी। श्री वर्मा ने विद्युत क्षेत्र में ईंधन प्रबंधन, अनुसंधान एवं विकास तथा आईटी के क्षेत्र की देखरेख की। श्री वर्मा ने देश की विभिन्न क्षेत्रों में ऊर्जा संरक्षण, मानक तथा लेवलिंग तथा ऊर्जा दक्षता का संवर्धन करने के लिए महत्वपूर्ण पहल की।

श्री वर्मा ने सरकार द्वारा गठिन विभिन्न समितियों की अध्यक्षता की जिसमें नेशनल मिशन ऑफ एनहान्सड एनर्जी एफिसिएंसी के अधनी जलवायु परिवर्तन के लिए राष्ट्रीय कार्रवाई योजना संबंधी कार्यकारी समूह, उत्तर–पूर्वी क्षेत्र में विद्युत क्षेत्र के विकास के लिए कार्रवाई योजना की विरचना के लिए कार्यदल, लद्दाख, जम्मू–कश्मीर के पुगा जियो थर्मल क्षेत्रों में जियो–थर्मल आधारित संभावित ऊर्जा उत्पादन का अध्ययन करने के लिए नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएन–आरई) द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ समिति, ग्यारहवीं योजना के लिए बिजली क्षेत्र के अनुसंधान तथा विकास का कार्यकारी समूह, 17वें विद्युत सर्वेक्षण समिति तथा अन्य, योजना आयोग द्वारा गठित ग्यारहवीं योजना के लिए विद्युत संबंधी कार्यकारी समूह के सदस्य–सचिव, माननीय प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 50,000 मेगावाट हाइड्रो बिजली में एक अग्रिम भूमिका अदा की। इन्होंने भारतीय विद्युत क्षेत्र में सीओ2 बेसलाइन डाटा के प्रकाशन तथा प्रचालन की दक्षता को अनुकूल बनाने के लिए देश में थर्मल विद्युत केंद्रों की मैपिंग की भी अगुवाई की।

श्री वर्मा योजना आयोग द्वारा गठित विद्युत क्षेत्र में अनुसंधान तथा विकास संबंधी स्थायी समिति के सदस्य रहे हैं तथा इनके नेतृत्व में व्यापाक अनुसंधान तथा विकास परिप्रेक्ष्य योजना तैयार की गई। श्री वर्मा ने विभिन्न शासकीय कार्यों के लिए यूके, यूएसए, यूएसएसआर और वियतनाम, कीनिया, गुयाना, नाइजीरिया, पोलैंड, ब्रूसेल्स तथा जर्मनी का दौरा किया है। इन्होंने बिजली संबंधी विभिन्न राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय संमिनारों तथा कर्यशालाओं में विद्युत क्षेत्र से

संबंधित 50 से अधिक तकनीकी पेपरों को प्रकाशित किया तथा उन्हें प्रस्तुत किया। श्री वर्मा उत्पादन तथा पारेषण क्षमताओं के अनुकूलतम उपयोग, ऊर्जा का अंतर–राज्यिक तथा अंतर–प्रादेशिक विनिमय, उत्पादन अनुसूचीकरण तथा लेखांकन आदि से संबंधित पूर्वी क्षेत्रीय बोर्ड में बिजली प्रणाली मॉनीटरिंग तथा ग्रिड प्रचालन के लिए उत्तरदायी रहे। श्री वर्मा ने दो वर्ष तक पावर सिस्टम ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट तथा हाट लान ट्रेनिंग सेंटर पर मानव संसाधन प्रबंधन विकास तथा प्रणाली प्रबंधन का संचालन किया। श्री वर्मा को केंद्रीय सिंचाई तथा विद्युत बोर्ड तथा भोपाल प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा आजीवनकाल उपलब्धि पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

श्री वर्मा केंद्रीय विद्युत अंनुसंधान संस्थान, राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, पवन ऊर्जा प्रौद्योगिकी केंद्र, दामोदर घाटी निगम आदि जैसे विभिन्न संस्थानों के शासी परिषद/निदेशक बोर्ड में भी रहे हैं।

श्री एम. दीन दयालन
सदस्य
(4 मार्च, 2010 से पदासीन हैं)

श्री एम. दीन दयालन (जन्म तिथि 22 फरवरी, 1950) के पास भारत सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्य करने का 37 वर्षों से अधिक का अनुभव है।

श्री दयालन ने अपने जीवन की शुरूआत क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कालेज, त्रिचिरापल्ली, तमिलनाडु (1972) में रसायन विज्ञान के व्याख्याता के रूप में की और फिर इंडियन बैंक, जो एक राष्ट्रीयकृत बैंक है, में पदभार ग्रहण किया जहां इन्होंने विभिन्न पदों पर लगभग 6 वर्ष तक सेवा की। इसके बाद उन्होंने भारत सरकार में प्रवेश किया और 1978 में भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा सेवा में शामिल हो गए। श्री दयालन ने राज्यों और उनके सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की लेखापरीक्षा एवं लेखा देखरेख के मध्यम व वरिष्ठ प्रबंधन स्तरों पर विभिन्न पदों पर कार्य किया।

विशेष रूप से श्री दयालन ने हरियाणा और केरल में महालेखाकार के पद पर सेवा की है। इन्होंने दूरसंचार विभाग में महाप्रबंधक (वित्त) के पद पर कार्य किया है और इसे बीएसएनएल के रूप में निगम बनाए जाने के दौरान कार्य किया है। इन्होंने भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के कार्यालय में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण, प्रशासन तथा राज्य राजस्व विभाग की लेखापरीक्षा रिपोर्टों के प्रभारी निर्देशक के पद पर सेवा की है।

गत 6 वर्षों से श्री दयालन वित्त मंत्रालय में संयुक्त सचिव एवं वित्त सलाहकार रहें हैं, जिसमें सभी विभाग, अर्थात् राजस्व, व्यय, आर्थिक कार्य, वित्तीय सेवा एवं विनिवेश विभाग तथा प्रधानमंत्री कार्यालय तथा मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति कार्यालय, उपराष्ट्रपति कार्यालय संसदीय कार्य मंत्रालय, लोक सभा, राज्य सभा तथा उच्चतम न्यायलय सहित विधि विभाग शामिल हैं। वे 1994 से भारत सरकार के संयुक्त सचिव के समतुल्य पद और 2006 से अपर सचिव के पद पर आसीन रहे हैं।

श्री दयालन ने सिंडीकेट बैंक में सरकार के नामिती निदेशक, पेंशन निधि विनियामक विकास प्राधिकरण के बोर्ड के अंशकालिक सदस्य तथा भारतीय सुरक्षा मुद्रण एवं टकसाल निगम में सरकार के नामिती निदेशक के रूप में कार्य किया है। श्री दयालन गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के अपील प्राधिकरण के सदस्य के रूप में कार्य करते रहे हैं।

श्री दयालन रसायन विज्ञान में स्नातकोत्तर तथा लीड्स विश्वविद्यालय, यूके से कारपोरेट वित्त में एमबीए की उपाधि से सम्मानित हैं।

श्री दयालन को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय, न्यूयार्क में संयुक्त रांष्ट्र संघ तथा हनोई वियतनाम स्थित संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायोग की लेखापरीक्षा में विविध एवं व्यापक अनुभव है।

श्री दयालन सरकारी सेवा से 26 फरवरी, 2010 को सेवानिवृत्त हुए।

4

पूर्व वर्ष : एक अवलोकन

4 पूर्व वर्ष : एक अवलोकन

केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग ने विद्युत अधिनियम 2003 द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए विद्युत क्षेत्र में सुधार को आगे बढ़ाने के लिए वर्ष के दौरान अनेक महत्वपूर्ण पहल की है।

ग्रिड अनुशासन लाने के उद्देश्य से आयोग ने वर्ष वित्तीय वर्ष 2011–12 में फ्रिक्वेंसी के सननियमों को कड़ा किया तथा प्रचालन की अनुज्ञेय फ्रिक्वेंसी बैंड को 50.2 एचजेड 49.5 एचजेड से 50.2 एचजेड 49.7 एचजेड किया। नई अनुज्ञेय फ्रिक्वेंसी सननियम 17.9.1912 से प्रभावी हुआ। जुलाई, 2012 में दो ग्रिड असफलता से आयोग के लिए नई चुनोतियां सामने आई। इस मामले में आयोग ने अधिनियम और ग्रिड कोड के प्रावधानों तथा आयोग के दिशा निर्देशों के गैर अनुपालन के लिए दंड लगाने के लिए उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, जम्मू एवं कश्मीर राज्यों के एसटीयू/एसएलडीसी के प्रभावी अधिकारियों के विरुद्ध अधिनियम की धारा 142 के अंतर्गत कार्रवाई आरंभ की। आयोग ने ग्रिड गैर अनुशासन के मामलों में बढ़ी संख्या में ईकाईयों पर दिशानिर्देशों के गैर अनुपालन के लिए दंड भी लगाए।

नियंत्रण अवधि 2009–14 के लिए टैरिफ नियमों में आयोग ने उच्च सहायता प्रदान करने के लिए हाइड्रो पावर संयत्रों के प्रोत्साहन के लिए विनियामक फ्रेमवर्क निर्धारित किया। इस पहल को आगे ले जाते हुए आयोग ने हाइड्रों जनेटिंग केन्द्रों पर आधारित पंप स्टोरेज को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से टैरिफ विनियमों को संशोधित किया चूंकि वे बहुमूल्य उच्च सहायता प्रदान करत` है। 1 प्रतिशत की दर पर इक्विटी पर अतिरिक्त रिटर्न इस प्रकार के संयत्रों के लिए उपलब्ध करवाई गई। संशोधित विनियमों में पंप स्टोरेज हाइड्रो जनरेटिंग केंद्रों के लिए टैरिफ के निर्धारिण की व्यवस्था भी की गई। पारदर्शिता लाने के लिए थर्मल उत्पादन कंपनी को विनियमों में यह अधिदेश दिया गया कि वह हिताधिकारियों से सकल क्लॉरिफिक मूल्य के मानदंडों के ब्यौरे एवं विभिन्न स्रोत्रों से ईधन की कीमत के ब्यौरों को शेयर करें, घरेलु कोयला इत्यादि अयातित कोयले के अनुपात के बारे में भी शेयर करें। टैरिफ विनियमों को इसलिए भी संशोधित किया गया ताकि उत्पादनकारी कंपनियों तथा पारेषण अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा अदा विभिन्न फीस तथा प्रभारों के प्रतिपूर्ति की अनुमति दी जा सके।

आयोग ने अंतरराज्यिक पारेषण अनुज्ञप्तियों के लिए कार्यनिष्पादन के मानदंडों को भी विनिर्दिष्ट किया ताकि ग्रिड में विद्युत के कुशल, विश्वसनीय और किफायती पारेषण को सुनिश्चित किया जा सके। एसओपी विनियमों में पारेषण प्रणाली के विभिन्न सघंटकों के लिए घटकवार उपलब्धता मानदंडो को विनिर्दिष्ट किया गया है और मानदंडों में यथाविनिर्दिष्ट अधिक समय लेने वाले मानदंडो से कम के घटक की उपलब्धता की स्थिति में प्रभावित व्यक्तियों के लिए क्षतिपूर्ति को भी विनिर्दिष्ट किया गया है।

व्यापार अनुज्ञप्ति विनियमों में संशोधनों के माध्यम से आयोग ने विद्युत की अंतरराज्यिक व्यापार के रूप में किसी अन्य देश को निर्यात की गई विद्युत तथा भारत के अंदर पुनर्बिक्री के लिए किसी अन्य देश से आयातित विद्युत को मान्यता देने के लिए 'अंतरराज्यिक व्यापार' की परिभाषा को विस्तार प्रदान किया। इसे कंपनी के मैमोरेंडम ऑफ एसोशियसन में एक उद्देश्य के रूप में 'विद्युत में व्यापार' रखने वाले व्यापार अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन करने वाली कंपनी के लिए अधिदेश दिया गया है। 'उल्लंघन एवं दंड' के लिए प्रावधानों की शुरुआत की गई है ताकि व्यापार अनुज्ञप्तिधारी द्वारा उल्लंघनों के विभिन्न उदाहरणों का पता लगाया जा सके।

संसाधनों के अधिकतम उपयोग के लिए एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के विकास को ध्यान में रखते हुए आयोग ने अधिशेष भूमि रखने वाले अंतरराज्यिक ग्रिड से संबद्ध मौजूदा उत्पादनकारी केंद्रों को अनुमति के लिए कनैक्टीविटी विनियमों को संशोधित किया ताकि मौजूदा बुनियादी ढांचे और अंतरसंबंधन और पारेषण सुविधाओं के साथ नवीकरणीय ऊर्जा आधारित उत्पादनकारी केंद्रो को सहस्थित करते हुए उन्ही परिसरों में ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोत्रो पर आधारित 5 मैंगावाट के 50 मैगावाट के बीच क्षमता को स्थापित किया जा सके। मौजूदा उत्पादनकारी केंद्रो को नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादनकारी केंद्र के मूल उत्पादक के रूप में कार्य करना अपेक्षित होगा और उसे आयोग के ग्रिड कोड और अन्य विनियमों का पालन करते हुए नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादनकारी केंद्र के लिए सभी परिचालनगत और

वाणिज्यिक उत्तरदायित्वों के लिए और उनके बीच करार को औपचारिक करना अपेक्षित होगा।

नवीकरणीय विनियामक निधि (आरआरएफ) मैकेनिज्म के सुचारू रूप से कार्यान्वयन के लिए आयोग ने एमएनआरई को निदेश दिया की वे अनुसूचीकरण पवन ऊर्जा के संबंध में स्टेकहोल्डरों द्वारा उठाए गए मुद्दों का समाधान करें। कार्यदल की रिपोर्ट के आधार केविविआ ने 1.7.2013 से आरआरएफ मैकेनिज्म के कार्यान्वयन के लिए 16.1.2013 को आदेश जारी किए। आयोग ने केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोगों के निर्देशों के अनुसार 'नवीकरणीय विनियामक निधि के मैकेनिज्म के कार्यान्वयन के लिए प्रक्रिया' के अनुरूप तथा तेजी से आयोग के अनुमोदन के लिए संशोधित क्रियाविधियों को प्रस्तुत करने के लिए एनएलडीसी को निर्देश दिया। जैसाकि आरईटैरिफ विनियम 2012 में अधिदेश दिया गया है आयोग ने 28.2.2013 के आदेश के माध्यम से नियंत्रण अवधि के पहले वर्ष (अर्थात् वित्तीय वर्ष 2013–14) के लिए आरई परियोजनाओं के लिए जनेरिक परियोजनओं को निर्धारित किया।

आयोग विनियामक फोरम (एफओआर), भारतीय विनियामक फोरम (एफओआईआर) तथा साफिर को सचिवीय सेवाएं प्रदान करता है। विनियामक फोरम केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग के अध्यक्ष की अध्यक्षता के अंतर्गत विद्युत अधिनियम, 2003 के अंतर्गत समाविष्ट निकाय है। राज्य विद्युत विनियामक आयोगों के अध्यक्ष विनियामक फोरम के सदस्य हैं। फोरम ने वर्ष के दौरान 7 बैठके आयोजित की और कई विवेचनीय मुद्दों पर सर्वसम्मति प्राप्त की। फोरम की पहल नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में रही जहां फोरम ने नवीकरणीय क्षमता के लिए पारेषण योजना पर अध्यन आयोजित किए और नवीकरणीय क्रय बाध्यता लक्ष्यों के लिए राज्यों हेतु प्रोत्साहन ढ़ांचा विकसित किया।

वर्ष के दौरान आयोग ने भारत सरकार को केस–2/अल्ट्रा मैगा पावर परियोजनाओं के लिए मॉडल विद्युत क्रय करार (पीपीए) पर आयोग के अभिमतों पर विचार के लिए सांविधिक परामर्श प्रदान किया जिसे विद्युत की प्रतिस्पर्द्धात्मक प्राप्ति के लिए मॉडल मानक बोली दस्तावेजों को अंतिम रूप देते हुए विद्युत मंत्रालय द्वारा परिचालित किया गया।

भारतीय विनियामक फोरम (एफओआईआर) एक सोसायटी है जिसे विद्युत, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस इत्यादि जैसे विभिन्न क्षेत्रों के विनियामकों से प्रतिनिधित्व सहित वर्ष, 1999 में निर्मित किया गया था। यह विनियामक क्रियाविधि और पद्धतियों में बढ़ते मुद्दों पर विचार विमर्श के लिए प्लेटफार्म उपलब्ध करवाता है ताकि भारत में विनियामकों के समक्ष चुनोतियों का पूरा करने के लिए सामान्य रणनीतियां विकसित की जा सके और सूचना तथा अनुभवों को शेयर किया जा सके। भारतीय विनियामक फोरम के सदस्यों में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड(पीएनजीआरबी), हवाई अड्डा आर्थिक विनियामक अधिकरण(एईआरए) भारतीय प्रतिस्पर्द्धात्मक आयोग (सीसीआई) एवं बड़े पोर्टो के टैरिफ अधिकरण (टीएएमपी), विनियमन एवं प्रतिस्पर्द्धा कट्स संस्थान एवं एनर्जी तथा संसाधन संस्थान (टीईआरआई)के सदस्य शामिल हैं एवं केविविआ द्वारा भारतीय विनियामक आयोग को सचिवीय सेवाएं दी जाती हैं। भारतीय विनियामक फोरम ने मानव शक्ति अपेक्षा पर कई महत्वपूर्ण अध्ययन आयोजित किए जिसमें विनियामक स्टाफ के लिए क्षतिपूर्ति पेकैज भी शामिल है और विनियामक अनुसंधान संस्थान की स्थापना के लिए फ्रेमवर्क का भी सुझाव दिया।

साफिर दक्षिण एशियन देशों का आधारभूत संरचना विनियामको का एक फोरम है जो 1999 से अस्तित्व में रहा है। साफिर के सचिवालय के रूप में केविविआ ने मुबंई ने सितंबर 2012 में आधारभूत संरचना सम्मेलन आयोजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया है। इन्फ्रास्ट्रक्चर विनियम एवं सुधारों पर कोर पाठ्यक्रम श्रीलंका में आयोजित किया गया था।

5

उपभोक्ताओं के लाभ तथा क्षेत्र के विकास के लिए विनियामक प्रक्रियाओं का निष्कर्ष

5 उपभोक्ताओं के लाभ तथा क्षेत्र के विकास के लिए विनियामक प्रक्रियाओं का निष्कर्ष

5.1 उपभोक्ताओं के लाभ

केविविआ के मार्गदर्शक सिद्धान्तों में से एक नागरिक समाज के हितों की रक्षा करना है जिनमें वे उपभोक्ता तथा प्रदायकर्त्ता शामिल है जो सभी स्टेक होल्डरों के प्रति उचित और पारदर्शी और तटस्थ रवैया अपनाते हैं उपभोक्ताओं के हितों के सुरक्षा उपायों के लिए केविविआ द्वारा शुरू की गई पहल निम्नानुसार है÷

(क) हरित सुरक्षा के लिए हरित ऊर्जा

- हरित ऊर्जा उत्पादन का संवर्द्धन। जलवायु परिवर्तन के प्रति ऊर्जा सुरक्षा तथा सुरक्षा उपाय को सुनिश्चित करने के लिए अंतिम उद्देश्य के साथ किया गया है।
- संसाधनों के अधिकतम उपयोग के लिए मौजूदा थर्मल उत्पादनकारी केन्द्रों के परिसरों में नवीकरणीय ऊर्जा सोत्रों पर आधारित उत्पादन के स्थापना को सरल बनाने के लिए प्रावधान किए गए।

(ख) ऊर्जा की गुणवत्ता

- ग्रिड सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ग्रिड फ्रीक्वेसी बैंड का कडा करना और फ्रीक्वेंसी की परिचालनात्मक रैंज को संकीण करना।
- ग्रिड अनुशासन के लिए निवारक के रूप में अननुसूचित अंतपरिवर्तन प्रभारों को बढ़ाना। ग्रिड अनुशासन के लिए पारेषण प्रयोज्यता/भार प्रेषणकर्ताओं के प्रभारी व्यक्तियों को उत्तरदायित्व देना।
- सभी स्टेक होल्डरों द्वारा ग्रिड फ्रीक्वेंसी मानदंडो का पालन करने से उपभोक्ताओं को ऊर्जा की बेहतर क्वालिटी मिलेगी।
- अंतरराज्यिक पारेषण अनुज्ञप्तिधारियों के कार्यनिष्पादन के मानक।
- ग्रिड परिचालन में सुधार के लिए नवीकरणीय विनियामक निधि मैकेनिज्म और ग्रिड में नवीकरणीय ऊर्जा के समेकन को बढ़ाना।

(ग) अल्पकालीन कीमत गिरता हुआ रूझान

- अल्पकालिक बाजार में व्यापार की मात्रा में वृद्धि।
- अल्पकालिक बाजार में संव्यवहार की गई विद्युत की कीमतों में गिरता हुआ रूझान।

(घ) निर्बाध पहुंच

- अंतरराज्यिक पारेषण नेटवर्क के लिए गैर विभेदककारी पहुंच के अवरोध को कार्रवाई करके हटाकर निर्बाध पहुंच को सरल बनाना।
- 1000 से अधिक उपभोक्ताओं ने पावर एक्सचैंज मे निर्बाध पहुंच के माध्यम से विद्युत का क्रय करने के लिए रिपोर्ट की।

5.2. क्षेत्र का विकास

क्षेत्र के विकास के लिए आयोग द्वारा उठाए गए कदम निम्नानुसार है

(क) हरित ऊर्जा का संवर्द्धन

- मौजूदा बुनियादी ढांचा तथा संबद्ध अंतःकनैक्शन एवं पारेषण सुविधाओं वाली अधिशेष भूमि वाले अंतरराज्यिक ग्रिड से संबद्ध मौजूदा थर्मल उत्पादनकारी केन्द्रों के परिसरों में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर आधारित 5 मैगावाट से 50 मैगावाट के बीच क्षमता के स्थापन की अनुमति दी गई।

(ख) पीकिंग ऊर्जा का संवर्द्धन

- पंप स्टोरेज हाईड्रो उत्पादन के लिए टैरिफ निर्धारित हेतु मानदंड
- हाइड्रो उत्पादनकारी केन्द्रों पर आधारित पंप स्टोरेज के लिए 1 प्रतिशत की दर पर इक्विटी पर अतिरिक्त रिटर्न।

(ग) ग्रिड अनुशासन

- आयोग के लिए ग्रिड सुरक्षा चिंता का विषय है।
- फ्रीक्वैंसी बैंड का कडा करके ग्रिड परिचालन में अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास।

- अधिक निकासी को हत्तोसाहित करने के लिए उच्चतर यूआई प्रभार।
- यह संदेश देना की यूआई का प्रयोग विद्युत में व्यापार के लिए व्यापार करने के मार्ग के रूप में नहीं किया जाना चाहिए।
- ग्रिड अनुशासन के उल्लंघन कर्त्ताओं के विरूद्ध कार्रवाई।
- ग्रिड अनुशासन में सुधार के लिए आरआरएफ मैंकेनिज्म के कार्यान्वन को बढ़ावा देना।
- इन सभी पहलुओं का उद्देश्य ग्रिड के परिचालन को सुनिश्चित करने को सरल बनाना है जो कि सभी स्टेक होल्डरों, उत्पादकों, प्रदायकत्ताओं तथा उपभोक्ताओं के हित में है।

(घ) अल्पकालिक बाजार विकास

- भारत के अंदर पुनः बिक्री के लिए किसी अन्य देश से आयातित विद्युत का पता लगाने के लिए तथा विद्युत के अंतरराज्यिक व्यापार के रूप में किसी अन्य देश को निर्यात की गई विद्युत का पता लगाने के लिए 'अंतरराज्यिक व्यापार' की परिभाषा को संशोधित किया।
- अल्पकालिक बाजार में उत्पादकों, व्यापारियों तथा निर्बाध पहुंच उपभोक्ताओं की सहभागिता में वृद्धि करना।
- अवधि में संव्यवहारों की मात्रा में वृद्धि।
- अधिशेष विद्युत तथा कमी वाले राज्यों के बीच विद्युत का अधिकतम उपयोग।
- कीमतों में कमी की प्रवृति।

6

विनियामक प्रक्रियाएं तथा कार्यवाहियां

6 विनियामक प्रक्रियाएं तथा कार्यवाहियां

केंद्रीय आयोग, विद्युत अधिनियम, 2003 के उपबंधों के अधीन अपने निम्नलिखित कृत्यों का निर्वहन करता है:–

1. विनियमों को अधिसूचित करता है;
2. निम्नलिखित से संबंधित याचिकाओं पर आदेश जारी करता है:–
   - टैरिफ निर्धारित करने
   - अनुज्ञप्ति जारी करने
   - पुनर्विलोकन और विविध याचिकाएं

6.1. विनियमों के लिए प्रक्रिया

आयोग विनियम जारी करने से पूर्व विस्तृत और पारदर्शी प्रक्रिया का पालन करता है। प्रारंभ में, उन मुद्दों पर जिन पर विनियम बनाया जाना प्रस्तावित है, परामर्श पेपर तैयार किए जाते हैं। प्रायः परामर्श पेपर कर्मचारीवृंद स्तर पर तैयार किया जाता है और उसे स्टाफ पेपर के नाम से भी जाना जाता है। इसके बाद परामर्श पेपर/स्टाफ पेपर का पणधारियों (स्टेक होल्डरों) से टीका–टिप्पणी और सुझाव आमंत्रित करने के लिए इलैक्ट्रानिक और प्रिंट माध्यम से व्यापाक प्रचार किया जाता है। टीका–टिप्पणी की प्राप्ति पर, मुद्दों पर विस्तृत रूप से विचार–विमर्श करने के लिए सार्वजनिक सुनवाई की जाती है। प्राप्त टीका–टिप्पणियों और सार्वजनिक सुनवाई में हुए विचार–विमर्श के आधार पर प्रारूप विनियम तैयार किया जाता है। अधिनियम की अपेक्षानुसार, प्रारूप विनियमों पर पूर्व प्रकाशन की कार्रवाही की जाती है इससे यह लक्षित होता है कि प्रारूप विनियम पणधारियों से टीका टिप्पणियों की प्राप्ति और उन पर विचार–विमर्श करने के पश्चात ही विनियमों को अंतिम रूप से भारत के राजपत्र से प्रकाशित/अधिसूचित किया जाता है तथा कारणों के कथन को पृथक रूप से वेबसाइट पर डाला जाता है।

6.2. याचिकाओं से संबंधित आदेश के लिए प्रक्रिया

आयोग के समक्ष याचिकाएं/आवेदन प्राथमिक रूप से निम्नलिखित के लिए किए जाते हैं :–

- उत्पादन और पारेषण के लिए टैरिफ का निर्धारण करने;
- विद्युत के अंतर–राज्यिक पारेषण और अंतर–राज्यिक व्यापार में अनुज्ञप्ति प्रदान करने।

उपरोक्त के अलावा, निम्नलिखित याचिकाएं/आवेदन भी आयोग के समक्ष फाइल किए जाते हैं :–

- विविध याचिकाएं
- पुनर्वलोकन याचिकाएं



चित्र : विनियम बनाने की क्रियाविधि

आवेदक विहित फीस के साथ याचिकाएं दायर करते हैं और अपनी याचिकाओं के प्रति सभी संबंधितों को तामील करते हैं। आवेदक से, टैरिफ तथा अनुज्ञप्ति के लिए अपने आवेदन को अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करने और जनता से आक्षेप और सुझाव आमंत्रित करने के लिए समाचारपत्र से नोटिस देने की अपेक्षा की जाती है। तत्पश्चात, सार्वजनिक सुनवाई की जाती है जहां याचिकाकर्त्ता और प्रत्यर्थी आयोग के समक्ष अपने मामले का तर्क प्रस्तुत करते हैं। आयोग सभी संबंधित व्यक्तियों की सुनवाई करने के पश्चात् याचिका पर अंतिम आदेश पारित करता है। याचिकाकर्त्ता और प्रत्यर्थी को, आयोग के समक्ष पुनर्विलोकन करने और विद्युत अपील प्राधिकरण के समक्ष आयोग के आदेश के विरूद्ध अपील करने के लिए विधि के अधीन अनुमति है।

6.3. टैरिफ अवधारण करने की प्रक्रिया और सिद्धांत

केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग के सृजन के पूर्व, केंद्रीय उत्पादन कंपनियों, अर्थात एनटीपीसी, एनएचपीसी, एनएलसी और नीपको, का टैरिफ, परियोजना विशिष्ट अधिसूचनाओं के माध्यम से केंद्रीय सरकार द्वारा निर्धारित किया जा रहा था। केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, विद्युत विनियामक आयोग अधिनियम, 1998 के अधीन जुलाई, 1998 से अस्तित्व में आया। केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग को, अन्य बातों के साथ–साथ, केंद्रीय उत्पादन कंपनियों के टैरिफ के निर्धारण का कार्य सौंपा गया था। इस कार्य का निर्वहन करने के लिए, आयोग से टैरिफ के निबंधन और शर्तों को अंतिम रूप देने की अपेक्षा की गई थी। सभी पणधारियों की सुनवाई की पारदर्शी प्रक्रिया पूरा करने के पश्चात आयोग ने अैरिफ के निबंधनों एवं शर्तों का तीन वर्ष की अवधि, अर्थात 2001–04 के लिए मार्च, 2001 में अंतिम रूप दिया तथा उन्हें अधिसूचित किया। विद्युत अधिनियम, 2003 (जिससे अन्य बातों के साथ–साथ, विद्युत विनियामक आयोग अधिनियम, 1998 निरसित हो गया) के अधिनियमन के पश्चात, आयोग ने 2004–09 पांच वर्ष की अवधि तथा मार्च, 2009 में 2009–14 की पांच वर्ष की अवधि के लिए टैरिफ के निबंधन और शर्तों को अधिसूचित किया। उपर्युक्त अधिसूचनाओं में केन्द्र / स्टेशन / राज्य–वार उत्पादन टैरिफ तथा लाइन या प्रणाली–वार पारेषण टैरिफ को निर्धारण करने का उपबंध है।

टैरिफ समय–समय पर यथा लागू टैरिफ के निबंधनों और शर्तों के अनुसार तय किया जाता है। निबंधन और शर्तों में वित्तीय मानदंड और तकनीकी मानदंड विहित है। टैरिफ को प्रायः लागत प्लस टैरिफ कहा जाता है क्योंकि परियोजना की पूंजी लागत टैरिफ संगणना के लिए आंरभिक बिन्दु होती है। इसे विनियमित टैरिफ कहना अधिक समुचित होगा क्योंकि वास्तविक पूंजी व्यय से भिन्न टैरिफ के लिए स्वीकार्य अधिकांश वित्तीय और तकनीकी पैरामीटर मानकीय होते हैं न कि वास्तविक थर्मल केंद्रों के परिवर्तनीय प्रभार, मासिक भारित औसत कीमत और ईंधन के हीट मूल्य के अनुसार ईंधन कीमत के लिए संशोधित किए जाते हैं।

टैरिफ संगणना बहुत ही लम्बी होती है क्योंकि टैरिफ के लिए जाने वाले विभिन्न तत्वों को, पूर्ण टैरिफ में सम्मिलित करने के लिए व्यष्टिक रूप से संगणित किया जाता है। प्रत्येक उत्पादन केंद्र के लिए उसकी स्वीकृत पूंजी लागत, आधार ईंधन कीमत और(सकल कैलोरी मूल्य) तथा दक्ष प्रचालन के लागू संनियमों पर निर्भर करते हुए, टैरिफ भिन्न–भिन्न होता है। प्रक्रिया में काफी समय लगता है किन्तु यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि ये केंद्र दक्ष और मितव्ययी रीति से कार्य करते हैं और विक्रेता केंद्रो से उच्च कीमत प्राप्त करने के लिए अपनी प्रबल स्थिति का दुरूपयोग नहीं करते हैं।

7

वर्ष 2012–13 के दौरान गतिविधियां

7 वर्ष 2012–13 के दौरान गतिविधियां

7.1. कानूनी कार्यवाहियां:

वर्ष 2012–13 के दौरान 395 याचिकाओं को गतवर्ष अर्थात 2011–12 से आगे ले जाया गया। इसके अलावा 1.4.2012 और 31.3.2013 के दौरान 297 याचिकाओं को दायर किया गया जिससे याचिकाओं की कुल संख्या 692 हो गई। इनमें से 266 याचिकाएं वर्ष 2012–13 के दौरान निपटा दी गई। इसके अतिरिक्त 24 अंतवर्ती आवेदनों को गतवर्ष 2011–12 के आगे ले जाया गया। इसके अलावा 52 अतंवर्ती आवेदन प्राप्त हुए जिससे इनकी कुल संख्या 76 हो गई। इनमें से 41 को निपटा दिया गया। याचिकाओं के ब्यौरे **अनुबंध I** में दिए गए हैं।

7.2. वर्ष 2012–13 में जारी किए गए प्रमुख निर्णय/विनियम:

7.2.1 केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतरराज्यिक पारेषण पारेषण अनुज्ञप्तिधारी के मानक) विनियम, 2012.

केन्द्रीय आयोग को विद्युत अधिनिमय 2003 की धारा 57 के अंतर्गत अनुज्ञप्तिधारी के कार्यनिष्पादन के मानको को विनिर्दिष्ट करने की शक्तियां दी गई हैं। तदनुसार विद्युत के कुशल, विश्वसनीय, समन्वित एवं किफायती अंतरराज्यिक पारेषण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग ने केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतरराज्यिक पारेषण पारेषण अनुज्ञप्तिधारी के मानक) विनियम, 2012 (कार्यनिष्पादक मानक विनियम के रूप में उल्लेख किया गया है) अधिसूचित किया। आयोग 17.9.2012 को कार्य निष्पादक मानक विनियम अधिसूचित किया।

एसओपी विनियम में एसी पारेषण लाईन, ट्रांसफारमरो, रियक्ट्ररों, स्टेक्टीक वीएआर कम्पनसेटरों, सीरिज कम्पनसेटरों जैसी पारेषण प्रणालियों के विभिन्न संघठकों के लिए घटकवार उपलब्धतता मानदंडों को विनिर्दिष्ट किया है। इन घटकों की मासिक उपलब्धता मानदंडों से कम नहीं होनी चाहिए।

एसओपी विनियमों में फेस कन्डक्ट्रों की स्नेपिंग, टावर के गिरने, इन्सुलेटर के खराब होने एवं मैदानी क्षेत्र तथा पहाडी क्षेत्र के लिए अर्थवायर की असफलता के लिए पुनःस्थापन मानदंडो की व्यवस्था की गई है। विभिन्न प्रकार की खराबी के लिए पुनःप्रतिष्ठा समय विनियमों के अंतर्गत विनिर्दिष्ट मानदडों से अधिक नहीं होना चाहिए।

मानदंडो से नीचे या पुनःस्थापन मानदंडों में विनिर्दिष्ट समय से अधिक समय लेने की स्थिति में प्रभावित व्यक्तियों को क्षतिपूर्ति के लिए प्रावधान है। एसओपी विनियमों में प्राप्त कार्यनिष्पादन के स्तर तथा विभिन्न मामलों में प्रदत्त क्षतिपूर्ति के ब्योरें से संबंधित सूचना केन्द्रीय आयोग को छमाही आधार पर प्रस्तुत करने के लिए अंतरराज्यिक पारेषण अनुज्ञप्तिधारियों को अधिदेश दिया गया है। अंतरराज्यिक पारेषण अनुज्ञप्तिधारियों को मासिक आधार पर कार्यनिष्पादन के विनिर्दिष्ट मानदंडो तथा प्रदत्त क्षतिपूर्ति के कुल रकम के लिए उनके वास्तविक कार्यनिष्पादन को उनकी वेबसाइट पर प्रदर्शित करने की अपेक्षा है।

7.2.2 केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग(व्यापार अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए एवं अन्य संबद्ध मामलों के लिए क्रियाविधि, निबंधन एवं शर्ते)(प्रथम संशोधन) विनियम, 2012

आयोग को विद्युत में अंतरराज्यिक व्यापार के लिए अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 79(1)(ङ) के अंतर्गत कार्य निहित किए गए हैं। सांविधिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन में आयोग ने केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग(व्यापार अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए एवं अन्य संबद्ध मामलों के लिए क्रियाविधि, निबंधन एवं शर्ते) विनियम, 2009 को अधिसूचित किया है जो 2 जून, 2009 को लागू हुआ है। विद्युत क्षेत्र में बाजार गतिशीलता के साथ तालमेल बिठाने के उद्देश्य से आयोग ने व्यापार अनुज्ञप्ति विनियमों के संशोधन के लिए इसे आवश्यक समझा है। "अंतरराज्यिक व्यापार" की परिभाषा को लागू कानूनों के अनुपालन तथा उचित प्राधिकारियों के क्लीयरैंस के अध्यधीन विद्युत के अंतरराज्यिक व्यापार के रूप में भारत के अंदर पुनः बिक्री के लिए किसी अन्य देश से आयात की गई विद्युत और किसी अन्य देश को निर्यात की गई विद्युत की पहचान के लिए

संशोधित किया गया था। यह व्यवस्था की गई है कि उस कंपनी को जो व्यापार अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन कर रही है उसे कंपनी के मैमोरैंडम ऑफ एसोसिएसन में एक मुख्य उद्देश्य के रूप में "विद्युत में व्यापार" होना चाहिए। अंतःराज्यिक व्यापार मात्रा की रिपोर्टिंग व्यापार अनुज्ञप्ति की उचित श्रेणी के लिए आवेदक की शुद्ध मालियत की संगणना के प्रयोजन के लिए आंरभ की गई है। एक अलग अध्याय व्यापार अनुज्ञप्ति द्वारा उल्लंघनों के विभिन्न उदाहरणों को देखने के उद्देश्य से "उल्लंघन एवं दंड" के संबंध में आरंभ किया गया है।

7.2.3 केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग(टैरिफ की निबंधन एवं शर्तें)(तीसरा संशोधन) विनियम, 2012

टैरिफ अवधि 2009–14 के लिए लागू केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग(टैरिफ की निबंधन एवं शर्तें) विनियम, 2009 में सहायता के लिए हाइड्रो को प्रोत्साहित करने हेतु विनियामक फ्रेमवर्क के लिए व्यवस्था की गई है। पंप स्टोरेज आधारित हाइड्रो जेनेटिंग स्टेशनों को प्रोत्साहित करने के लिए तथा चूंकि वे बहुमूल्य सहायता प्रदान करते हैं और उत्पादनकारी कंपनियों तथा अंतरराज्यिक पारेषण अनुज्ञप्तिधारियों को प्रभावित करने वाले कुछेक मुद्दो को प्रभावित करते है अतएव आयोग ने टैरिफ विनियम 2009 में तीसरा संशोधन अधिसूचित किया है। केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग(टैरिफ की निबंधन एवं शर्तें)(तीसरा संशोधन) विनियम, 2012 को निम्नलिखित व्यवस्था के लिए 31 दिसम्बर 2012 को आयोग द्वारा अधिसूचित किया गया :

क) हाइड्रो विद्युत परियोजना की पंप स्टोरेज योजना के लिए टैरिफ का प्रावधान। इस संशोधन में निवल क्षमता प्रभारों के रूप में पूर्ण निर्धारित प्रभारों की वसूली की व्यवस्था की गई है। हिताधिकारियों को हाइड्रोलोजी जोखिम को वहन करना है तथा पंपिंग पावर की व्यवस्था करनी है। उत्पादकों को पमपिंग पावर के 75 प्रतिशत उत्पादन की आवश्यकता है।

ख) 15.5 प्रतिशत की इक्विटी पर कुल मिलाकर 1 प्रतिशत की दर पर इक्विटी रिटर्न पर अतिरिक्त रिटर्न पंप स्टोरेज योजना एवं उन विभिन्न प्रकार के उत्पादनकारी स्टशनों को प्रोत्साहन देने, जिन्हें प्रणाली की अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए पीक घंटों के दौरान संचालित होने के लिए तैयार किया गया है, सहित उन विभिन्न प्रकार के उत्पादनकारी स्टेशनों के लिए व्यवस्था की गई है।

ग) थर्मल उत्पादनकारी कंपनियों के लिए यह आवश्यक बना दिया गया है कि वे उत्पादनकारी स्टेशनों के हिताधिकारियों के साथ शेयर करें, अतएव पारदर्शिता के प्रयोजन के लिए सकल क्लोरोफिक मूल्य के पैरामीटरों के ब्यौर तथा विभिन्न स्रोतों से ईंधन की कीमत, देशी कोयले इत्यादि से आयातित कोयले के अनुपात को शेयर करें और हिताधिकारियों को स्टेशन से विद्युत के प्रेषण के संबंध में अनौपचारिक निर्णय के जानकारी दी जा सके।

घ) पांच किलोमीटर के अंदर स्थित ग्रामीण हाउसहोल्ड को विद्युत की आपूर्ति के बुनियादी ढांचे के सृजन की लागत पूंजी लागत में शामिल कर ली गई है।

ङ) पंप स्टोरेज हाइड्रो विद्युत उत्पादन के लिए एवं गैस अतःक्षेपित उपस्टेशनों के लिए मानदंडो की व्यवस्था की गई है।

च) जम्मू एवं कश्मीर राज्य में हाइड्रो उत्पादनकारी स्टेशनों वाले उत्पादनकारी कंपनियों को जल प्रयोग प्रभारों एवं अनुज्ञप्ति फीस की प्रतिपूर्ति के लिए प्रावधान किए गए हैं जो जम्मू एवं कश्मीर उच्च न्यायालय में एनएचपीसी द्वारा दाखिल रिट याचिका के परिणाम के अध्यधीन जम्मू एवं काश्मीर जन संसाधन (विनियम एवं प्रबंधन) अधिनियम, 2010 के कारण उत्पन्न हुए हैं।

छ) उत्पादनकारी कंपनियों तथा पारेषण अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा प्रदत्त विभिन्न फीस एवं प्रभारों की प्रतिपूर्ति के लिए अनुमति के प्रावधान किए गए हैं।

7.2.4 केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतरराज्यिक पारेषण में कनेक्टीविटी, दीर्घकालीन पहुंच और मध्यकालीन निर्बाध पहुंच प्रदान करना एवं संबद्ध मामलें)(तीसरा संशोधन) विनियम, 2013

केन्द्रीय आयोग ने केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग में केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतरराज्यिक पारेषण में

कनेक्टीविटी, दीर्घकालीन पहुंच और मध्यकालीन निर्बाध पहुंच प्रदान करना) विनियम, 2009 में अंतरराज्यिक ग्रिड के लिए कनैक्टीविटी हेतु 50 मैगावाट क्षमता या उससे अधिक वाले नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादकों को अनुमति दी है।

आयोग ने यह विचार किया है कि अंतरराज्यिक ग्रिड से संबद्ध और अधिशेष भूमि वाले मौजूदा उत्पादनकारी स्टेशनों में मौजूदा बुनियादी ढांचे तथा संबद्ध अंतर्संबंध एवं पारेषण सुविधाओं वाले नवीकरणीय ऊर्जा आधारित उत्पादनकारी स्टेशनों को सहअस्तित्व करते हुए उसी परिसरों में ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोत की अल्प क्षमता में वृद्धि करने की संभावना रखते हैं। तदनुसार आयोग ने विचार किया और अंतरराज्यिक पारेषण प्रणाली के साथ मौजूदा कनैक्शन प्वाइंट के लिए अपने मौजूदा एक उत्पादनकारी स्टेशन में उत्पादनकारी कंपनी द्वारा विकसित 5 मैगावाट और उससे अधिक लेकिन 50 मैगावाट से कम के नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादनकारी स्टेशनों को कनेक्टीविटी प्रदान करने के लिए कनेक्टीविटी विनियमों को संशोधित करने का कार्य आरंभ किया। यह भी व्यवस्था की गई है कि मौजूदा उत्पादनकारी स्टेशन को नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादनकारी स्टेशन से मूल उत्पादक के रूप में कार्य करने की अपेक्षा होगी और आयोग के ग्रिड कोड और अन्य विनियमों के अनुपालन द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन स्टेशनों के लिए सभी परिचालनगत और वाणिज्यिक उतरदायित्वों के लिए उनके बीच करार करना होगा।

इस संशोधन का लक्ष्य उनके परिसरों में उपलब्ध भूमि तथा अन्य संसाधनों का उपयोग करने के लिए उत्पादनकारी स्टेशनों को प्रोत्साहित करना होगा ताकि पर्यावरणीय नवीकरणीय ऊर्जा आधारित उत्पादनकारी स्टेशनों को स्थापित किया जा सके।

7.3. विद्युत बाजार : व्यापार, पावर एक्सचेंज और निर्बाध पहुंच

I: अंतरराज्यिक व्यापार अनुज्ञप्तिधारी

आयोग ने विद्युत व्यापार गतिविधियों को विनियमित करने के लिए फरवरी 2009 में केविविआ(व्यापार अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए प्रक्रिया, निबंधन, शर्तें तथा अन्य संबद्ध मामले) विनियम, 2009 अधिसूचित किए थे।

आयोग ने 31 मार्च 2013 तक विद्युत में अंतरराज्यिक व्यापार के लिए 63 आवेदकों को बाजार अनुज्ञप्तियां प्रदान की हैं। इनमें से 21 अनुज्ञप्तिधारियों ने अपनी अनुज्ञप्तियां वापस कर दी है। वर्ष 2012–13 के दौरान 7 आवेदकों को व्यापार अनुज्ञप्तियां प्रदान की गई थी।(सारणी –1)

सारणी 1: 2012–13 के दौरान जारी की गई व्यापार अनुज्ञप्ति

क्र.स.	व्यापार अनुज्ञप्तिधारी का नाम	जारी की गई अनुज्ञप्ति की तारीख	अनुज्ञप्ति की श्रेणी
1	एसएन पावर मार्केट प्रा. लि.	**21-06-2012**	**I**
2	जीमैक इंजीनियरिंग सर्विस प्रा. लि.	**21-06-2012**	**IV**
3	मणिकरण पावर लि.	**29-06-2012**	**III**
4	ग्रेटा पावर ट्रेडिंग लि.	**03-09-2012**	**IV**
5	अरूणांचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन प्रा. लि.	**11-09-2012**	**III**
6	ग्रीन फील्ड पावर सर्विसिज प्रा. लि.	**08-02-2013**	**IV**
7	एचएमएम इन्फ्रा लि.	**11-03-2013**	**IV**

कुल 42 मौजूदा अनुज्ञप्तिधारियों में से वर्ष 2012–13 के दौरान 22 अनुज्ञप्तिधारियों ने विद्युत में व्यापार किया। (सारणी 2)

सारणी 2: वर्ष 2012–13 के दौरान व्यापार शुरू करने वाले अनुज्ञप्तिधारियों की सूची*

क्र.स.	व्यापार अनुज्ञप्तिधारियों का नाम
1	पीटीसी इंडिया लि.
2	एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लि

क्र.स.	व्यापार अनुज्ञप्तिधारियों का नाम
3	टाटा पावर ट्रेडिंग कंपनी प्रा.लि.
4	जेएसडब्लू पावर ट्रेडिंग कंपनी लि.
5	नेशनल एनर्जी ट्रेडिंग एवं सर्विसिज लि.
6	अदानी एंटरप्राईज लि.
7	रिलाइंस एनर्जी ट्रेडिंग (प्रा.) लि.
8	नोलेज इन्फ्रांस्टक्चर सिस्टम(प्रा.) लि.
9	मित्तल प्रोसेसर्स(प्रा)लि.
10	श्री सिमेंट लि.
11	जय प्रकाश एसोसिएट्स लि.
12	जीएमआर एनर्जी ट्रेडिंग लि.
13	इंस्टीक्ट इन्फ्रा एंड पावर लि.
14	एस्सार इलेक्ट्री पावर डेवलोपमैंट कॉर्प. लि.
15	ग्लोबल एनर्जी (प्रा.) लि.
16	आरपीजी पावर ट्रेडिंग कंपनी लि.
17	मणिकरण पावर लि.
18	अरूणाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन प्रा. लि.
19	इन्द्रजीत पावर टेक्नालाजी प्रा. लि.
20	एंबीशियस पावर ट्रेडिंग कंपनी लि.**
21	पुने पावर डेवलोपमैंट प्रा. लि.
22	कस्टोमाइज एनर्जी सोल्यूशन इंडिया प्रा. लि.

* व्यापार अनुज्ञप्तिधारी द्विपक्षीय या पावर एक्सचैंज या दोनों के माध्यम से व्यापार कर रहे हैं।

** 9.1.2013 से पूर्व व्यापार अनुज्ञप्तिधारी का नाम जिंदल पावर कंपनी ट्रेडिंग लि. था

जनवरी 2010 में आयोग ने केविविआ (व्यापार मार्जिन का निर्धारण) विनियम, 2010 जारी किया। विद्युत के अंतरराज्यिक व्यापार के लिए मार्जिनों को विनियमित किया गया और अनुज्ञप्तिधारियों को उन मामलों में 7 पैसे/किलो वाट घंटे से अधिक व्यापार मार्जिन प्रभारित करने की अनुमति नहीं दी गई जहां विद्युत की बिक्री कीमत 3रु/किलो वाट घंटे, से अधिक थी और 4 पैसे/किलो वाट घंटा जहां बिक्री कीमत 3रु/किलो वाट घंटे की अपेक्षा कम थी या बराबर थी। इस मार्जिन में अनुसूचित विद्युत, निर्बाध पहुंच और पारेषण हानियों के लिए प्रभारों को छोड़कर सभी प्रभार शामिल हैं। व्यापार मार्जिन विद्युत की अनुसूचित मात्रा पर प्रभारित है।

इन विनियमों के अंतर्गत विनिर्दिष्ट व्यापार मार्जिन उत्पादक तथा क्रेता के बीच संव्यवहारों की श्रृंखला में शामिल सभी व्यापारियों द्वारा प्रभारित व्यापार मार्जिन का संचयी मूल्य हैं जिसका अर्थ है कि बहुविध व्यापारी दर व्यापारी संव्यवहारों के मामलों में व्यापार मार्जिन उपरिलिखित उच्चतम सीमा व्यापार मार्जिन से अधिक नहीं होना चाहिए।

II: पावर एक्सचेंज

दो विद्युत एक्सचेंज (1) मैसर्स इंडियन ऊर्जा एक्सचेंज लि. (आईईएक्स) नई दिल्ली तथा (2) पावर एक्सचेंज इंडिया लि. (पीएक्सआईएल) मुबंई है जो भारत में कार्यरत है। आईईएक्स और पीएक्सआईएल में क्रमशः 27 जून 2008 और 22 अक्तूबर 2008 को कार्य करना शुरू कर दिया।

जनवरी 2010 में आयोग ने विद्युत बाजार के विकास और विनियमन के लिए सीईआरसी(विद्युत बाजार) विनियम, 2010 जारी किया। विनियमों का उद्देश्य एक व्यापार ढ़ांचा सृजित करने में सहायता करना और विद्युत बाजारों में सभी प्रकार के संभव उत्पादों में संव्यवहार, निष्पादन और संविदाएं करने के लिए समर्थ बनाना था।

III: बाजार निगरानी प्रकोष्ठ

अगस्त 2008 में केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग ने एक बाजार निगरानी प्रकोष्ठ(एमएमसी) स्थापित किया गया था। अगस्त 2008 से एमएमसी 'विद्युत के अल्पावधि संव्यवहार पर मासिक रिपोर्ट' तैयार कर रहा है तथा रिपोर्ट को वेबसाइट पर डाल रहा है। 'विद्युत का अल्पकालिक संव्यवहार' व्यापार अनुज्ञप्तिधारियों (द्विपक्षीय संव्यवहार) पावर एक्सचेंजों और अननुसूचित विनियमों के माध्यम से संव्यवहारित विद्युत के प्रति निर्देश करता है जो अनुसूचित विद्युत के विरुद्ध विद्युत के निम्न निकासी/अतिनिकासी का निर्देश है। रिपोर्ट के उद्देश्य यह है (i) विद्युत के अल्पकालिक संव्यवहार की मात्रा और मूल्य में प्रवर्तियों पर ध्यान देना। (ii) बाजार के व्यापरियों के बीच प्रतिस्पर्द्धा का विश्लेषण करना। (iii) स्टेक होल्डरों को संगत बाजार सूचना प्रसारित करना।

एमएमसी व्यापार अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा की जा रही द्विपक्षीय संविदाओ/ओटीसी संविदाएं (ओटीसी संविधाए) पर भी एक मासिक रिपोर्ट निकालता है जिसका शीर्षक "ओटीसी संविदाओं साप्ताहित रिपोर्टिंग : मासिक विश्लेषण" है। रिपोर्ट में "एक अग्र वक्र जो भावी अवधि के लिए स्थानिक कीमतों की वर्तमान दिन की आशा को दर्शाता है और कार्योपरान्त विश्लेषण है जो गत माह के विद्युत परिदानों के संबंध में विद्युत केंद्रों की तुलना में औसत ओटीसी कीमत को दर्शाता है।

एमएमसी अल्पकालिक संव्यवहार पर एक वार्षिक रिपोर्ट निकालता है। "2011–12 में भारत में अल्पकालिक विद्युत बाजार पर रिपोर्ट" से संबंधित अंतिम रिपोर्ट जुलाई, 2012 में प्रकाशित की गई थी। अल्पकालीन संव्यवहारों में प्रवृतियों को नीचे सारणी में दर्शाया गया था।

सारणी 3: विद्युत के अल्पकालिक संव्यवहार की मात्रा (बिलियन यूनिट)

वर्ष	व्यापार अनुज्ञप्तिधारियों के माध्यम से संव्यवहार	पावर एक्सचेंजो (आईईएक्स और पीएक्सआईएल) के माध्यम से संव्यवहार	यूआई संव्यवहार कर्त्ता	डिस्काम के बीच प्रत्यक्ष संव्यवहार	कुल संव्यवहार
2009-10	26.72	7.19	25.81	6.19	65.91
2010-11	27.70	15.52	28.08	10.25	81.56
2011-12	35.84	15.54	27.76	15.37	94.51
2012-13	36.12	23.54	24.76	14.52	98.94

सारणी 4: कुल विद्युत उत्पादन के संबंध में विद्युत के अल्पकालिक संव्यवहार की कुल मात्रा

वर्ष	विद्युत के अल्पकालिक संव्यवहार की कुल मात्रा (बिलियन यूनिट)	कुल विद्युत उत्पादन (बिलियन यूनिट)	कुल विद्युत उत्पादन के प्रतिशत के रूप में विद्युत के अल्पकालीन संव्यवहार की कुल मात्रा
2009-10	65.90	764.03	9%
2010-11	81.56	809.45	10%
2011-12	94.51	874.17	11%
2012-13	98.94	907.49	11%

सारणी 5: विद्युत के अल्पकालिक संव्यवहार की कीमत

वर्ष	व्यापार अनुज्ञप्तिधारियों के माध्यम से संव्यवहारित विद्युत की कीमत (₹/किलोवाट घंटा)	पावर एक्सचेंजों के माध्यम से संव्यवहारित विद्युत की कीमत (डीएएम+टीएएम) (₹/किलोवाट घंटा)	यूआई के माध्यम से संव्यवहारित विद्युत की कीमत (₹/कि.वाट घंटा)
2009-10	5.26	4.96	4.62
2010-11	4.79	3.47	3.91
2011-12	4.18	3.57	4.09
2012-13	4.33	3.67	3.52

जैसा कि सारणी 3 से देखा जा सकता है अल्पकालिक विद्युत व्यापार की मात्रा में समय अवधि से वृद्धि हुई है तथापि वर्ष 2012–13 में वृद्धि जुलाई 2012 में ग्रिड खराबी के बाद यूआई संव्यवहार में कमी के कारण प्राथमिक रूप से कम हुई। देश में कुल विद्युत उत्पादन की प्रतिशतता के रूप में अल्पकालिक संव्यवहारों में 2009–10 में 9 प्रतिशत से बढकर 2011–12 में 11 प्रतिशत हो गई जिससे 2012–13 में मार्जनल वृद्धि का पता चलता है (सारणी 4)। विद्युत कीमतें 2012–13 में 2009–10 की तुलना में (व्यापारियों, एक्सचैंजों और यूआई) में कम थी लेकिन यह कमी बाद के वर्षों में नहीं रही (सारणी 5)।

IV: बोली मूल्यांकन और भुगतान के प्रयोजनार्थ के संबंधित कारकों तथा अन्य मानकों की अधिसूचना

"वितरण अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा विद्युत की खरीद के लिए प्रक्रिया द्वारा टैरिफ के निर्धारण के लिए दिशानिर्देश" से संबंधित विद्युत मंत्रालय द्वारा 2005 में जारी अधिसूचना के अनुसरण में केविविआ के लिए बोली मूल्यांकन के लिए भुगतान के प्रयोजनार्थ विभिन्न संबंधित कारको तथा अन्य मानको को प्रत्येक छ माह में अधिसूचित करना अपेक्षित है। तदनुसार आयोग ने उत्पादन परियोजनाओं और पारेषण परियोजनाओं के लिए दिनांक 3.4.2012 और 8.4.2012 की अधिसूचना के माध्यम से उत्पादन परियोजनओं के लिए अभिवृद्धि घटको और अन्य पैरामीटरों को अधिसूचित किया तथा दिनांक 2.4.2012 और 25.9.2012 की अधिसूचना के माध्यम से पारेषण परियोजनाओं के लिए अभिवृद्धि घटकों और पैरामीटको को अधिसूचित किया। अप्रैल की अधिसूचनाएं 1.4.2012 से 30.09.2012 की अवधि के लिए लागू थी और सितंबर अक्तूबर की अधिसूचनाएं 1.10.2012 से 31.3.2013 की अवधि के लिए लागू थी। इसके बाद 2013 में आयोग ने 1.4.2013 से 30.9.2013 तक की अवधि के लिए लागू 25.3.2013 को पारेषण परियोजनाओं के लिए अभिवृद्धि घटकों और अन्य पैरामीटरों को अधिसूचित किया।

7.4 थर्मल उत्पादन

1. टैरिफ निर्धारिण

1.1 एनटीपीसी लिमिटेड के थर्मल उत्पादन स्टेशनों के टैरिफ

1.1.1. 31.03.2013 को एनटीपीसी लिमिटेड की कुल संस्थापित क्षमता 34871.64 मैगावाट (वाणिज्यिक) थी जिसमें कोयले पर आधारित 30855.00 मैगावाट तथा प्राकृतिक गैस/तरल ईंधन पर आधारित 4016.64 मैगावाट शामिल है। वर्ष 2012–13 के दौरान एनटीपीसी द्वारा 3820 मैगावाट की नई क्षमता को जोड़ा गया। उत्पादनकारी कंपनी ने सिपत–1 में 2x660 मैगावाट को जोड़ा, माऊदा एसटीपीएस में 1x500 को जोड़ा, सिमहाद्री एसटीपीएस 2 ने 1x500 को जोड़ा, विंध्याचल एसटीपीएस स्टेज 4 में 1x500 मैगावाट, फरक्का एसटीपीएस चरण 3 में 1x500 मैगावाट और रिहंद, चरण 3 में 1x500 मैगावाट को जोड़ा। 31.3.2013 को स्थापित क्षमता तथा एनटीपीसी के प्रत्येक उत्पादनकारी स्टेशन/यूनिट के वाणिज्यिक परिचालन की तारीख **अनुबंध II** में दी गई है।

वर्ष 2004–2009 की अवधि के लिए टैरिफ का पुनरीक्षण

1.1.2 आयोग ने वर्ष 2007–08 और 2008–09 के लिए अनुमत अतिरिक्त पूंजीकरण पर विचार करने के पश्चात तल्चर टीपीएस(460 मैगावाट) के लिए संशोधित निर्धारित प्रभारों को अनुमोदित किया है।

विद्युत के लिए अपीलीय न्यायाधीकरण के निर्णय के कारण टैरिफ का पुनरीक्षण

1.1.3 आयोग ने विद्युत के लिए अपीलिय न्यायाधीकरण के निर्णय पर आधारित निम्नलिखित स्टेशनों के संबंध में 2004–09 की अवधि के लिए संशोधित निर्धारित प्रभारों को अनुमोदित किया है :

(i) फरीदाबाद जीपीएस (431.586 मैगावाट)

(ii) तल्चर एसटीपीएसए स्टेज-I (1000 मैगावाट)

(iii) रिहंद एसटीपीएस, स्टेज-II (1000 मैगावाट)

पुनरीक्षण याचिकाएं:

1.1.4 आयोग ने वर्ष 2009–14 की अवधि के लिए आयोग द्वारा जारी किए गए टैरिफ आदेशों के विरुद्ध कहलगांव सुपर थर्मल पावर स्टेशन स्टेज चरण 2(3x500 मैगावाट) और बदरपुर थर्मल पावर स्टेशन (705 मैगावाट) के लिए एनटीपीसी द्वारा दाखिल की गई पुनरीक्षण याचिकाओं का निपटान किया।

1.1.5 2009–14 की अवधि के लिए टैरिफ

1.1.5.1 वर्ष 2011–12 के दौरान आयोग ने एनटीपीसी लि. के निम्नलिखित कोयला आधारित/गैस आधारित स्टेशनों के लिए सीईआरसी टैरिफ विनियम, 2009 पर आधारित अंतिम टैरिफ को अनुमोदित किया :

(i) कहलगांव सुपर थर्मल पावर स्टेशन स्टेज–II (3x500 मैगावाट),

(ii) रामागुंडम एसटीपीएस स्टेज–III (500 मैगावाट),

(iii) कोरबा एसटीपीएस स्टेज–III (500 मैगावाट),

(iv) कहलगांव टीपीएस स्टेज–I (840 मैगावाट),

(v) बदरपुर टीपीएस (705 मैगावाट),

(vi) फिरोज गांधी उंचार टीपीएस स्टेज–III (210 मैगावाट),

(vii) विंध्याचल एसटीपीएस स्टेज–II (1000 मैगावाट),

(viii) विंध्याचल एसटीपीएस स्टेज-III (1000 मैगावाट),

(ix) फिरोज गांधी उंचार टीपीएस स्टेज–I (420 मैगावाट),

(x) रिहंद एसटीपीएस स्टेज–I (1000 मैगावाट),

(xi) फरक्का एसटीपीएस स्टेज–I एवं II (1600 मैगावाट),

(xii) तल्चर एसटीपीएस स्टेज–I (1000 मैगावाट),

(xiii) नेशनल केपिटल टीपीएस दादरी स्टेज–I (840 मैगावाट),

(xiv) फिरोज गांधी उंचार टीपीएस स्टेज–II (420 मैगावाट),

(xv) रिहंद एसटीपीएस स्टेज–II (1000 मैगावाट),

(xvi) सिंगरौली एसटीपीएस (2000 मैगावाट),

(xvii) सिमान्ध्री एसटीपीएस स्टेज–I (1000 मैगावाट),

(xviii) रामागुंडम स्टेज–I एंड II (2100 मैगावाट),

(xix) राजीव गांधी कम्बाइन्ड साईकिल पावर प्रोजेक्ट स्टेज–I (359.58 मैगावाट),

(xx) विंध्याचल एसटीपीएस स्टेज–I (1260 मैगावाट),

(xxi) फरीदाबाद गैस पावर स्टेशन (431.586 मैगावाट),

(xxii) सिमान्ध्री एसटीपीएस स्टेज–II (2x500 मैगावाट) 1.4.2011 से 31.3.2014, तक की अवधि के लिए

(xxiii) कोरबा एसटीपीएस स्टेज-I – II (2100 मैगावाट),

(xxiv) टांडा टीपीएस (440 मैगावाट).

(xxv) दादरी गैस पावर स्टेशन (829.78 मैगावाट)

(xxvi) औरेया गैस पावर स्टेशन (663.36 मैगावाट)

(xxvii) अंटा गैस पावर स्टेशन (419.33 मैगावाट)

1.1.5.2 आयोग ने एनटीपीसी के निम्नलिखित थर्मल पावर स्टेशनों के लिए 31.03.2014 के लिए प्रत्याशित वाणिज्यिक परिचालन की तारीख से अनंतिम टैरिफ स्वीकृत की है :

(I) रिहंद सुपर थर्मल पावर स्टेशन चरण–III (2 x 500 मैगावाट)

(ii) सिपत सुपर थर्मल पावर स्टेशन चरण–I (3x660 मैगावाट)

1.2 नेवली लिग्नाइट कारपोरेशन के थर्मल उत्पादकारी स्टेशनों के टैरिफ

1.2.1 नेवली लिग्नाइट कारपोरेशन (एनएलसी) की 2740 मैगावाट की कुल स्थापित क्षमता है। एनएलसी के प्रत्येक उत्पादनकारी स्टेशन की उत्पादन क्षमता वाणिज्यिक परिचालन की तारीख नीचे दी गई है:

क्र.स.	उत्पादनकारी स्टेशन	31.03.2013 को स्थापित क्षमता (मैगावाट)	स्टेशन का सीओडी
1.	टीपीएस–I	600.00	21.02.1970
2.	टीपीएस–II (चरण–I)	630.00	23.04.1988
3.	टीपीएस–II (चरण–II)	840.00	09.04.1994
4.	टीपीएस–I (विस्तार)	420.00	05.09.2003
5.	सीएफबीसी आधारित बर्सिंगसर टीपीएस	250.00	21.01.2012
6.	**कुल लिग्नाइट आधारित उत्पादनकारी स्टेशन**	**2740.00**	

1.2.2 थर्मल पावर स्टेशन एक ही राज्य अर्थात तमिलनाडु को बिजली की आपूर्ति करता है जबकि थर्मल पावर स्टेशन 2 (चरण 1, 2) और थर्मल पावर स्टेशन 1 (विस्तार) दक्षिण क्षेत्रों के घटकों को अर्थात आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और पांडुचेरी को बिजली की आपूर्ति करता है। राजस्थान में बर्सिंगसर स्थित सीएफबीसी प्रोद्योगिकी आधारित थर्मल पावर उत्पादन स्टेशन राजस्थान की वितरण कंपनियों को विद्युत की आपूर्ति कर रहा है।

1.2.3 2009–14 की अवधि के लिए एनएलसी स्टेशनों का टैरिफ

1.2.3.1 आयोग ने वर्ष 2012–13 में 1.4.2009 से 31.3.2014 तक की अवधि के लिए एनएलसी टीपीएस–1(600 मैगावाट) के संबंध में वार्षिक नियत प्रभारों और ऊर्जा प्रभारों को अनुमोदित कर दिया है।

1.2.3.2 आयोग ने 29.12.2011 से 19.1.2012 तक की अवधि के लिए एनएलसी के बर्सिंगसर थर्मल पावर स्टेशन यूनिट-II (125 मैगावाट) आधारित फ्लूड बैड तकनीक के लिए और 20.1.2012 से 31.3.2014 तक की अवधि के लिए स्टेशन (यूनिट I और II)(2 x 125 मैगावाट) के लिए अनंतिम टैरिफ की अनुमति दी है।

1.3 दामोदर घाटी नियम के थर्मल उत्पादन केंद्रों के टैरिफ

1.3.1 दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) की 31.3.2013 की स्थिति के अनुसार कुल 5210 मैगावाट की संस्थापित क्षमता है। डीवीसी की संस्थापित क्षमता तथा उसके प्रत्येक उत्पादन केंद्रों में वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख **अनुबंध III** में दी गई है:

2004–09 की अवधि में टैरिफ का पुनरीक्षण

1.3.2 अपील संख्या 40/2010 में दिनांक 1.5.2012 के विद्युत निर्णय के लिए अपीलीय न्यायधीकरण को ध्यान में रखते हुए और दामोदर घाटी निगम के उत्पादनकारी केन्द्र के संबंध में पुनरीक्षण याचिका संख्या 7/2012 में दिनांक 3.10.2012 के निर्णय को ध्यान में रखते हुए आयोग ने 31.3.2009 तक उनके वाणिज्यिक परिचालन की संबंधित तारीख से मेजिया थर्मल पावर स्टेशन विस्तार यूनिट सख्यां 5 और यूनिट संख्या 6 (2x250 मैगावाट) के संबंध में याचिका संख्या 155/2008 में दिनांक 23.12.2009 में इसके टैरिफ आदेश को संशोधित किया।

1.3.3 उत्पादनकारी केंद्रों और पारेषण प्रणालियों के लिए 2006–09 तक की अवधि के लिए अतिरिक्त पूंजीकरण

के कारण नियत प्रभारों के पुनरीक्षण आयोग के विचाराधीन था।

2009–14 तक की अवधि के लिए डीवीसी स्टेशन का टैरिफ और पारेषण प्रणाली

1.3.4 डीवीसी ने 2009–14 तक की अवधि के लिए टैरिफ याचिका दाखिल की है जो आयोग के विचाराधीन थी।

1.3.5 आयोग ने यूनिट–7 के लिए 2.11.2011 से 31.3.2014 वर्ष तक की अवधि के लिए और यूनिट–8 के लिए 15.7.2011 से 31.3.2014 तक की अवधि के लिए चंद्रपुर थर्मल पावर स्टेशन (2x250 मैगावाट) के लिए अनंतिम टैरिफ को स्वीकृत किया है।

1.4 उत्तर पूर्वी विद्युत पावर कारपोरेशन (नीपको)

1.4.1 31.3.13 की स्थिति के अनुसार उत्तर पूर्वी विद्युत पावर कारपोरेशन (निपको) के उत्पादनकारी केन्द्रो की उत्पादन क्षमता ईंधन के रूप में अर्थात असम जीपीएस (291 मैगावाट) और अगरतला जीपीएस (84 मैगावाट) के रूप में प्राकृतिक गैस पर आधारित 375 मैगावाट थी। यह दोनों केंद्र उत्तरपूर्वी क्षेत्रों के हिताधिकारियों को विद्युत की आपूर्ति करते हैं। असम गैस पावर स्टेशन संयुक्त चक्र रूप में कार्य करते हैं और अगरतला गैस पावर स्टेशन का गैस टर्बाइन मुक्त चक्र में कार्य करता है। दोनों केंद्रों में लघु क्षमता (50 मैगावाट यूनिट के आकार से कम) का गैस टर्बाइन है। प्रत्येक उत्पादनकारी केंद्र की सस्थापित क्षमता और वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख नीचे दी गई है:

क्र.स.	उत्पादनकारी केंद्र का नाम	31.03.2013 की स्थिति के अनुसार संस्थापि क्षमता (मैगावाट)	केन्द्र की वाणिज्यिक परिचालन की तारीख
1.	अगरतला जीपीएस	84.00	01.08.1998
2.	असम जीपीएस	291.00	01.04.1999
	कुल	**375.00**	

1.5 एनटीपीसी, एनएलसी और नीपको के केन्द्रीय थर्मल पावर स्टेशनों की 31.3.2013 की स्थिति के अनुसार ऊर्जा प्रभार अनुबंध IV में संलग्न है।

1.6 संयुक्त उद्यम कंपनियों के थर्मल स्टेशनों के लिए टैरिफ (2009–14)

1.6.1 आयोग ने संयुक्त उद्यम कंपनियों और स्वतंत्र विद्युत उत्पादको के निम्नलिखित थर्मल पावर केन्द्रों के लिए अनंतिम टैरिफ को अनुमोदित किया है :

(i) यूनिट-I के वाणिज्यिक परिचालन की प्रत्याशित तारीख से 31.3.2014 तक की अवधि के लिए एनटीपीसी तमिलनाडु ऊर्जा कंपनी लि (एनटीईसीएल) की वेल्यूर थर्मल पावर परियोजना (3 x 500 मैगावाट)

(ii) 21.4.2012 से यूनिट-III के वाणिज्यिक परिचालन की तारीख तक यूनिट-I और यूनिट-II के लिए अरावली पावर कंपनी प्रा. लि. की इंदिरा गांधी सुपर थर्मल पावर परियोजना (3 x 500 मैगावाट).

(iii) 27.12.2011 से 21.3.2012 तक मुक्त चक्रमोड (216 मैगावाट) में गैस टर्बाइन (जीटी–1) और प्रगति-III संयुक्त चक्र पावर प्रोजेक्ट प्रगति पावर कारपोरेशन लि. के संयुक्त चक्रमोड (342.80 मैगावाट) में 1.4.2012 से 31.3.14 तक संबद्ध वेस्ट हीट रिकवरी यूनिट के साथ 1 जीटी के लिए गैस टर्बाइन।

(iv) 2012–13 की अवधि के लिए मैथान पावर लि. के मैथान राइट बैंक थर्मल पावर प्लांट के यूनिट-I के 150 मैगावाट।

(v) 11.11.2011 से 31.03.2014 तक की अवधि के लिए उदीपी थर्मल पावर स्टेशन के यूनिट-I (600 मैगावाट)।

2. थर्मल उत्पादन में आयोग द्वारा संचालित अन्य मुद्दें

2.1 नीपको के गैस आधारित स्टेशनों के लिए हीट रेट मानदंडों की छूट :

आयोग ने केविविआ (टैरिफ की निबंधन एवं शर्तें) विनियम 2009 के विनियम 44 के अंतर्गत 26.05.2011 से असम गैस आधारित पावर परियोजना और अगरतला गैस टर्बाइन परियोजना के हीट रैट मानदंडो की छूट का अनुमोदन किया। असम गैस आधारित पावर परियोजना के हीट रैट मानदंडो को 2400 के कल/किलोवाट घंटा से बढ़ाकर केकल/किलोवाट से 2500 केकल/किलोवाट घंटा (संयुक्त चक्र) संशोधित किया गया और अगरतला गैस टर्बाइन को 3500

केकल/किलोवाट घंटा से 3700 केकल/किलोवाट घंटा (मुक्त चक्र) संशोधित कर दिया गया हैं। हीट रैट मानदंडो का पुनरीक्षण 2009–14 तक की अवधि के लिए 2009 के टैरिफ विनियमों को अंतिम रूप देने के लिए आयोग के सार्वजनिक नोटिस के प्रतिउत्तर में दिनांक 29.4.2008 के पत्र के माध्यम से आयोग को परिचालनगत आंकडो को प्रस्तुत करते समय याचिकाकर्त्ता की ओर से असावधानी से की गई गलती के कारण किया गया था। उक्त प्रस्तुति में 'ईंधन के भारित औसत निवल क्लॉरिफिक मूल्य' को ' ईंधन के भारित औसत सकल क्लॉरिफिक मूल्य' के रूप में प्रस्तुत किया गया था।

2.2 कर्मचारियों के वेतन पुनरीक्षण के कारण की गई अतिरिक्त लागत की वसूली से संबंधित सीपीएसयू अर्थात एनटीपीसी, एनएलसी इत्यादि की याचिकाएं :

आयोग ने 1.1.2007 से 31.3.2009 तक कर्मचारियों के वेतन पुनरीक्षण के बाद और एनटीपीसी और एनएलसी केन्द्रों के लिए 1.1.2006 से 31.3.2009 के दौरान केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल(सीआईएसएफ) और केन्द्रीय विद्यालय स्टाफ के लिए किए गए अतिरिक्त लागत की वसूली के लिए याचिकाओं का निपटान किया।

2.3 याचिका संख्या 300/2009 में दिनांक 21.8.2012 के आदेश के माध्यम से आयोग ने 1.4.2004 और 31.3.2009 के बीच एनटीपीसी के विभिन्न अधिकारियों पर किए गए पूंजीगत व्यय के कारण नियम प्रभारों की वसूली को अस्वीकृत किया है।

2.4 आयोग ने वाणिज्यिक परिचालन की घोषणा में प्रत्याशित करते हुए 2x220 मैगावाट एनएलसी थर्मल पावर स्टेशन-II विस्तार प्लांट के वाणिज्यिक परिचालन की घोषणा तक यूआई मैकेनिज्म के अंतर्गत आरंभ की गई गतिविधियों के लिए विद्युत के आहरण के रूप में इनफर्म विद्युत के अंतःक्षेपण के लिए यथास्थिति बनाए रखने हेतु अनुमति मांगते हुए एनएलसी द्वारा दाखिल याचिका का निपटान किया।

2.5 आयोग ने 7.10.2012 से आगे (अर्थात् आरंभिक सिंक्रोनाइजेशन से छः माह के आगे) और माउदा एसटीपीपी के यूनिट-I (500 मैगावाट) के परीक्षण के लिए इनफर्म विद्युत के अंतक्षेपण के लिए 28 2 2013 तक समयावधि बढाने की स्वीकृति दी।

2.6 एनटीपीसी की याचिकाओं को ठीक करना

एनटीपीसी ने 2009–14 की अवधि के लिए टैरिफ में पुनरीक्षण के लिए याचिकाओं को ठीक करते हुए दाखिल करना आरंभ किया। वर्ष के दौरान 17 ठीक करने वाली याचिकाएं प्राप्त कि गई जिसमें से 10 याचिकाएं तकनीकी रूप से वैध थी और अतिरिक्त सूचना मांगी गई थी। एनटीपीसी ने कुछ याचिकाओं के संबंध में कुछ अतिरिक्त सूचना प्रस्तुत की जो आयोग में जांच के अधीन है।

2.7 ईंधन के रूप में कोयले सहित थर्मल पावर केंद्रों के लिए बैंचमार्क पूंजीगत लागत (हार्ड लागत)

2.7.1 राष्ट्रीय टैरिफ नीति के पैरा 5.3 में व्यवस्था है कि परियोजना की कुल पूंजी लागत की अनुमति देते समय उपयुक्त आयोग सुनिश्चित करेगा कि यह संगत है और – इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए पूंजी लागत पर अपेक्षित बैंचमार्क विनियामक आयोग द्वारा विकसित किया जाना चाहिए। टैरिफ नीति के उक्त अधिदेश को ध्यान में रखते हुए 2009 टैरिफ विनियमों के विनियम 7 के खंड (2) के प्रथम परंतुक में व्यवस्था है कि थर्मल उत्पादन केंन्द्र व पारेषण प्रणाली के मामले में, पूंजी लागत की जांच समय समय से आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट किए जाने वाले बैंचमार्क मानदंडो के आधार पर कार्यान्वित की जाए।"

2.7.2 टैरिफ नीति के पैरा 5.3 को पूरा करते हुए और टैरिफ विनियमों 2009 के विनियम 7 के खंड (2) के पहले परंतुक को पूरा करने में आयोग ने दिनांक 4.6.2012 के आदेश के माध्यम से यूनिट आकार 500/600/660/800 मैगावाट के लिए थर्मल पावर स्टेशन हेतु पूंजीगत लाभ के लिए बैंचमार्क को विनिर्दिष्ट किया है जिसे 2009 टैरिफ विनियमों के विनियम 7 के खंड (2) के अनुसार पूंजीगत लागत के जांच के लिए विचार किया जाएगा। पूंजीगत लागत के लिए बैंचमार्को की समीक्षा की जा सकती है और कमीशन द्वारा निर्णय के अनुसार इस प्रकार के अंतराल पर या 6 महीने के आधार पर अद्यतन किया जाएगा।

7.5 हाईड्रो उत्पादन

7.5.1 वर्ष 2012–13 के दौरान आयोग ने एनएचपीसी, एनएचडीसी, नीपको, एसजीवीएनएल, टीएचडीसी और डीवीसी के निम्नलिखित केंद्रीय क्षेत्र हाइड्रो उत्पादनकारी केंन्द्रो के टैरिफ को विनियमित किया जो उत्तरी, पश्चिमी पूर्वी और पूर्वोत्तर क्षेत्रों में स्थित हैं और उनकी **9760.20 मैगावाट** की कुल संस्थापित क्षमता है। केन्द्रों के ब्यौरे तथा वाणिज्यिक परिचालनों का वर्ष **अनुबंध V** मे दिया गया है। **केविविआ की परिधि के अंतर्गत हाइड्रो केंद्रो के समन्वित टैरिफ अनुबंध VI दिए गए हैं।**

7.5.2 आयोग ने निम्नलिखित हाइड्रो केंद्रो के अंतिम उत्पादन टैरिफ के अनुमोदन के लिए याचिकाओ का निपटान किया:

(i) एनएचडीसी के इंदिरा सागर हाइड्रो पावर स्टेशन 1000 मैगावाट (8x125 मैगावाट) के 2009–14 की अवधि के लिए टैरिफ।

(ii) एनएचपीसी का चमेरा हाइड्रो पावर स्टेशन चरण-II 300 मैगावाट (3x100 मैगावाट) का 2009–14 वर्ष की अवधि के लिए टैरिफ।

(iii) नीपको का दोयांग हाइड्रो स्टेशन 75 मैगावाट (3x25 मैगावाट)2009–14 वर्ष की अवधि के लिए टैरिफ

(iv) एनएचपीसी का तीस्ता हाइड्रो स्टेशन चरण-V 510 (3x170 मैगावाट) 2008–09 वर्ष की अवधि के लिए टैरिफ।

7.5.3 एनएचपीसी के चमेरा हाइड्रो स्टेशन स्टेज– III (3x35=105 मैगावाट) का 2009–14 की अवधि के लिए अनंतिम उत्पादन टैरिफ के अनुमोदन के लिए याचिका को निपटाया गया।

7.5.4 निम्नलिखित हाइड्रो स्टेशन की पुनरीक्षण याचिकाओं को निपटाया गया :.

(i) एनएचपीसी का टंकापुर हाइड्रो स्टेशन (3x31.40=94.20 मैगावाट) – 2009–14 की अवधि के लिए टैरिफ की समीक्षा की गई और संशोधन किया गया।

(ii) एनएचपीसी का सलल हाइड्रो स्टेशन (6x115=690 मैगावाट) – 2009–14 की अवधि के लिए टैरिफ की समीक्षा की गई और संशोधन किया गया।

(iii) एनएचपीसी का रंगीत हाइड्रो स्टेशन (3x20=60 मैगावाट) – 2009–14 की अवधि के लिए टैरिफ की समीक्षा की गई और संशोधन किया गया।

(iv) एनएचपीसी का वैरास्योल हाइड्रो स्टेशन (3x60=180 मैगावाट) – 2009–14 की अवधि के लिए टैरिफ की समीक्षा की गई और संशोधन किया गया।

(v) एनएचडीसी का औंकारेश्वर हाइड्रो स्टेशन (8x65=520 मैगावाट) – 2007–09 तक की अवधि के लिए टैरिफ की समीक्षा की गई और संशोधन किया गया।

(vi) एनएचपीसी का उरी हाइड्रो स्टेशन (4x120=480 मैगावाट) – 2009–14 की अवधि के लिए टैरिफ की समीक्षा की गई और संशोधन किया गया।

(vii) एनएचपीसी का लोकटक हाइड्रो स्टेशन (3x35=105मैगावाट) – 2009–14 की अवधि के लिए टैरिफ की समीक्षा की गई और संशोधन किया गया।

7.5.5 निम्नलिखित हाइड्रो केंद्रों के अंतिम उत्पादन टैरिफ से संबंधित याचिकाएं प्रगति में है/विचारार्थ हैं:

(i) 2009–14 की अवधि के लिए टीएचडीसी की टिहरी हाइड्रो पावर परियोजना (4x250 मैगावाट)

(ii) 2011–14 की अवधि के लिए टीएचडीसी का (कोटेश्वर एचई परियोजना)(4x100 मैगावाट)

(iii) 2009–14 की अवधि के लिए एचजेवीएनएल की नेथफा झाकरी परियोजना (6x250 मैगावाट)

(iv) 1.12.2011 से 31.3.2013 की अवधि के लिए एनएचपीसी की उरी हाइड्रो विद्युत परियोजना चरण–II

(v) 2009–14 की अवधि के लिए एनएचपीसी की तिस्ता हाइड्रो विद्युत परियोजना चरण–V (3x170 मैगावाट)

(vi) 1.4.13 से 31.3.2014 की अवधि के लिए एनएचपीसी की तिस्ता लोडैम परियोजना चरण–III (4x33 मैगावाट)

(vii) 1.9.2011 से 31.3.2014 की अवधि के लिए एनएचपीसी की चटक एचई परियोजना (4x11 मैगावाट)

(viii) 2009–14 की अवधि के लिए डीवीसी की पंचेत, मैथान एवं तिलैया हाइडल पावर केंद्र

7.5.6 वास्तविक पूंजी व्यय पर आधारित 2009–14 तक की अवधि के लिए टैरिफ के पुनरीक्षण के लिए निम्नलिखित हाइड्रो केंद्रो की याचिकाओं को ठीक करना प्रगति पर है/विचारार्थ है।

(i) एनएचपीसी की सलल एचई स्टेशन (6x115=690 मैगावाट)

(ii) एनएचपीसी की दुलहस्ती एचई स्टेशन (3x130=390 मैगावाट)

(iii) एनएचपीसी का चमैरा एचई स्टेशन चरण–I (3x100=300 मैगावाट)

(iv) एनएचपीसी का तनकपुर एचई स्टेशन (3x31.4=94.20 मैगावाट)

(v) एनएचपीसी का दुलीगंगा एचई स्टेशन (4x70 मैगावाट)

(vi) एनएचपीसी का लोकतक एचई स्टेशन (3x35=105 मैगावाट)

(vii) एनएचपीसी का बेरूसुअल एचई स्टेशन (3x60=180 मैगावाट)

(viii) एनएचपीसी का रंगीत एचई स्टेशन (3x20=60 मैगावाट)

(ix) एनएचपीसी चमैरा एचई स्टेशन चरण–II (3x100=300 मैगावाट)

(x) एनएचपीसी का उरी एचई स्टेशन (4x120=480 मैगावाट)

7.5.7 अन्य कार्य

7.5.7.1 हाईड्रो विद्युत परियोजना की अनुसूची आरंभ करने के लिए मार्गनिर्देश

(i) आयोग ने 2010 में राज्य नियंत्रित या निजी अर्थात प्राइवेट सेक्टर परियोजना न होते हुए हाइड्रो विद्युत परियोजनाओं की अनुसूची आंरभ करने के लिए ड्राफ्ट मार्गनिर्देशों पर टिप्पणी आमंत्रित की थी। जुलाई, 2011 में विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार संकल्प स 23/22005 आरएंडआर(खंड 4) दिनांक 8.7.2011 के माध्यम से हाइड्रो टैरिफ नीति को संशोधित किया और 'राज्य नियंत्रित या निजी न होने के नाते' शब्दों को हटा दिया इस प्रकार इसे राज्य/केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए प्राईवेट डेवलेपर के लिए लागू प्रावधान करते हुए लागू कर दिया। इस लिए आयोग ने ड्राफ्ट मार्गनिर्देशों को संशोधित करने का निर्णय लिया ताकि इसे सीपीएसयू के लिए भी लागू किया जा सके। परामर्श ऊर्जा इंन्फ्राट्रेक द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट संवीक्षा के अधीन है।

(ii) नामित स्वतंत्र एजेसिंयों/संस्थाओं की सूची

टैरिफ विनियम 2009 के केंन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग विनियम 7 (2) के अनुसरण में 4 एजेसिंयों को पहले ही हाइड्रो विद्युत परियोजनाओं पूंजीगत लागत की जांच के लिए नामित स्वतंत्र एजेंसियों/संस्थाओं के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। कुछ एजेंसियों ने नामित एजेंसियों के रूप में नाम सूची के लिए आयोग से संपर्क किया है। पैनल को बढाने के उद्देश्य से नवम्बर 2011 में नये कोटेशन स्वतंत्र एजेंसियों/सस्थाओं के लिए आमंत्रित किए गए। दो और एजेंसियों को केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग के आदेश दिनांक 23.2.2012 के माध्यम से नामित एंजेसिंयो के माध्यम से नाम सूची में डाला गया।

7.5.7.2 विद्युत संयत्रों एवं पर्याप्त प्रणाली के सृजन से संबंधित कार्यदल का गठन

26.7.2012 को सीईए द्वारा कार्यदल का गठन किया गया जिसमें कार्यदल, के अध्यक्ष के रूप में सीईए के अध्यक्ष,

सदस्य सचिव के रूप में प्रमुख (इंजी)सीईआरसी तथा उत्पादनकारी कंपनियों, वितरण कंपनियों, पोसोको, विद्युत मंत्रालय (भारत सरकार), सीईए, उपकरण विनिर्माता से सदस्यों और परामर्शदाता को शामिल किया गया।

7.5.7.3 आरजीएमओ कार्यान्वयन

आयोग ने उत्पादनकारी केंद्रो द्वारा परिचालन के नियंत्रित गवर्नर मोड से संबंधित केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (भारतीय विद्युत ग्रिड कोड) विनियम, 2010 के विनियम, 5.2 (च) के अनुपालन के लिए अपनी ओर से याचिका संख्या 191/2011 में 31 12 2012 के आदेश के माध्यम से उनकी उत्पादनकारी यूनिटों में आरजीएमओ के कार्यान्वयन की स्थिति के संबंध में आयोग के नोटिसों के उत्तर न देने के लिए प्रत्येक को 1 लाख रू के दंड लगाते हुए कुछेक उत्पादनकारी कंपनियों/विद्युत बोर्डो को दंडित किया है।

इसके अलावा, आयोग ने उक्त आदेश में एनएलडीसी को निदेश दिया कि कुछेक चुनिंदा थर्मल एवं हाइड्रो उत्पादनकारी केंद्रों के लगातार प्रतिक्रिया को सुनिश्चित करने के लिए सदस्य (थर्मल) सीईए की अध्यक्षता के अंतर्गत गठित कार्यदल को सहायता दी जा सके और समयबद्ध रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत की जा सके।

7.6 पारेषण :

क. पारेषण टैरिफः

देश में पारेषण प्रणाली तेज गति से बढ़ रही है और आयोग टैरिफ तथा कनेक्टीविटि, निर्बाध पहुंच, पारेषण प्रभारों की शेयरिंग अननुसूचित अंतः परिवर्तन एवं ग्रिड संबद्ध मुद्दों से संबंधित विविध याचिकाओं के बारे में अधिकतम कार्य को संचालित करता है।

आयोग ने अनंतिम आदेशों सहित अंतःराज्यिक पारेषण प्रणाली (आईएसटीएस) से संबद्ध याचिकाओं में कई आदेशों को जारी किया है। अधिकांश टैरिफ याचिकाएं टैरिफ अवधि 2009–14 से संबंधित पीजीसीआईएल द्वारा दाखिल की गई हैं और कई याचिकाएं वर्ष 2012–13 के दौरान आरंभ की गई आस्तियों के टैरिफ के निर्धारण के लिए की गई है। इस प्रकार की ऐसी याचिकाएं रही हैं जिसमें समर्पित लाइनें आईएसटीएस का हिस्सा हो गई और इस प्रकार के लाईनों की याचिकाएं वर्ष 2012–13 के दौरान निपटाई गई।

ख. ग्रिड नियंत्रण की मॉनिटरिंग एवं प्रवर्तनः

i. उत्तरी क्षेत्रीय भार प्रेषण केन्द्र द्वारा याचिका संख्या 125/एमपी/2012

एनआरएलडीसी ने 1.1.12 से 25.3.2012 तक उतरी क्षेत्र की संघठकों द्वारा सतत अधिक आहरण के कारण उचित निर्देशों की मांग करते हुए याचिका दाखिल की। इस मामले की 3.5.12 को सुनवाई की गई और 20.5.2012 तक वापसी योग्य उत्तरी क्षेत्र के संघठकों को नोटिस जारी किया गया। चूंकि ग्रिड से अधिक आहरण सतत रहा अतएव याचिकाकर्त्ता ने 1.5.2012 से 14.5.2012 तक अधिक आहरण के डाटा द्वारा आधारित आईए सं

25/2012 दाखिल की तथा उत्तरी क्षेत्र के संघटकों को उचित निदेशों की मांग की ताकि अधिक आहरण को समाप्त किया जा सके ग्रिड की सुरक्षा को बनाए रखा जा सके।

याचिकाकर्त्ता की सुनवाई के बाद, आयोग ने विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब और हरियाणा के उत्तरी क्षेत्र के संघठकों को निर्देश दिया कि अनुसूची के अंतर्गत उनके अधिक आहरण को नियंत्रित किया जा सके और यह सुनिश्चित किया जा सके कि केविविआ(भारतीय विद्युत ग्रिड कोड) विनियम, 2010 के विनियम 6.4.8, 5.4.2 (क) और 5.4.2 (ख) का उल्लंघन न हो। आयोग ने प्रणाली की सुरक्षा को बनाए रखने के लिए एनआरएलडीसी के निदेशों का पालन करने के लिए उत्तरी क्षेत्र के संघटको को भी निर्देश दिया।

आयोग ने 31.5.2013 को याचिका की सुनवाई की और 10.7.2012 के अपने आदेश के माध्यम से विस्तृत निदेश जारी किए। आयोग ने अन्य बातों के साथ साथ यह निर्देश दिया कि उक्त आदेश में आयोग के निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए राज्य प्रयोज्यताओं/राज्यभार प्रेषण केंद्रों के समूचे कार्य में अधिकारियों का व्यक्तिगत उत्तरदायित्व होगा। इसके 2 आवेदनों अर्थात आईए सं 35/2012 तथा आईए सं. 38/2012 के माध्यम से याचिकाकर्ता द्वारा 1.6.2012 से 30.60.12 तथा 10.7.12 और 16.7.12 की क्रमशः अवधि के लिए उत्तरी क्षेत्र के संगठकों द्वारा अधिक आहरण की स्थिति को आयोग के नोटिस में लाया गया। आयोग ने 26.7.2013 को याचिका पर सुनवाई की। आयोग ने नोट किया कि आयोग के निर्देशों के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। अपने आदेश के माध्यम से आयोग ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड और जम्मू और कश्मीर के एसटीयू/एसएलडीसी के प्रभारी अधिकारियों को निदेश दिया कि वे 14.8.2012 को आयोग के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों।

एनआरएलडीसी ने 30.7.2012 और 31.7.2012 को हुए ग्रिड व्यवधान को ध्यान में रखते हुए आयोग के अनुग्रह की मांग करते हुए 3.8.2012 को आईए सं. 45/2012 दाखिल की।

जैसा कि 30.7.2012 के केविविआ के आदेश में निदेश दिया गया है उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड और राजस्थान के राज्यों के एसटीयू/एसएलडीसी के प्रभारी अधिकारी 14.8.2012 को आयोग के समक्ष प्रस्तुत हुए ग्रिड से अधिक आहरण को मना किया या आरएलडीसी के निदेशों का गैर अनुपालन को मना नहीं किया। पीडीडी, जम्मू एवं कश्मीर के प्रभारी अधिकारी नोटिस के बावजूद उपस्थित नहीं हुए। आयोग ने ग्रिड नियंत्रण जैसे गंभीर मामले में आयोग के आदेश के प्रति संबद्ध अधिकारी के व्यवहार की निदां की।

आयोग ने विचार किया कि यह अधिकारी न केवल हमारे निर्देशों का अनुपालन करने में असफल रहें बल्कि अधिनियम एवं ग्रिड कोड के अंतर्गत अपने उत्तरदायित्व का निर्वाह करने में भी असफल रहे। आयोग ने अपने निर्देशों के गैर अनुपालन के लिए और अधिनियम एवं ग्रिड कोड के प्रावधानों के अनुदेशो का पालन न करने के लिए दंड लगाने के लिए उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, राजस्थान और जम्मू कश्मीर राज्यों के एसटीयू/एसएलडीसी के प्रभारी अधिकारियों के विरूद्ध अधिनियम की धारा 142 के अंतर्गत कार्रवाई के लिए आयोग के स्टाफ को निर्देश दिया।

ii. आईईजीसी, 2010 के गैर अनुपालन के विरूद्ध याचिका संख्या 178/एसएम/2012

आयोग ने अधिनियम के उपबंधों और ग्रिड कोड तथा आयोग के निर्देशों के गैर अनुपालन के लिए दंड लगाने के लिए उत्तर प्रदेश, उतराखंड, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और जम्मू कश्मीर के एसटीयू/ एसएलडीसी के प्रभारी अधिकारियों को 7.9.2012 को कारण बताओं नोटिस जारी किया।

दिनांक 7.9.2012 के कारण बताओं नोटिस के उत्तर में एसएलडीसी/एसटीयू हरियाणा के प्रतिवादियों ने शपथ पत्र दिनांक 20.9.2012 के माध्यम से संयुक्त उत्तर प्रस्तुत करते हुए दाखिल की कि मई से सितंबर 2012 माह के दौरान राज्य में कृषि प्रयोजन के लिए विद्युत की भारी मांग थी। 2011 में उसी अवधि के दौरान किसी भी स्थिति में पीक लोड 6400 मैगावाट था। उक्त मांग पर विचार करते हुए हरियाणा की विद्युत प्रयोज्यताओं ने विभिन्न स्रोतो से 7200 मैगावाट की व्यवस्था की। तथापि, 600 मैगावाट की कुल क्षमता वाले एचपीजीसीएल के यमुनानगर उत्पादनकारी केन्द्रों के दो यूनिटों और राजीव गांधी थर्मल पावर स्टेशन के एक यूनिट के कारण और कोयले की गैर उपलब्धतता के कारण झझर पावर प्लांट के गैर परिचालन के कारण राज्य में विद्युत की

कमी रही जो 73 प्रतिशत की सीमा तक मई से अगस्त, 2012 के दौरान वर्षा की कमी के कारण रही।

विद्युत की कमी की पूर्ति के उद्देश्य से हरियाणा विद्युत क्रय केंद्र ने पावर एक्सचैंजों के माध्यम से, अन्य राज्यों के साथ बैंकिंग एवं मई, जून और जुलाई 2012 के दौरान अल्पकालीन विद्युत क्रय जैसे विभिन्न स्रोत्रों से विद्युत आपूर्ति बढ़ाने की व्यवस्था की। एनआरएलडीसी तथा अपनी ओर से अधिक आहरण मैसेजों की प्राप्ति पर एचवीपीएनएल ने मई से अगस्त 2012 माह के दौरान अधिक आहरण को कम करने के लिए दो वितरण कंपनियों को मैसेज जारी किए। 10.9.2012 को एचवीपीएनएल ने हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग के समक्ष याचिका दाखिल की जिसमें भारतीय विद्युत ग्रिड कोड और राज्य ग्रिड कोड के प्रावधानों के अनुपालन में हरियाणा की वितरण कंपनियों के लिए निर्देशों की मांग की गई और उनकी ऊर्जा अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए यूआई मैकेनिज्म पर पूरी तरह से निर्भर करते हुए और लगातार अधिक आहरण से बचने के लिए ऐसा किया गया।

प्रतिवादियों की प्रस्तुति पर आधारित आयोग ने हरियाणा की वितरण कंपनियों द्वारा प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए राज्य आयोग के समक्ष मामले को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिवादियों को निर्देश दिए। आयोग ने यह सुनिश्चित करने के लिए अधिनियम और ग्रिड कोड के अंतर्गत सभी संभव अनुज्ञेय उपायों को करने के लिए प्रतिवादियों को सख्त चेतावनी दी की भविष्य में राज्य के वितरण अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा कोई अधिक आहरण न किया जाए। तदनुसार आयोग ने प्रतिवादियों के विरुद्ध धारा 142 के अंतर्गत नोटिस डिस्चार्ज किए और याचिका को उपरिलिखित निर्देशों के अनुसार निपटान किया गया।

iii. राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम लि. के विरुद्ध याचिका संख्या 179/एसएम 2012

आयोग के निर्देशों और विद्युत अधिनियम 2003 के प्रावधानों एवं केविविआ(भारतीय विद्युत ग्रिड कोड) विनियम, 2010 के उपबंधों एवं आयोग के निर्देशों के गैर अनुपानल के मामलें में आयोग ने 7.9.2012 का आदेश जारी किया।

आयोग द्वारा याचिका संख्या 125/एमपी/2012 में अपने आदेश दिनांक 10.7.2012 में आयोग द्वारा दिए गए प्रतिउत्तर में राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम लि. और राजस्थान की 3 वितरण कंपनियों अर्थात जयपुर विद्युत वितरण निगम लि., जोधपुर विद्युत वितरण निगम लि. एवं अजमेर विद्युत वितरण निगम लि. ने अपने उत्तर दाखिल किए। तथापि उन्होंने स्वीकार किया कि अधिक आहरण पावर उत्पादन के उच्चावचन के कारण अंतिम उपाय के रूप में हुए।

14.8.2012 को सुनवाई के दौरान राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लि. के प्रतिनिधि ने स्वीकार किया कि पवन ऊर्जा में भिन्नता के कारण राज्य को ग्रिड से कभी कभार अधिक आहरण का दबाव रहा। एनआरएलडीसी से मैसेज की प्राप्ति पर तत्काल कार्रवाई की गई और वितरण कंपनियों को उनके भार को कम करने के लिए हिदायत दी गई और कुछ अवसरों पर फीडरों को खोला गया।

प्रतिवादी ने 16.7.2012 से 10.7.2012 तक की अवधि के लिए डाटा दिया और अगस्त 2012 के माह के लिए डाटा दिया। आयोग के आदेश दिनांक 17.8.2012 में नोटिस किया गया कि 10.7.2012 से 16.7.2012 तक की अवधि के दौरान राजस्थान 9ए मैसेज, 5बी मैसेस और 1सी मैसेज जारी किए गए। 11.7.2012 से 31.7.2012 तक की अवधि के लिए डाटा पर विचार करते हुए यह नोटिस दिया गया कि राजस्थान को इस अवधि के दौरान 16सी मैसेज जारी किए गए। अधिकतम अधिक आहरण 17.7.2012 को 1374 मैगावाट था जब फ्रीक्वेंसी 49.17 एचजेड थी। इस अवधि के दौरान यह फ्रीक्वेंसी उत्तरी क्षेत्र में 465 टाइम ब्लॉकों में 49.5 एचजेड से नीचे चली गई और राजस्थान में 412 टाईम ब्लाकों मे अधिक आहरण किया। 20.7.2012 को राजस्थान 34वें टाइम ब्लाक में 1235 मैगावाट की अपनी अनुसूची के लिए 3191 मैगावाट का आहरण कर रहा था जिससे 1995 मैगावाट का अधिक आहरण हुआ। इस प्रकार राजस्थान का यह दावा कि इसने आयोग के निर्देशों के बाद अधिक आहरण को नियंत्रित किया है वह सही नहीं पाया गया चूंकि राजस्थान अनुसूची में दुगने से अधिक का आहरण कर रहा था।

आयोग ने पाया कि 20.7.2012 को राजस्थान राज्य में अत्यधिक आहरण था। 14.3.2013 के अपने आदेश में

आयोग ने विचार किया कि एसटीयू एवं एसएलडीसी ने राजस्थान राज्य मे अधिक आहरण को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए। प्रत्येक पर 90,000 रूपए का दंड एसटीयू और एसडीएलसी पर लगाया गया। 2 प्रतिवादियों को आदेश जारी होने की तारीख से 1 माह के अंदर दंड जमा कराने का निर्देश दिया गया।

iv. राष्ट्रीय भार प्रेषण केन्द्र द्वारा याचिका संख्या 190/एमपी/2012

एनएलडीसी ने स्वीकार किया कि जांच समिति ग्रिड व्यवधान के प्रभावों में अध्यक्ष सीईए की अध्यक्षता के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा गठित की गई थी। जांच समिति ने ग्रिड व्यवधान के कारणों में एक अधिक आहरण का चयन किया। एनएलडीसी ने स्वीकार किया कि संकुलता प्रभार वाणिज्यिक संकेतों के माध्यम से संकुलता से छुटकारे के लिए एक साधन है जो दबावपूर्ण मामलों में महत्वपूर्ण है। इसलिए ग्रिड को सुरक्षित ढंग से प्रचालित करने के उद्देश्य से संकुलता प्रभारों का लगाया जाने की दबावपूर्ण मामलें में अनुमति दी जानी चाहिए। तदनुसार एनएलडीसी को अनुरोध किया गया 'वास्तविक समय परिचालन में संकुलता से छुटकारे' के लिए विस्तृत क्रियाविधि के संगत खंडो को संशोधित किया जाए।

आयोग ने याचिका का अनुसरण किया याचिकाकर्त्ता के प्रतिनिधि की सुनवाई की। आयोग ने निर्देश दिया की मौजूदा याचिका को यूआई विनियमों के संसोधनों के लिए पोसोको के प्रस्ताव के रूप में माना जाए और प्रस्ताव की समीक्षा के लिए स्टाफ को निर्देश दिया और समयबद्ध रूप में विचारार्थ आयोग को प्रस्तुत किया।

v. यू ग्रिड के संघटकों के विरूद्ध याचिका संख्या 195/एसएम/2012:

2010 के विनियम 5.4.2 आईईजीसी (ग्रिड कोड) ने राज्य प्रयोज्यताओं को यह सुनिश्चित करने के लिए शामिल किया गया कि उस समय कोई अधिक आहरण नहीं है जब फ्रीक्वैंसी 49.5 एचजेड या उससे कम है। इन विनियमों में अधिदेश दिया गया है कि एसएलडीसी/एसईबी/वितरण अनुज्ञप्तिधारी/बल्क उपभोक्ता निवल आहरण अनुसूची के अंदर ग्रिड से नियंत्रण क्षेत्र में अधिक आहरण को नियंत्रित करने के लिए उस समय कार्रवाई करेंगे जब कभी प्रणाली फ्रीक्वैंसी 49.7 एचजेड तक कम हो जाती है।

एनआरएलडीसी ने आईईजीसी के अनुसार उत्तरी क्षेत्र के संघटकों द्वारा प्रभावी उचित भार प्रबंधन एवं अधिक आहरण को समाप्त करते हुए समूचे न्यू ग्रिड के ग्रिड सुरक्षा के रख रखाव के लिए आयोग के निर्देश की मांग करते हुए याचिका सं0 195/एमपी/2011 दाखिल की।

एनआरएलडीसी ने रिपोर्ट किया की सितंबर/अक्तूबर 2011 के माह के दौरान कोयला स्टोरैज और अन्य संबद्ध मुद्दों के कारण ग्रिड में थर्मल उत्पादन की उपलब्धता में कमी रही।

एनआरएलडीसी ने रिपोर्ट किया की कुछेक दिनों में अर्थात 28–29 सितंबर 2011 में फ्रीक्वेंसी समय के 50 प्रतिशत से अधिक की अपेक्षा 49.5 एचजेड से कम रही। आयोग को रिपोर्ट किया गया कि उत्तरी क्षेत्र के संघटकों द्वारा विशेष रूप से उत्तर प्रदेश हरियाणा और राजस्थान राज्यों के संघटकों द्वारा दैनिक अधिक आहरण महत्वपूर्ण रूप से अधिक रहा।

आयोग ने 14.6.2012 आदेश के माध्यम से सभी राज्य विद्युत बोर्डो, वितरण अनुज्ञप्तिधारियों, एसटीयू और एसएलडीसी को निर्देश दिया कि न्यू ग्रिड के सुरक्षित एवं विश्वसनीय परिचालन को सुनिश्चित करने के लिए ग्रिड कोड का अनुपालन किया जाए। गैर अनुपालन के मामलों को ग्रिड कोड के प्रावधानों के अनुसार आरपीसी/आरएलडीसी द्वारा रिपोर्ट किया जाएगा।

ग. गैर अनुसूचित अंतःपरिवर्तन भुगतान में चूक करने वाली प्रयोज्यताओं पर कार्रवाई।

उपलब्धता आधारित टैरिफ मैकेनिज्म के अतर्गत अनुसूची से किसी प्रकार का विचलन यूआई प्रभारों के माध्यम से अदा किया जाता है। यूआई प्रभारों को सप्ताहिक आधार पर जारी किया जाता है और यूआई प्रभारों का भुगतान उच्च प्राथमिकता आधार पर होता है। संघटकों से संबंधित आरपीसी द्वारा यूआई बिल के जारी होने 10 दिन के अंदर आरएलडीसी द्वारा बनाए गए क्षेत्रीय पूल में प्रतिदेय यूआई अदा करने की अपेक्षा होती है। 2012–13 के दौरान आयोग ने पाया कि संघटकों द्वारा यूआई प्रभारों के गैर भुगतान के मामले रहे और इन चूककर्त्ता प्रयोज्यताओं के विरूद्ध कार्रवाई की गई।

i. विद्युत विभाग, जम्मू एवं कश्मीर सरकार के विरुद्ध याचिका सं 181/एसएम/2012

आयोग के निर्देशों के गैर अनुपालन के मामले में और विद्युत अधिनियम, 2003 के प्रावधानों तथा केविविआ (भारतीय विद्युत ग्रिड कोड) विनियम, 2010 के प्रावधानों के गैर अनुपालन के मामलें में आयोग का दिनांक 7.9.2012 का आदेश।

जैसाकि याचिका सं0 125/एमपी/2012 में केविविआ के आदेश दिनांक 30.7.2012 में निर्देश दिया गया है उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान राज्यों के प्रभारी अधिकारी 14.8.2012 को आयोग के समक्ष प्रस्तुत हुए। पीडीडी, जम्मू और कश्मीर के प्रभारी अधिकारी नोटिस के बावजूद उपस्थित नहीं हुए।

यह नोट किया गया कि न तो उत्तर दाखिल किया गया और न ही व्यक्तिगत रूप से या अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थिति दर्ज की अतएव आयोग ने ग्रिड अनुशासन जैसे मामले में आयोग के आदेश के प्रति प्रतिवादियों के इस रूझान की निन्दा की। प्रतिवादियों को 17.9.2012 के कारण बताओं का निदेश दिया गया कि उनके विरुद्ध विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 142 के अंतर्गत उनके विरुद्ध दंड क्यों नहीं लगाया जाना चाहिए और अधिनियम, ग्रिड कोड के उपबंधों, एनआरएलडीसी के निर्देशों एवं आयोग के आदेशों के उल्लंघन के लिए उनके वेतन से दंड राशि वसूल क्यों नहीं की जानी चाहिए।

कारण बताओं नोटिस दिनांक 3.9.2012 के उत्तर में प्रतिवादियों ने दिनांक 21.9.2012 के शपथ पत्र के माध्यम से संयुक्त उत्तर दाखिल किया। प्रतिवादियों ने स्वीकार किया कि जम्मू एवं कश्मीर राज्य में ग्रिड कोड के अंतर्गत सांविधिक नियमों एवं विनियमों के अनुपालन का लगातार प्रयास करता रहा है।

निर्धारित अनुसूची पर बने रहने के लिए सभी प्रयास जम्मू एवं कश्मीर विद्युत विकास द्वारा किए गए। तथापि पीक घंटों के दौरान जब स्थिति नियंत्रण योग्य नहीं थी तब अधिक आहरण की छोटी रकम को अल्पावधि के लिए बचाया नहीं जा सका। जुलाई के चौथे सप्ताह के दौरान आरंभ रमजान के पवित्र माह तथा तदनुसार राज्य के लोगों के लिए प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए और ग्रिड से अधिक आहरण नहीं करने के लिए राज्य ने अग्रिम योजना तैयार की और बाजार से विद्युत का क्रय किया। प्रतिवादियों ने तत्काल लोड शैडिंग के प्रभार का मुकाबला करने के लिए 33 केवी और 132 केवी लाईनों पर 20–30 मैगावाट के लोड ब्लॉक का पहले से पता लगाया जब महत्वपूर्ण मैसेज ग्रिड नियंत्रण से प्राप्त किए गए। यह भी स्वीकार किया गया कि उत्तरी क्षेत्रीय भार प्रेषण केन्द्र (एनआरएलडीसी) की रिपोर्टो से प्रमाणित होता है कि जम्मू एवं कश्मीर के राज्य किसी प्रावधानों का उल्लंघन नहीं कर रहे हैं।

आयोग ने पाया कि केविविआ के आदेश दिनांक 10.7.2012 में दिए गए निर्देशों के अनुसार न्यूनतम अनुपालन रहा है। यह तथ्य है कि राज्य ने उन आहरण को रोकने के लिए प्रतिवादी को आयोगों के निर्देशों के बावजूद अनुसूची में इसके आहरण को सीमित नहीं किया और आयोग ने अपने निर्देशों के अनुपालन न करने के लिए 50000 के दंड को लगाया। आयोग ने एनआरएलडीसी को निर्देश दिया कि वह निर्देशों के अनुसार अनुपालन को मॉनिटर करे और आयोग को मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

ii. हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लि. के विरुद्ध याचिका सं 232/एसएम/2012

हरियाणा विद्युत प्रसारण नि लि. द्वारा अनुसूचित अधिक आहरण में आहरित ऊर्जा में यूआई प्रभारों के भुगतान में चूक के मामले में आयोग के 17.10.2012 के आदेश में नोट किया है कि अधिभार सहित 243.83 करोड़ रूपए 31.8.2012 की स्थिति के अनुसार हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लि. के विरुद्ध अभी तक बकाया था। आयोग ने अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लि. को निदेश दिया कि 31.10.2012 तक समूचे यूआई भुगतान को समाप्त करें और व्यक्तिगत रूप से सुनिश्चित करें की बकाया यूआई प्रभार समाप्त हो गए हैं।

इसके बाद याचिका पर 20.11.2012 को सुनवाई की गई जिसमें एनआरएलडीसी द्वारा सूचित किया गया कि हरियाणा में सभी बकाया यूआई देयताओं को क्लीयर कर दिया है। तदनुसार आयोग ने विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 142 के अंतर्गत हरियाणा विद्युत प्रसारण नि लि. के विरुद्ध नोटिस को डिस्चार्ज कर दिया है।

iii. पंजाब राज्य विद्युत कारपोरेशन लि. के विरुद्ध यचिका सं 233/एसएम/2012

पंजाब राज्य विद्युत कारपोरेशन लि द्वारा अनुसूचित

अधिक आहरण में आहरित ऊर्जा में यूआई प्रभारों के भुगतान में चूक के मामलें में आयोग ने अपने आदेश दिनांक 17.10.2012 के माध्यम से नोट किया कि अधिभार सहित 282.63 करोड़ रूपए 31.8.2012 की स्थिति के अनुसार पंजाब राज्य विद्युत कारपोरेशन लि. के विरुद्ध अभी तक बकाया था। आयोग ने अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, पंजाब राज्य विद्युत कारपोरेशन लि. को निदेश दिया कि 31.10.2012 तक समूचे यूआई भुगतान को समाप्त करें और व्यक्तिगत रूप से सुनिश्चित करें कि बकाया यूआई प्रभार समाप्त हो गए हैं।

दोबारा 20.11.2012 को याचिका पर सुनवाई की गई जिसमें एनआरएलडीसी द्वारा सूचित किया गया कि 188.71 करोड़ रु की राशि यूआई भुगतान के लिए पीएसपीसीएल के विरुद्ध बकाया है। पीएसपीसीएल के प्रतिनिधि ने स्वीकार किया कि नकदी संकट के कारण पीएसपीसीएल इस स्थिति में नहीं था कि 31.10.2012 तक बकाया यूआई देयताओं के एकमुश्त भुगतान कर सके। पीएसपीसीएल ने स्वीकार किया कि नकदी प्रवाह के दबावों के बावजूद पीएसपीसीएल प्रत्येक सप्ताह 11 करोड़ रुपए की दर पर तथा 31.03.2013 तक बकाया यूआई देयताओं को क्लीयर करने के लिए चालू यूआई बिल का भुगतान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

अंतिम रूप में याचिका पर 18.12.2012 को सुनवाई की गई जिसमें एनआनएलडीसी द्वारा सूचित किया गया कि यूआई आहरण के कारण पीएसपीसीएल के विरुद्ध 131 करोड़ रूपए की राशि बकाया है। पीएसपीसीएल ने यूआई प्रभारों के भुगतान सहित यूआई देयताओं के समापन के लिए 3 माह के समय का अनुरोध किया है। आयोग ने एनआरएलडीसी को निदेश दिया है कि पीएसपीसीएल की यूआई भुगतान की स्थिति के बारे में फरवरी से आरंभ होने वाले प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में आयोग को सूचित करें।

तदनुसार आयोग ने विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 142 के अंतर्गत पंजाब राज्य विद्युत कार्पोरेशन लि. के विरुद्ध नोटिस डिस्चार्ज किया।

iv. उत्तर प्रदेश विद्युत कार्पोरेशन लि0 के विरुद्ध याचिका सं0 239/एसएम/2012

आयोग ने उत्तर प्रदेश विद्युत का0 लि0 (यूपीपीसीएल), लखनऊ द्वारा अनुसूचित अधिक आहरण में आहरित ऊर्जा में यूआई प्रभारों के भुगतान में चूक के मामलें में दिनांक 17.10.2012 के आदेश में नोट किया है कि अधिभार सहित 2561.61 करोड़ रू 31.08.2012 की स्थिति के अनुसार यूपीपीसीएल के विरुद्ध बकाया थे। आयोग ने चालू यूआई देयताओं के अतिरिक्त कम से कम 113 करोड़ रूपए प्रतिमाह का भुगतान करने के लिए लोचशीलता की अनुमति दी है। आयोग ने 31.10.2012 तक समूचे यूआई भुगतान को समाप्त करने के लिए अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेशक, यूपीपीसीएल को निदेश दिया है कि वह व्यक्तिगत रूप से सुनिश्चित करें की बकाया यूआई प्रभार समाप्त हो गए हैं।

इसके अलावा 20.11.2012 को याचिका पर सुनवाई की गई जिसमें आयोग द्वारा नोटिस किया गया कि प्रतिवादी ने जून 2012 से आंरभ होने वाली 6 मासिक किस्तों में बकाया यूआई राशि को समाप्त करने की अपनी प्रतिबद्धता का सम्मान नहीं किया। आयोग ने प्रतिवादी को निर्देश दिया की वह सुनवाई की अगली तारीख को उपस्थित हो और यह स्पष्टीकरण दें की उन्हें दिनांक 19.11.2012 के आदेश के गैर अनुपालन में व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी क्यों न माना जाए।

दोबारा याचिका पर 8.1.2013 को सुनवाई की गई जिसमें एमडी, यूपीपीसीएल ने पूर्ववर्ती आदेश के अनुसार भुगतान न करने के लिए यूपीपीसीएल की असफलता के लिए क्षमा मांगी और यह स्पष्ट किया कि यह कंपनी की अस्थिर वित्तीय स्थिति के कारण हुआ। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि फिलहाल यूपीपीसीएल की 2200 करोड़ की बकाया देयताओं सहित 14500 करोड़ रू की संचित देयता है। यह राशि एकमुश्त है और बैंक ऋण के बिना इसका भुगतान करना संभव नहीं है। भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार ने बकाया विद्युत क्रय देयता को समाप्त करने के लिए विद्युत कंपनियों की पुनस्थापना के लिए योजना को अनुमोदित किया है। वित्तीय पुनर्संरचना को बैंकों द्वारा अनुमोदित किया गया था और नंवम्बर 2012 से टैरिफ का पुनरीक्षण भी किया गया है अतएव यूयूपीसीएल की नकदी प्रवाह समस्या आसान होने की संभावना है। इसे जनवरी, 2013 से आरंभ होने वाले प्रत्येक माह 100 करोड़ रू का भुगतान करना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि यह ग्रिड से कोई अधिक आहरण नहीं होगा।

एनआरएलडीसी के प्रतिनिधि ने दावे के विपरीत यह स्वीकार किया कि कोई आहरण नहीं होगा। यूपीपीसीएल 8.1.2013 की सुबह में ग्रिड से 1000 मैगावाट का आहरण कर रहा था। आयोग ने एनआरएलडीसी को निदेश दिया की यूपीपीसीएल सहित उत्तरी क्षेत्र के संघटकों अधिक आहरण के मामलें में फीडरों को खोला जाए। उक्त अनुमत्त किस्तों के माध्यम से भुगतान में यूआई प्रभारों के भुगतान में विलंब में ब्याज के भुगतान एवं संगणना के संबंध में ग्रिड कोड के प्रावधानों में कोई रियायत नहीं होगी।

अंतिम रूप में एनआरएलडीसी को यूपीपीसीएल के यूआई भुगतान की स्थिति के बारे में जनवरी 2013 में आरंभ होने वाले प्रत्येक माह के प्रत्येक सप्ताह में आयोग को सूचित करने का निदेश दिया गया। यदि कोई चूक भुगतान करने में यूपीपीसीएल द्वारा की जाती है तो एनआरएलडी को उचित निर्देश के लिए आयोग को संपर्क करने के लिए स्वतंत्रता दी गई थी।

v. अन्य याचिकाएं

इसी प्रकार अरूणाचल प्रदेश के विरुद्ध याचिका सं0 234/एसएम/2012 के मामलें में, असम विद्युत वितरण कंपनी लि के विरुद्ध याचिका सं 235/एसएम/2012, मणिपुर के विरुद्ध याचिका सं 236/एसएम/2012, मेघालय ऊर्जा कारपोरेशन लि शिलांग के विरुद्ध याचिका सं 237/एसएम/2012, और त्रिपुरा राज्य विद्युत का लि के विरुद्ध याचिका सं 238/एसएम /2012, के मामले में संबंधित राज्य के वितरण प्रयोज्यता या विद्युत विभाग ने केन्द्रीय आयोग के निर्देशों के अनुसार अपनी बकाया यूआई देयताओं को क्लीयर किया।

घ. निर्बाध पहुंच का प्रवर्तन

निर्बाध पहुंच विद्युत अधिनियम, 2003 की एक आधार शिला है। आयोग को अंतरराज्यिक पारेषण प्रणालियों को निर्बाध पहुंच सरल बनाने के लिए कार्यों को सौंपा गया है। आयोग ने केविविआ(अंतरराज्यिक पारेषण और संबद्ध मामलों में कनैक्टीविटी, दीर्घकालीन पहुंच और मध्यकालीन पहुंच प्रदान करना) विनियम, 2008 जारी किया जिसमें अंतरराज्यिक पारेषण प्रणली के लिए दीर्घकालीन पहुंच, मध्यकालीन निर्बाध पहुंच और अल्पकालीन निर्बाध पहुंच को सरल बनाया गया। 2012–13 की अवधि के दौरान आयोग ने अंतरराज्यिक पारेषण प्रणाली में निर्बाध पहुंच की स्वीकृति के लिए याचिकाओं को निपटान किया।

लैंकों अनपरा पावर लि द्वारा याचिका सं0 189/एनपी/2012 के मामलें में यूपीपीटीसीएल ने उत्पादक को अनापत्ति प्रमाण पत्र मना किया जिसमें यह उल्लेख किया गया कि याचिकाकर्त्ता को पूर्ण उत्पादन के मामलें में लैंको अनपरा सी (1200 मैगावाट) से 100 मैगावाट की अधिशेष क्षमता के विद्युत शून्यकरण के लिए पारेषण प्रभारों और हानियों को अदा करने के आवश्यकता है। अतएव वह उत्पादक, जिसका यूपी पावर कारपोरेशन लि.(यूपीपीसीएल) के साथ 1100 मैगावाट की विद्युत की आपूर्ति के लिए विद्युत क्रय करार रहा है, वह 100 मैगावाट के लिए 25 वर्षों के लिए आईएसटएस के मौजूदा एलटीओए व्यवस्था का प्रयोग करते हुए दीर्घकालीन आपूर्ति के लिए कनट्रेक्ट प्राप्त करने में असमर्थ है।

आयोग ने उत्पादक, यूपीपीसीएल और सीटीयू की स्वीकृतियों पर विचार किया और पाया कि उत्पादनकारी केन्द्र अनपरा सी उत्तरप्रदेश की एक सन्निहित इकाई है। अनपरा सी, अनपरा ए और बी की सामान्य बस से संबद्ध है जो 400 केवी अनपरा सिंग्रोली आईएसटी लाईन से सबद्ध है। अनपरा सी प्रत्यक्ष रूप से 765 केवी एसटीयू नेटवर्क से संबद्ध हैं और अधिकांश विद्युत प्रवाह एसटीयू नेटवर्क के माध्यम से है। एक तरफ याचिकाकर्त्ता का उत्पादनकारी केन्द्र एसटीयू से संबद्ध है और दूसरी तरफ सीटीयू से संबद्ध हैं।

आयोग ने विचार किया है कि एसटीयू के पारेषण प्रणाली इस मामलें में हस्तक्षेप कारी प्रणाली के रूप में कार्य नहीं करती है चूंकि राज्य पारेषण नेटवर्क विद्युत के वाहन के लिए अंतरराज्यिक पारेषण प्रणाली के रूप में पहुंच में प्रयुक्त नहीं की जाती है अर्थात विद्युत एसटीयू नेटवर्क द्वारा आईएसटीएस में सम्प्रेषित नहीं होती है और कान्ट्रेक्ट मार्ग का पता नहीं लगाया जा सकता है।

तदनुसार आयोग ने निदेश दिया कि याचिकाकर्त्ता एसटीयू नेटवर्क के पारेषण प्रभारों को अदा नहीं करेगा और पारेषण प्रभारों और अनपरा सी से 100 मैगावाट के लिए हानियों का भुगतान केविविआ शेयरिंग विनियम, 2010 द्वारा अधिशासित होगा।

ङ) विविध याचिकाएं

i. राष्ट्रीय भार प्रेषण केन्द्र द्वारा याचिका सं 155/एमपी/2012 और 225/एमपी/2012

एनएलडीसी ने स्वीकार किया है कि कई कारणों से वे स्टेकहोल्डर जिन्हें कनैक्टीविटी प्रदान की गई है, एलटीए का उपयोग नहीं कर रहें हैं चूंकि वे मध्यकालीन निर्बाध पहुंच और अल्पकालिक निर्बाध पहुंच के माध्यम से विद्युत के शून्यकरण के लिए समर्थ हैं। इसके अलावा ऐसे भी उदाहरण हैं जहां उत्पादकों ने एलटीए में कमी की मांग की हैं जिससे पारेषण प्रभारों की शेयरिंग के संबंध में मुद्दें उत्पन्न हो सकते हैं। एनएलडीसी ने सुझाव दिया है कि उस मात्रा के तदनुरूप एलटीए के लिए लागू करने के लिए नए उत्पादकों हेतु यह अनिवार्य होगा जिसे ओवरलोड क्षमता सहित ग्रिड में अंतःक्षेपित किया जाएगा। 16.10.2012 को याचिका की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्त्ता के प्रतिनिधि ने स्वीकार किया कि मौजूदा याचिकाकर्त्ता का प्रयोजन ग्रिड के परिचालन के लिए प्रणाली आपरेटर द्वारा सामना की जा रही कठिनाईयों को आयोग के नोटिस में लाना है ताकि संगत विनियमों में संशोधन के लिए आवश्यक प्रक्रिया आयोग द्वारा आरंभ की जा सके।

आयोग ने याचिका को आगे बढ़ाया याचिका कर्त्ता के प्रतिनिधि को सुना। आयोग ने बताया की अधिनियम की धारा 178 के अंतर्गत इस विषय पर विनियमों को संशोधित करने और निरस्त करने की शक्ति निहित है जिसे अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के अंतर्गत प्राधिकृत किया गया है। विनियमों को संशोधित करने या बनाने की कार्रवाई उस समय आरंभ की जाती है जब आयोग संतुष्ट होता है कि इन विनियमों को बनाने या इन विनियमों के संशोधन की आवश्यकता है।

ii. राष्ट्रीय भार प्रेषण केन्द्र द्वारा याचिका संख्या 208/एमपी/2012

एनएलडीसी ने स्वीकार किया कि ग्रिड व्यवधानों के प्रभावों को देखते हुए भारत सरकार ने अध्यक्ष, सीईए की अध्यक्षता के अंतर्गत एक जांच समिति नियुक्त की है। जांच समिति ने ग्रिड व्यवधान के एक कारण के रूप में अधिक आहरण का पता लगाया है।

एनएलडीसी ने फ्रिक्वेंसी बैंड को संकीर्ण करने जैसे मुद्दों का पता लगाया है ताकि प्रणाली यूआई अंतःक्षेपण/आहरण पर सीमाओं को लागू करते हुए 50 एचजेड तक आपरेट कर सके और वास्तविक रूप से इसके अतःपरिवर्तन को किया जा सके और यूआई निपटान दर में स्थानिक बायस की शुरुआत की जा सके।

एनएलडीसी ने स्वीकार किया है कि फ्रिक्वैंसी बैंड का कड़ा करने तथा ग्रिड के सुरक्षित परिचालन के लिए अधिक आहरण/कम आहरण को नियत्रित करने की आवश्यकता है। एनएलडीसी ने स्वीकार किया है कि 0.01 एचजेड के इनस्टैप 49.9 एचजेड से 50 एचजेड के बीच यूआई दर वैक्टर तथा निर्धारित मात्रा सीमा के आगे अधिक आहरण/कम अतःक्षेपण के लिए प्रतिदेय अतिरिक्त यूआई प्रभार यूआई विनियमों में विनिर्दिष्ट किए जाने चाहिए ताकि प्रणाली को सुरक्षित ढ़ंग से परिचालित किया जा सके। तदनुसार एनएलडीसी ने यूआई विनियमों के संगत प्रावधानों को संशोधित करने का अनुरोध किया।

आयोग ने याचिका को आगे बढ़ाया और याचिकाकर्त्ता के प्रतिनिधि को सुना। आयोग ने निदेश दिया कि याचिका को यूआई विनियमों के संशोधन के लिए पोसोको के प्रस्ताव के रूप में समझा जाए और स्टाफ को निदेश दिया कि प्रस्ताव की जांच करे और समयबद्ध रूप में आयोग को विचारार्थ प्रस्तुत करें।

7.7 नवीकरणीय ऊर्जा

नवीकरणीय विनियामक निधि का मैकेनिज्म

1. विनियामक नवीकरणीय विनियामक निधि मैकेनिजम का कार्यान्वयनः.

आरआरएफ मैकेनिजम के कार्यान्वयन के लिए आयोग ने अपनी ओर से याचिका सं 209/2011 में दिनांक 30.11.2011 के आदेश के माध्यम से सभी एसएलडीसी को निदेश दिया की 15.12.2011 तक एनएलडीसी को अपेक्षित डाटा प्रस्तुत करें और एनएलडीसी को आयोग को इस संबंध में अनुपालन स्थिति प्रस्तुत करने का निदेश दिया। एनएलडीसी ने अपनी रिपोर्ट में स्वीकार किया कि पूर्वानुमान करने वाली सुविधाएं और डाटा अधिग्रहण वाली प्रणालियों के लिए एसईएम मीटरों को आरआरएफ मैकेनिज्म के अंतर्गत आने वाली सभी

नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को स्थापित नहीं किया गया है। इसके अलावा नवीकरणीय उत्पादकों से मीटरिंग, पूर्वानुमान करने वाली और डाटा के अधिग्रहण के लिए आवश्यक सुविधाओं और अपेक्षित सूचना प्रदान के लिए कार्रवाई करने की अपेक्षा की गई है ताकि एनएलडीसी द्वारा आरआरएफ मैकेनिजम के कार्यान्वयन के लिए मॉक कार्य आंरभ किया जा सके। तथापि कई एसएलडीसी ने डाटा प्रस्तुत नहीं किया है और अधिकांश अन्य एसएलडीसी द्वारा प्रस्तुत किया गया डाटा एनएलडीसी/आरएलडीसी द्वारा उपलब्ध फार्मेट के अनुसार अपेक्षित डाटा नहीं है।

भारतीय पवन ऊर्जा एसोसिएशन ने अपनी याचिका 2/एमपी/2012 को 27.12.2012 को दाखिल किया जिसमें ग्रिड कोड के अंतर्गत पवन ऊर्जा संयत्रों के अनुसूचिकरण के लिए प्रावधानों के परिचालनकरण के लिए एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा बड़ी संख्या में कठिनाईयों को सामने लाया गया और नवीकरणीय विनियामक निधि के मैकेनिजम के कार्यान्वयन के लिए क्रियाविधि को सामने लाया गया आयोग ने एमएमआरई को निदेश दिया कि मुद्दों के सामाधान के लिए बैठक आयोजित की जाए। एमएनआरई ने 23.3.2012 को बैठक आयोजित की और सीईओ, पोसोको की अध्यक्षता के अंतर्गत कार्यदल गठित करने के निर्णय किया। आयोग ने याचिका सं 209/2011 (अपनी ओर से) दिनांक 30.3.2012 के आदेश के माध्यम से निदेश दिया कि कार्यदल को 30.6.2012 तक आयोग को आरआरएफ मैकेनिजम के सफल कार्यन्वयन सं संबद्ध मुद्दों से निपटने के लिए सुझाए गए उपायों सहित अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी चाहिए। आयोग ने यह भी निदेश दिया कि पवन उत्पादकों, एसटीयू डिस्काम तथा एसएलडीसी के अंश पर तत्काल कार्रवाई अपेक्षित सुविधाओं अर्थात आरआरएफ मैकेनिज्म के कार्यान्वयन के लिए पूर्वानुमानित साधनों, समुचित सम्प्रेषण और डाटा अभिग्रहण प्रणाली इत्यादि के स्थापना के लिए अपेक्षा की गई थी। आयोग ने इस संबंध में तत्काल कारवाई के लिए पवन उत्पादकों, एसटीयू डिस्काम तथा एसएलडीसी को निदेश दिया। पवन जनरेटरों को एलएलडीसी/आरएलडीसी/ एसएलडीसी द्वारा निर्देश के अनुसार अपेक्षित डाटा उपलब्ध करवाने के लिए निदेश दिया गया था।

अप्रैल, 2012 से जुलाई 2012 की अवधि के दौरान कार्यदल ने कई बैठकें आयोजित की जिसमें सभी पवन एसोसिएशन को आमंत्रित किया गया। इन बैठकों में व्यापक मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया और इन बैठकों के दौरान किए गए विचार विमर्श पर इनपुट के आधार पर एक रिपोर्ट तैयार की गई।

कार्यदल रिपोर्ट को दिनांक 4.9.2012 को केविविआ को प्रस्तुत किया गया। इस रिपोर्ट में की गई सिफारिश निम्नानुसार हैः.

क) नवीकरणीय जनरेटर एग्रीगेटर या अर्हक अनुसूचीकरण ईकाई के रूप में अनुसूचीकरण के प्वाइंट/अनुसूचीकरण इकाई का पता लगाना।

ख) केवल 3 मई 2010 के बाद आंरभ किए गए पूंलिग केंद्रो को आईईजीसी 2010 अनुसूचीकरण और

पूर्वानुमानित अपेक्षाओं के अंतर्गत शामिल किया जाए।

ग) पांरम्परिक जनरेटरों के समान अनुसूची आधारित भुगतान मैकेनिजम

घ) केप्टिव जनरेटरों के मामलें में बहुविध कान्ट्रेक्ट दरों के मुद्दों से निपटनें के लिए कान्ट्रेक्ट दर के स्थान पर प्रयुक्त की जाने वाली संदर्भ दर की सिफारिश की गई।

ङ) जनरेटरों में वित्तीय प्रभाव के शेयरिंग के लिए मार्गनिर्देशों को जारी करने के लिए केविविआ को सिफारिश की गई।

च) वर्ष में मॉक अभ्यास की जाए।

एमएनआरई कार्यदल सिफारिशों के आधार पर केविविआ ने 1.7.2013 से आरआरएफ मैकेनिज्म के कार्यान्वयन के लिए 16.1.2013 को आदेश जारी किया जिसमें 1.2.2013 से अनुसूचीकरण एवं पूर्वानुमान के लिए मॉक अभ्यास को आंरभ करने के लिए निदेश दिया। सभी पवन जनरेटरों, एसटीयू डिस्काम और एसएलडीसी को निदेश दिया गया कि इस संबध में तत्काल उपाए किए जाएं। एनएलडीसी को केविविआ के निर्देशों के अनुसार 'नवीकरणीय विनियामक निधि के मैकेनिजम के लिए कार्यान्वयन हेतु क्रियाविधि' के समरूप करने का निदेश दिया गया और आयोग के अनुमोदन के लिए शीघ्रता से संशोधित क्रियाविधि को प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया। केविविआ के आदेश दिनांक 16.1.2013 का संगत सार नीचे दोहराया गया है:

"18. हमारा यह विचार है कि उक्त हमारे निर्णयों को ध्यान में रखते हुए, परिचालनगत कठिनाईयों का पता लगाया गया है और आरआरएफ मैकेनिज्म कार्यान्वयन के लिए तैयार है। ग्रिड कोड में पहले से ही मीटरिंग एवं डाटा अधिग्रहण के लिए प्रावधान है और एसएलडीसी/आरएलडीसी को जनरेटरों से मीटरिंग एवं डाटा प्रेषण को उक्त प्रावधानों के अनुसार व्यवस्थित किया जाए। हम यह निदेश देते हैं कि आरआरएफ मैकेनिज्म 1.7.2012 से प्रभावित होगा और सभी पवन जनरेटर, एसटीयू डिस्काम और एसएलडीसी इस संबंध में तत्काल कार्रवाई करेंगे। हमारे निर्णय के अनुसार एबीटी मीटरों को केवल पूंलिग केन्द्रों में स्थापित करने की अपेक्षा है जिसे शीघ्रता से किया जाना चाहिए। यदि एबीटी मीटर 31.3.2013 तक संबंधित राज्य पारेषण कंपनी या वितरण कंपनी द्वारा स्थापित नहीं किए जाते हैं तो उसे संबंधित राज्य पोरषण कंपनी/वितरण कंपनी की लागत पर सीटीयू द्वारा स्थापित किया जाए। हम सभी संबंधित को यह सुनिश्चित करने का निदेश देते हैं कि पूर्वानुमानित और अनुसूचीकरण के लिए मॉक अभ्यास मौजूदा स्थापित मीटरों के साथ 1.2.2013 से आंरभ कर दिया गया है।

19. हम आयोग के स्टाफ को निदेश देते हैं कि इस क्रम में दिए गए हमारे निर्णय को ध्यान में रखते हुए ग्रिड कोड में आवश्यक संशोधन को ध्यान में रखते हुए प्रक्रिया को आरंभ करें। हम एनएलडीसी को निदेश देते हैं कि हमारे उपनिदेशों के अनुसार 'नवीकरणीय विनियामक निधि के मैकेनिज्म के कार्यान्वयन के लिए क्रियाविधि' के समरूप बनाए और शीघ्रता से आयोग अनुमोदन के लिए संशोधित क्रियाविधियों को प्रस्तुत करें। सभी संबंधित एंजेंसियों को निर्देश दिया जाता है कि 1.7.2013 से आरआरएफ मैकेनिज्म के कार्यान्वयन के लिए इसे दुरूस्त करें।"

दिनांक 16.1.2013 के केविविआ के आदेश के अनुसार संशोधित आरआरएफ क्रियाविधि को 12.6.2013 को एनएलडीसी द्वारा प्रस्तुत किया गया था और दिनांक 8.7.2013 को इसके आदेश के माध्यम से केविविआ द्वारा अनुमोदित किया गया था। इसके अलावा क्रियाविधि की जानकारी के लिए स्टेकहोल्डरों को समय देने के उद्देश्य से केविविआ को निदेश दिया की आरआरएफ का कार्यान्यवन 15.7.2013 से आरंभ हो जाएगा और तदनुसार विस्तृत क्रियाविधि 15.7.2013 से कार्यान्वित होगी।

2. टैरिफ निर्धारण से संबंधित आदेश

आयोग ने केविविआ (नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से टैरिफ निर्धारण के लिए निबंधन एवं शर्तें) विनियम, 2012 (नवीकरणीय ऊर्जा टैरिफ विनियम) को अधिसूचित किया ताकि निम्नलिखित नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादनकारी केंद्रों की विभिन्न श्रेणियों के लिए टैरिफ के निर्धारण हेतु निबंधन एवं शर्तें तथा क्रियाविधि उपलब्ध करवाई जा सके।

(क) पवन विद्युत परियोजना

(ख) लघु हाइड्रो परियोजना

(ग) रैंकाइन साइकिल तकनीक सहित बायोमास विद्युत परियोजनाएं

(घ) गैर–फासिल ईंधन आधारित सह–उत्पादन संयंत्र

(ङ) सौर फोटो वाल्टिक (पीवी)

(च) सौर थर्मल पावर परियोजनाएं

(छ) बायोमास गैसीफायर आधारित पावर परियोजनाएं और

(ज) बायोगैस आधारित पावर परियाजना

नवीकरणीय ऊर्जा टैरिफ विनियमों के विनियम 8 के खंड (1) में व्यवस्था है कि "आयोग नवीकरणीय ऊर्जा तकनीक के लिए नियंत्रण अवधि के प्रत्येक वर्ष के आंरभ में अग्रिम रूप से कम से कम 6 महीनों में अपने आप याचिका के आधार पर जेनेरिक टैरिफ को निर्धारित करेगा जिसके लिए विनियमों के अंतर्गत मानदंड विनिर्दिष्ट किए गए हैं।" आयोग ने 6.2.2012 को नवीकरणीय ऊर्जा टैरिफ विनियम अधिसूचित किया है। आयोग ने नवीकरणीय ऊर्जा टैरिफ विनियमों के विनियम 8 (1) के अंतर्गत अधिदेश में 28.2.2013 के आदेश के माध्यम से (याचिका संख्या 243/एसएम/2012)(अपनी ओर से) के माध्यम से नियंत्रण अवधि (अर्थात वित्तीय वर्ष 2013–14) के प्रथम वर्ष के लिए नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के जेनरिक टैरिफ को निर्धारित किया है। टैरिफ के ब्यौरे **(अनुबंध VII)** दिए गए हैं।

7.8 वर्ष के दौरान अन्य गतिविधियां



(क) केन्द्रीय सलाहकार समितिः

वर्ष 2012–13 में केन्द्रीय सलाहकार समिति की 17वीं बैठक 20 मार्च 2013 को नई दिल्ली में आयोजित की गई। इस बैठक की मुख्य कार्यसूची "कनेक्टीविटी, दीर्घकालीन, मध्यकालीन और अल्पकालीन निर्बाध पहुंच" थी। इसमें निम्नलिखित विषयों पर विचार विमर्श किया गयारू.

- क्या कनैक्टीविटी के लिए आवेदन के साथ एलटीए के लिए आवेदन संलग्न किया जाना चाहिए?
- क्या एलटीए के लिए आवेदन के साथ अंतःक्षेपण और आहरण का फर्म प्वाइंट आवश्यक रूप से होना चाहिए?
- क्या क्षमता की निर्धारित मात्रा (%) के लिए पीपीए अग्रिम रूप से (अर्थात 5 वर्ष) होना चाहिए?
- निम्नलिखित सर्वसम्मतियों को बैठक के दौरान विकसित किया गयाः
- विनियम का अधिनियम और नीति के साथ असांमजस्य नहीं हो सकता।
- पीपीए कनेक्टीवीटी और दीर्घकालिक पहुंच के लिए पूर्व शर्त नहीं होनी चाहिए। लेकिन इसके साथ साथ दीर्घकालीक पीपीए को एसईआरसी द्वारा डिस्कॉम की विद्युत प्राप्ति पर्याप्तता विवरण के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

- ❖ पारेषण प्रणाली में अतिरिक्त उत्पन्न किया जाना चाहिए।
- ❖ राज्य पारेषण योजना में सुधार की आवश्यकता है।
- ❖ कनैक्टीविटी के लिए प्रभार लगाए जाने की आवश्यकता है। इसे मुक्त नहीं किया जाना चाहिए। कनैक्टीविटी और एलटीए के लिए वित्तीय प्रोत्साहन/गैर प्रोत्साहन होना चाहिए।
- ❖ आयोग को दोतरफा बोली सहित क्षमता बाजार को आंरभ करना चाहिए।

ख. विनियामक फोरम की गतिविधियां

विनियामक फोरम को विद्युत अधिनियम 2003 के प्रावधानों के अनुसार केंद्रीय सरकार द्वारा गठित किया गया है। इस फोरम में केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग के अध्यक्ष और राज्य विद्युत विनियामक आयोगों तथा संयुक्त विद्युत विनियामक आयोगों के अध्यक्ष शामिल है। केविविआ के अध्यक्ष फोरम के अध्यक्ष है। केविविआ द्वारा विनियामक आयोग को सचिवीय सेवा प्रदान की जाती हैं।

विनियामक फोरम की 7 बैठके वर्ष 2012–2013 के दौरान आयोजित की गई जिसमें विभिन्न मुद्दों पर विचार किया गया और सिफारिशें की गई।

विनियामक फोरम ने वर्ष 2012–13 में निम्नलिखित अध्ययन पूरे किए:–

(i) विनियामक लेखों का मानकीकरण

यह अध्ययन आरंभ किया गया चूंकि सांविधिक लेखों से विशिष्टता के रूप में विनियामक लेखों को मान्यता देने के आवश्यकता महसूस की गई। इस अध्ययन का दूसरा उद्देश्य विनियामक लेखों पर दृष्टि की एकरूपता लाना था और विनियामक लेखों के लिए मानकीकृत सिद्धांतों का सुझाव देते हुए सिफारिशे करना था।

(ii) नवीकरणीय क्रय बाध्यता लक्ष्यों को पूरा करने के लिए राज्यों के लिए प्रोत्साहन ढांचा तैयार करना

इस अध्ययन का उद्देश्य आरपीओ लक्ष्यों के गैर अनुपालन के प्रश्नों पर अध्ययन करना था और आरपीओ अनुपालन को प्रोत्साहित करने के लिए संसाधन संपन्न और संसाधन की कमी वाले राज्यों के लिए प्रोत्साहनपूर्ण फ्रेमवर्क का प्रस्ताव करना था।

(iii) हरित ऊर्जा कॉरिडोर की रिपोर्ट–नवीकरणीय क्षमता के लिए पारेषण योजना (12वीं योजना में नवीकरणीय क्षमता अभिवृद्धि के लिए पारेषण योजना)

फोरम द्वारा नवीकरणीय क्षमता के लिए पारेषण योजना पर एक अध्ययन किया गया। फोरम ने पारेषण ढ़ांचे के विकास के लिए नवीकरणीय समृद्ध राज्यों, कैपैक्स अपेक्षा के प्राक्कलन में नवीकरणीय ऊर्जा आधारित विद्युत (पवन, सौर और हाइड्रो) की संभावित क्षमता की अभिवृद्धियों के लिए पारेषण बुनियादी ढांचे के पता लगाने के उद्देश्य सहित इस अध्ययन के प्रयोजन के लिए भारतीय पावर ग्रिड कारपोरेशन लि. का लगाया ताकि तेजी से नवीकरणीय विद्युत विकास को सरल बनाने के लिए पारेषण बुनियादी ढांचे का निधि पोषण करने के

लिए मॉडल के विकास हेतु रणनीति फ्रेमवर्क उपलब्ध करवाया जा सके।

निम्नलिखित सतत आधार पर अध्ययन किए गए :

(i) संघटकवार एटी एंड सी कमियों के निर्धारण पर अध्ययन।

(ii) भारत में खुदरा विद्युत आपूर्ति में प्रतियोगिता आंरभ करने से संबधित अध्ययन।

(iii) मॉडल राज्य विद्युत वितरण प्रबंधन उत्तरदायित्व बिल से संबंधित अध्ययन।

(iv) 11वीं योजनावधि के दौरान विद्युत मंत्रालय द्वारा विनियामक फोरम के लिए सहायता योजना के प्रभाव निर्धारण से संबंधित अध्ययन।

(v) विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 60 के अंतर्गत सविवेकी विनियामक शक्ति से संबंधित बाजार प्रभुत्व से संबंधित मॉडल विनियम से संबंधित अध्ययन।

(vi) मॉडल विनियमों से संबंधित अध्ययन जिसमें राज्य विद्युत आयोगों द्वारा जारी किए गए आदेशों निर्देशों और विनियमों को निष्पादित करने वाले, कार्यान्वित एवं लागू करने के लिए क्रियाविधि दी गई है।

"विनियामक आयोग" विद्युत क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों पर विनियामक आयोगों के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है। वर्ष 2012–13 में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

1.	विद्युत विनियामक आयोग (ईआरसी) के अध्यक्ष/सदस्यों के लिए उन्मुखता कार्यक्रम	आईआईएम–अहमदाबाद	11-10-2012 से 13-10-2012
2.	विद्युत क्षेत्र में विनियामक विषयों के विभिन्न चरणों के संबंध में विद्युत विनियामक आयोगों के अधिकारियों के लिए 5वां क्षमता निमार्ण कार्यक्रम	बैंकाक में अंतरराष्ट्रीय दौरे सहित आईआईटी कानपुर	18-10-2012 से 23-10-2012
3.	"डीएसएम एवं ऊर्जा कुशलता" से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम	इंडिया हेबिटेट सेंटर नई दिल्ली	21-01-2013 से 22-01-2013
4.	"सीजीआरएफ के अधिकारियों एवं औंबडसमैन के लिए उपभोक्ता हित का संरक्षण" से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम	एनपीटीआई, फरीदाबाद	21-03-2013 से 22-03-2013

ग. भारतीय विनियामक फोरम (एफओआईआर) की गतिविधियां

आयोग भारतीय विनियामक फोरम को, जिसमें न केवल अध्यक्ष शामिल हैं बल्कि विद्युत विनियामक आयोगों से सदस्य एवं पीएएमपी, पीएनजीआरवी, सीसीआई और एईआरए जैसी अन्य विनियामक प्राधिकरणों के सदस्य भी शामिल हैं, भी सचिवीय सेवाएं प्रदान करता हैं। भारतीय विनियामक फोरम को मूल रूप से भारत में विभिन्न बुनियादी ढ़ांचा क्षेत्रों के विनियामक प्राधिकारियों द्वारा अनुभवों की शेयरिंग के लिए प्लेटफार्म के रूप में आंरभ किया गया था। भारतीय विनियामक आयोग ने कार्यशालाएं/अनुसंधान सम्मेलन आयोजित किए जिसमें विमानन क्षेत्र में उत्तम पद्धतियां, डीएसएम एवं ऊर्जा कार्यकुशलता जैसे मुद्दों पर विचार किया गया। "विनियामक स्टाफ के लिए क्षमता निर्माण अपेक्षाओं का निर्धारण" से संबंधित भारतीय विनियामक फोरम की सिफारिशों के आधार पर फोरम ने विनियामक अनुसंधान संस्थान के गठन पर एक अवधारणा पेपर तैयार किया और विनियामक अनुसंधान संस्थान को शैक्षणिक सहायता प्रदान करने के लिए/हाऊसिंग के लिए प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थाओं से अभिरूचि की अभिव्यक्ति को आंमत्रित किया।

घ. बुनियादी विनियम के लिए दक्षिण एशिया फोरम की गतिविधियां(साफिर)

साफिर को 1999 में स्थापित एक अंतरराष्ट्रीय फोरम है जिसमें क्षेत्र (जिसमें बंगलादेश, भूटान, भारत, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका शामिल हैं) के बुनियादी ढांचे विनियामकों के नेटवर्क के रूप में विश्व बैंक की सहायता प्राप्त है और उन संबंधित अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं एवं व्यक्तियों की सहायता प्राप्त हैं जो इस क्षेत्र में सक्रिय हैं। सदस्यों की 4 श्रेणियां हैं अर्थात शैक्षणिक सस्थाएं उपभोक्ता निकाय/एनजीओ, निगमित/कंपनियां और विनियामक निकाय हैं। इनका उद्देश्य अनुसंधान को बढ़ावा देना और विनियामक सुधार प्रक्रियाओं एवं अनुभवों से संबंधित डाटा बैंक उपलब्ध करवाना, जानकारी एवं विशेषज्ञता के लाभप्रद विनिमय का कार्य करना और वैश्विक रूप से सर्वोत्तम पद्धतियों के तेजी से कार्यान्वयन की प्रवृति को स्थापित करना है। वर्ष 2012–13 में साफिर ने आधारभूत सम्मेलन आयोजित किए अर्थात मुबंई, महाराष्ट्र(भारत) मे निवेश अवसर,

नीति एवं विनिमय तथा श्रीलंका में बुनियादी ढांचे विनियमन एवं सुधार पर कोर कार्यक्रम आयोजित किया। केविविआ साफिर को सचिवीय सेवाएं प्रदान करता है। श्री सैयद यूसूफ हुसैन, अध्यक्ष बंगलादेश, ऊर्जा विनियामक आयोग को फरवरी, 2012 में साफिर के अध्यक्ष के रूप में चुना गया। अध्यक्ष, बंगलादेश ऊर्जा विनियामक आयोग (बीईआरसी) के रूप में उनके कार्यकाल के पूरा होने के बाद उनके स्थान पर अध्यक्ष, बीईआरसी एवं साफिर के अध्यक्ष के रूप में श्री मुहम्मद इम्दादुल हक को नियुक्त किया गया।

साफिर की इन बैठकों को वर्ष 2012–13 के दौरान आयोजित किया गयाः

क. ढाका, बंगलादेश में 9–10 मई, 2012 के दौरान 19वीं स्थायी की बैठक।

ख. मुबंई, भारत में 13 सितम्बर, 2012 को 6वीं कार्यपालक समिति की बैठक।

ग. कांदी, श्रीलंका में 4 मार्च 2013 को 7वीं कार्यपालक समिति की बैठक।

(ङ) सेमिनार/सम्मेलन/प्रशिक्षण/विनिमय कार्यक्रम

आयोग के अध्यक्ष, सदस्यों, सचिव और स्टाफ द्वारा सेमिनार/सम्मेलन/प्रशिक्षण/संयंत्र दौरे/विनिमय कार्यक्रमों में उपस्थिति का ब्यौरा **अनुबंध- VIII** और **अनुबंध-IX** में दिया गया है।

7.9 भारत सरकार को सलाह

आयोग ने निम्नलिखित विषय पर भारत सरकार को विद्युत अधिनियम 79(2) के अंतर्गत सांविधिक सलाह दीः

मामला 2/यूएमपीपी के लिए मानक बोली दस्तावेजों के पुनरीक्षण के संबंध में

केन्द्रीय आयोग ने मंत्रालय द्वारा परिचालित मामला 2/अल्ट्रा मैगा पावर परियोजनाओं के लिए मॉडल विद्युत क्रय करार के ड्राफ्ट पर विद्युत मंत्रालय को दिनांक 26.10.12 को सांविधिक सलाह दी। आयोग ने ड्राफ्ट मॉडल विद्युत क्रय करार की जांच की और यह आवश्यकता महसूस कि वितरण अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा विद्युत के प्रतिस्पर्द्धात्मक प्राप्ति के विभिन्न मुद्दों का पता लगाने के लिए दस्तावेजों में परिष्कार की आवश्यकता है।

आयोग ने विद्युत की प्रतिस्पर्द्धात्मक प्राप्ति के लिए मॉडल मानक बोली दस्तावेजों को अंतिम रूप देते समय निम्नलिखित अभिमतों पर विचार करने के लिए विद्युत मंत्रालय को सलाह दी है।

- दस्तावेजों को मॉजूदा एसबीडी के रूप में डीबीएफओटी के स्थान पर बिल्ड ऑन आपरेट माडल के आधार पर तैयार किया जाना चाहिए।
- एसएचआर को बोली योग्य पैरामीटरों पर होना चाहिए या पूर्व विनिर्दिष्ट एसएचआर को एनर्जी प्रभार के भुगतान के लिए सामान्य पैरामीटर के रूप में माना जाना चाहिए और निर्धारित प्रभारों का कोई समायोजन नहीं होना चाहिए।
- समझी गई उपलब्धता की अवधारणा और 10 दिनों के लिए न्यूनतम ईंधन स्टाक की अवधारणा समाप्त की जानी चाहिए। विद्युत मंत्रालय को कोयला मंत्रालय के साथ शामिल होना चाहिए ताकि कोयलें की 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। अपने खानों से आपूर्ति न होने पर सीआईएल के मामलें में इसे जनरेटर को आयात एवं आपूर्ति की जानी चाहिए। ब्लंड कोयले की लागत को पासथ्रू के रूप में अनुमति दी जा सकती है।
- सामान्य उपलब्धता संगत संयत्र के लिए आवश्यकता होने के बाद निर्धारित की जानी चाहिए और सामान्य उपलब्धता के आगे उत्पादन केवल ऊर्जा प्रभार की दर पर हिताधिकारी द्वारा अदा की जानी चाहिए। सामान्य उपलब्धता के आगे कोई प्रावधान नहीं होना चाहिए।
- स्वतंत्र इंजीनियर का प्रावधान होना चाहिए। और यह दोनो कान्ट्रेटिव पार्टियों के साथ आर्दश रूप में परियोजना के परिमापन और मानिट्ररिंग को संयुक्त रूप से किया जाना चाहिए।
- सप्लायर द्वारा यथा प्रमाणित जीसीवी को ऊर्जा प्रभार के भुगतान के प्रयोजन के लिए प्रयुक्त किया जा सकता है और इसे यह सुनिश्चित करने के लिए बोलीकर्त्ता का उतरदायित्व होना चाहिए कि इसने आपूर्तिकर्त्ता से वांछित गुणवत्ता/जीसीवी का कोयला प्राप्त कर लिया है।
- कैप्टिव खान के मामलें में जीसीवी की संगणना हिताधिकारी तथा बोलीकर्त्ता दोनों द्वारा संयुक्त नमूने दोनों के माध्यम से की जा सकती है।
- सूचीबद्ध निर्धारित प्रभार डब्लूपीआई एवं सीपीआई की भारित औसत से संबद्ध किया जाना चाहिए।
- परियोजना के विस्तार में केवल विधि में परिवर्तन के कारण अनुमति दी जाए।
- यूआई के माध्यम से विद्युत के प्रेषण से संबंधित प्रावधान एबीटी एवं यूआई मैकेनिज्म की अवधारण के अनुरूप होना चाहिए।
- पूर्ववर्ती स्थितियों के अंतर्गत कंपनियों को अपेक्षित सांविधिक क्लीयरैंस (अर्थात अधिनियम की धारा 68, 164 के अंतर्गत क्लीयरैंस) प्राप्त करने के लिए असफलता हेतु दंड के अध्यधीन नहीं होनी चाहिए।

8

2012–13 के दौरान जारी की गई अधिसूचनाएं

8 2012–13 के दौरान जारी की गई अधिसूचनाएं

क्र.स.	अधिसूचना	राजपत्र दिनांक	विनियम
1.	83	11.04.2012	"पारेषण सेवा के लिए टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्द्धात्मक बोली मार्गनिर्देश" मानक पारेषण सेवा करार (टीएसएस) दस्तावेजों की अनुसूची 7 और प्रस्ताव के लिए मानक अनुरोध के विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार, खंड 3.31.3 (क) द्वारा जारी किए गए "पारेषण सेवा के लिए टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्द्धात्मक बोली मार्गनिर्देश (10 अक्तूबर 2008 तक यथा संशोधित)
2.	86	12.04.2012	वितरण अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा विद्युत की प्राप्तियों के लिए बोली प्रक्रिया द्वारा टैरिफ के निर्धारण के लिए मार्गनिर्देशों से संबंधित विद्युत मंत्रालय की अधिसूचना दिनांक 19.1.2005 (समय समय से यथा संशोधित) की धारा 5.6(VI) के अनुसरण में बोली मूल्यांकन के लिए (30.09.2012 तक बोली आरंभ करने के लिए) वार्षिक अभिवृद्धि दरों की अधिसूचना।
3.	204	21.09.2012	केविविआ (अंतरराज्यिक पारेषण अनुज्ञप्तिधारियों के कार्यनिष्पादक के मानक) विनियम, 2012
4.	216	03.10.2012	"पारेषण सेवा के लिए टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्द्धात्मक बोली मार्गनिर्देश" मानक पारेषण सेवा करार (टीएसएस) दस्तावेजों की अनुसूची 7 और प्रस्ताव के लिए मानक अनुरोध के विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार, खंड 3.31.3 (क) द्वारा जारी किए गए "पारेषण सेवा के लिए टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्द्धात्मक बोली मार्गनिर्देश (10 अक्तूबर 2008 तक यथा संशोधित)
5.	223	11.10.2012	अधिसूचना सं 20 दिनांक 7.2.2012 का शुद्धिपत्र
6.	224	11.10.2012	केविविआ (व्यापार अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए क्रियाविधि निबंधन और शर्ते तथा अन्य संबद्ध मामलें)(प्रथम संशोधन) विनियम, 2012
7.	225	11.10.2012	वितरण अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा विद्युत की प्राप्तियों के लिए बोली प्रक्रिया द्वारा टैरिफ के निर्धारण के लिए मार्गनिर्देशों से संबंधित विद्युत मंत्रालय की अधिसूचना दिनांक 19.1.2005 (समय समय से यथा संशोधित) की धारा 5.6(6) के अनुसरण में बोली मूल्यांकन के लिए (31.03.13 तक बोली आरंभ करने के लिए) वार्षिक अभिवृद्धि दरों की अधिसूचना।
8.	274	18.12.2012	अधिसूचना सं 225 दिनांक 11.10.2012 का संशोधन
9.	01	01.01.2013	केविविआ (टैरिफ की निबंधन और शर्ते)(तीसरा संशोधन) विनियम, 2012
10.	18	23.01.2013	विद्युत अधिनियम 2003 (2003 का 36) की धारा 80 के अंतर्गत केन्द्रीय सलाहकार समिति की स्थापना के अधिसूचना का संशोधन और अधिसूचना सं 5.1.2009 संबंधित सीएसी/केविविआ दिनांक 10.12.2009 के माध्यम से गठित सीएसी का अधिक्रमण।

S. No.	Notification No.	Gazette Dated	Regulations
11.	86	26.03.2012	केविविआ (कनैक्टीविटी, अंतरराज्यिक पारेषणों में दीर्घ कालीन पहुंच, मध्यमकालीन पहुंच और संबद्ध मामलें)(तीसरा संशोधन) विनियम, 2013
12.	87	28.03.2013	"पारेषण सेवा के लिए टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्द्धात्मक बोली मार्गनिर्देश" मानक पारेषण सेवा करार (टीएसएस) दस्तावेजों की अनुसूची 7 और प्रस्ताव के लिए मानक अनुरोध के विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार, खंड 3.31.3 (क) द्वारा जारी किए गए "पारेषण सेवा के लिए टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्द्धात्मक बोली मार्गनिर्देश (10 अक्तूबर 2008 तक यथा संशोधित)

9

वर्ष 2013–14 के लिए कार्यसूची

9 वर्ष 2013–14 के लिए कार्यसूची

1. केविविआ टैरिफ विनियमों का विनियामक प्रभाव निर्धारण
2. 2014–19 की नियंत्रण अवधि के लिए टैरिफ विनियम
3. ग्रिड अनुशासन का प्रवर्तन
4. ग्रिड अनुशासन को लागू करने के लिए विचलन निपटान मैकेनिज्म
5. नवीकरणीय विनियामक निधि मैकेनिज्म का कार्यान्वयन

10

लेखों की वार्षिक विवरणी

10 लेखों की वार्षिक विवरणी

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा विधिवत रूप से लेखा परीक्षित वित्तीय वर्ष 2012–13 वार्षिक लेखा और लेखा परीक्षा रिपोर्ट **अनुबंध–X** में संलग्न है। वर्ष 2012–13 के दौरान 25.061 करोड रूपए विद्युत मंत्रालय द्वारा केविविआ से (भारत के लोक लेखा के अंतर्गत रखें गए) रिलीज किए गए थे। वर्ष 2011–12 के 6.25 करोड़ रूपए का खर्च न किया गया शेष वर्ष 2012–13 में अग्रेषित किया गया था जिससे वर्ष 2012–13 के लिए 31.311 करोड़ रू की कुल उपलब्ध निधियां हो गई। इसमें से 26.81 करोड़ रू की रकम वर्ष के दौरान प्रयोग की गई और 4.50 करोड़ रू का शेष वर्ष के अंत में अर्थात 31.3.2013 को अप्रयुक्त बना रहा जिसे वर्ष 2013–14 के लिए आगे ले जाया गया।

11

आयोग का मानव संसाधन

11 आयोग का मानव संसाधन

आयोग का अधिनियम के अंतर्गत अत्यंत व्यापक अधिदेश है। अपने उत्तरदायित्वों को निर्वाह करने में आयोग की कुशलता इंजीनियरिंग, अर्थशास्त्र, वित्तीय प्रबंधन, लेखा, विधि, पर्यावरण, प्रबंध सूचना प्रणाली और अन्य संबद्ध कुशलताओं में अपेक्षित विशेषज्ञता और अनुभव सहित इसके स्टाफ की गुणवत्ता और और कार्यात्मक विशेषज्ञता पर निर्भर करती है। मुख्य मानव संसाधनों के ब्यौरे अनुबंध **XI** और **XII** में दिए गए हैं। इसके अलावा आयोग सरकार, उद्योग और अनुसंधान संस्थान में उपलब्ध विशेषज्ञता और अनुभव रखने वाले मानव संसाधन का उपयोग करता है। इन–हाउस कुशलताओं तथा उपलब्ध अनुभव को पूरा करने के लिए आयोग परामर्शदाताओं की सेवाएं लेता है और इस प्रयोजन के लिए इसने विनियम बनाए है। आयोग में स्टाफ स्थिति के ब्यौरे और वर्ष 2012–13 के दौरान भर्तियों को सारणी 1 और सारणी 2 में दिया गया है:

सारणी I. 31 मार्च, 2013 को आयोग में स्वीकृत/भरे/रिक्त पद

क्र. सं.	पदनाम	स्वीकृत पदों की संख्या	भरे गए पदों की संख्या	रिक्त पद
1.	सचिव	1	1	-
2.	प्रमुख	4	2	2
3.	संयुक्त प्रमुख	5	4	1
4.	उप प्रमुख	13	10	3
5.	आंतरिक वित्तीय सलाहकार	1	-	1
6.	सहायक प्रमुख	16	11	5
7.	न्यायपीठ अधिकारी	2	1	1
8.	सहायक सचिव	2	1	1
9.	वेतन एवं लेखा अधिकारी/वरिष्ठ लेखा अधिकारी	2	2	-
10.	प्रधान निजी सचिव	4	4	-
11.	निजी सचिव	5	4	1
12.	सहायक	6	6	-
13.	निजी सहायक	7	2	5
14.	आशुलिपिक	3	1	2
15.	रिसेप्शनिष्ट कम टेलीफोन ऑपरेटर	1	-	1
16.	वरिष्ठ चपरासी/ड्राफ्टी	2	2	-
17.	चपरासी	2	-	2
18.	ड्राइवर	4	4	-
	कुल	**80**	**55**	**25**

सारणी 2. वर्ष 2012–13 के दौरान नियुक्तियां

क्र.सं.	पदनाम	भरे गए पदों की संख्या
1.	प्रमुख (वित्त) एवं प्रमुख (इंजी)	2
2.	सहायक सचिव	4
3.	वेतन एवं लेखा अधिकारी	1
4.	निजी सचिव	2
	कुल	**9**

अनुबंध

अनुबंध-I

केविविआ के समक्ष दाखिल याचिकाओं की स्थिति (1.4.2012 से 31.3.2013)

पिछले वर्ष 2011-2012 से आगे ले जाया गया	2012-2013 के दौरान प्राप्त याचिकाओं की संख्या	कुल	निपटाई गई	31.03.2013 को अनिर्णित
395	297	692	266	426

1.4.2012 से 31.3.2013 तक निपटाई गई याचिकाएं

क्रम सं	याचिका सं	दाखिल करने की तारीख	याचिका कर्त्ता	विषय	निपटान की तारीख
1	83/टीटी/2011	22/3/2011	पीजीसीआईएल	टैरिफ ब्लॉक 2009–14 की अवधि के लिए पश्चिमी क्षेत्र में कोरबा–III परियोजना के अंतर्गत संबद्ध बेज सहित कोरबा रायपुर 400 केवी डी/सी पारेषण लाईन के लिए पारेषण टैरिफ के निर्धारण के लिए केविविआ (कारोबार करना) विनियम 1999 का विनियम 86 और केविविआ (टैरिफ की निबंधन और शर्तें) विनियम, 2009 के विनियम 86 के अंतर्गत अनुमोदन।	3/4/2012
2	020/2010	1/2/2010	एनएलसी	2009–14 के लिए टैरिफ के निर्धारण की मांग करने वाली टीपीएस–I याचिका	9/4/2012
3	282/2009	26/11/2010	एनटीपीसी	1.4.2009 से 31.3.2014 तक की अवधि के लिए कहलगांव एसटीपी चरण–II के टैरिफ का अनुमोदन।	13/4/2012
4	239/2009	22/3/2011	एनटीपीसी	1.4.2009 से 31.3.2014 तक की अवधि के लिए अंतगैस पावर स्टेशन (419.33 मैगावाट) के टैरिफ का अनुमोदन।	20/4/2012
5	042/2012	19/3/2012	स्वप्रेरणा से	विद्युत विभाग दमन एवं द्वीव, सिलवासा द्वारा आहरित अनुसूची के अधिकता में आहरित ऊर्जा के लिए अननुसूचित अंतःपरिवर्तन प्रभारों के भुगतानों में चूक।	25/4/2012
6	69/टीटी/2011	25/3/2011	पीजीसीआईएल	उत्तरी क्षेत्र में टैरिफ ब्लाक 2009–14 की अवधि के लिए उत्तरी क्षेत्र योजना–XIX (एनआरएसएस–XIX) को सुदृढ करने के अतर्गत कैथल उप केन्द्र में आस्ति–I 80 एमवीएआर बस रिएक्टर के लिए 1.4.2011 – 31.3.2014 तक की अवधि के लिए अंत डोको पारेषण के निर्धारण के लिए केविविआ (टैरिफ की निबंधन और शर्तें) विनियम, 2009 तथा केविविआ के (कारोबार का संचालन) विनियम, 1999 के विनियम 86 के अंतर्गत अनुमोदन।	25/4/2012

क्रम सं	याचिका सं	दाखिल करने की तारीख	याचिका कर्त्ता	विषय	निपटान की तारीख
7	84/टीटी /2011	6/4/2011	पीजीसीआईएल	उत्तरी क्षेत्र में टैरिफ ब्लाक 2009–14 की अवधि के लिए रामपुर एचईपी (अंत डोको : 1.5.2011) से संबद्ध पारेषण प्रणाली के अंतर्गत संबद्ध बेज सहित कैथल एस/एस में पटियाला हिसार लाईन के लुधियाना टी/एल एवं लीलो – 400 केवी पटियाला के पारेषण टैरिफ के निर्धारण के लिए केविविआ(कारोबार का संचालन) विनियम, 1999 केविविआ (टैरिफ की निबंधन एवं शर्तें) विनियम, 2009 के विनियम, 86 के अंतर्गत अनुमोदन।	25/4/2012
8	87/टीटी /2011	8/4/2011	पीजीसीआईएल	400 केवी डी/सी गोरखपुर – लखनऊ पारेषण लाईन की संयुक्त आस्तियों तथा लखनऊ में तथा (एनआरएसएस 10) की संयुक्त आस्तियों उतरी क्षेत्र में टैरिफ ब्लाक 2009–2014 की अवधि के लिए 31.3.2014 के लिए प्रत्याशित डोको से एनआरएसएस–10 के अंतर्गत संबद्ध बेज सहित लखनऊ में पारेषण लाईन (प्रत्याशित डोको 1.4.2011) पर 30 प्रतिशत एफसीएस एवं इससे संबद्ध बेज (डोको 1.11.2010) की 400 केवी डीसी गोरखपुर लखनऊ पारेषण लाईन की संयुक्त आस्तियों के लिए पारेषण टैरिफ के निर्धारण के लिए केविविआ (कारबार का संचालन) विनियम 2009 केविविआ (टैरिफ की निबंधन एवं शर्तें) विनियम, 2009 के विनिमय 86 के अंतर्गत अनुमोदन।	25/4/2012
9	95/टीटी/2011	8/4/2011	पीजीसीआईएल	टैरिफ ब्लाक 2009–14 की अवधि के लिए उत्तरी क्षेत्र में सेवा–II एचईपी (संयुक्त घटक) से संबद्ध पारेषण प्रणाली के लिए प्राक्कलित डोको : 1.7.2011 से 31.3.2011 के पारेषण टैरिफ के निर्धारण के लिए केविविआ (कारबार का संचालन) विनियम 2009 केविविआ (टैरिफ की निबंधन एवं शर्तें) विनियम, 2009 के विनिमय 86 के अंतर्गत अनुमोदन।	25/4/2012
10	22/टीटी/2012	25/11/2011	पीजीसीआईएल	दक्षिण क्षेत्र में 1.4.2009 से डोको 31.3.2014 तक अनुमानित ऊदुमप्लेट डोको में त्रिनुवेली एवं आईसीटी–III में आईसीटी I और II के त्रिनुवेली एस/ एस (अनुमानित डोको 1.2.10) और (ख) संयुक्त घटकों में त्रिनुवेली 400 केवी(क्वेट) डी/सी लाईन–I और II रियक्टर त्रिनुवेली कुदनकुलम त्रिनुवेली बस	25/4/2012

क्रम सं	याचिका सं	दाखिल करने की तारीख	याचिका कर्त्ता	विषय	निपटान की तारीख
				रियक्टर–II में 400 केवी डी/सी लाईन मर्दुरै, त्रिवेन्द्रम के सर्किट के लीलों के संयुक्त घटकों के लिए पारेषण टैरिफ के निर्धारण के लिए विनियम 86 के अंतर्गत अनुमोदन।	
11	189/2010	1/7/2010	एनटीपीसीपूर्वी	क्षेत्र अर्थात कहलगांव एसटीपीएस में फरक्का एसटीपीएस (1600 मैगावाट) स्टेज–I (840 मैगावाट) एवं कहलगांव एसटीपीएस, स्टेज–II (1500 मैगावाट में) एनटीपीसी पावर स्टेशनों के संबध में उपलब्धता सामान्य वार्षिक संयत्र के पुनरीक्षण के लिए याचिका।	25/4/2012
12	31/2012	23/2/2012	स्वप्रेरणा से	याचिका विद्युत विभाग मिजोरम सरकार द्वारा याचिका संख्या 213/एमपी/2011 में दिनांक 26.11.2011 के आदेश पैरा 10 का गैर अनुपालन	3/5/2012
13	247/2010	19/1/2011	एनटीपीसी	सीओडी से 31.3.2014 तक की अवधि के लिए कोरबा एसटीपीएस–III (500 मैगावाट) से छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी लि. को आपूर्ति किए जाने वाले 175 मैगावाट के टैरिफ का अनुमोदन। यूनिट–I के प्रत्याशित वाणिज्यिक आपरेशन अर्थात 1.10.2010 से 31.3.2014 तक की अवधि के लिए स्टेशन स्टेज–III (1X500 मैगावाट)।	3/5/2012
14	32/2012	23/2/2012	स्वप्रेरणा से	याचिका त्रिपुरा राज्य विद्युत का लि, अगरतला द्वारा याचिका सं 213/एमपी/2011 में दिनांक 26.11.2011 के आदेश के पैरा 10 का गैर अनुपालन।	4/5/2012
15	256/2009	1/10/2010	एनटीपीसी	1.4.2012 से 31.3.2014 तक की अवधि के लिए रामागुंडम सुपर थर्मल पावर स्टेशन स्टेज–III (500 मैगावाट) के टैरिफ के अनुमोदन के लिए याचिका	7/5/2012
16	120/2012 (स्वप्रेरणा से)	9/4/2012	स्वप्रेरणा से	हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लि पंचकुला द्वारा अधिनिर्णय केस सं0. 3/2010 में दिनांक 27.9.2011 के आदेश के पैरा 19 का गैर अनुपालन	8/5/2012
17	219/टीडीएल/2011	21/12/2011	पटेल एनर्जी रिसोर्सिज	अंतरराज्यिक अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए आवेदन	8/5/2012
18	29/2012	23/2/2012	स्वप्रेरणा से	विद्युत विभाग, मणिपुर सरकार द्वारा याचिका सं 213/एमपी/2011 में दिनांक 26.11.2011 के आदेश के पैरा 10 का गैर अनुपालन	8/5/2012
19	054/एमपी/2012	21/3/2012	पीजीसीआईएल	एफईआरवी के कारण देयता की प्रतिपूर्ति के संबध में और केविविआ (टैरिफ की निबंधन और शर्तें) विनियम	15/5/2012

क्रम सं	याचिका सं	दाखिल करने की तारीख	याचिका कर्त्ता	विषय	निपटान की तारीख
				2009 के विनियम 40 के परिचालन के संबंध में एफईआरवी के कारण देयता की प्रतिपूर्ति के संबध में और हैंजिंग के लागत के संबंध में स्पष्टीकरण मांगने के लिए केविविआ (कारोबार का संचालन) विनियम, 1999 के विनियम 24, 111 और 113 के अंतर्गत विविध याचिका।	
20	78/टीटी /2011	17/3/2011	पीजीसीआईएल	उत्तरी क्षेत्र प्रणाली सुदृढ़ीकरण योजना –IIV उत्तरी क्षेत्र में टैरिफ ब्लाक 2009–14 के लिए (एनआरएसएस –VII) से संबद्ध पारेषण प्रणाली के अंतर्गत चौथे 400/220 केवी, 3X105 एमवीए आईसीटी (डोको रोधी : 1.4.2011) द्वारा वगूरा एसएस के विस्तार के लिए 31.3.2014 के लिए प्रत्याशित डोको से पारेषण टैरिफ के निर्धारण के लिए केविविआ (कारोबार का संचालन) विनियम, 1999 और केविविआ (टैरिफ की निबंधन एवं शर्ते) विनियम, 2009 के विनियम 86 के अंतर्गत अनुमोदन।	15/5/2012
21	20/एमपी/2012	9/2/2012	जीएमआर कामालंगा एनर्जी लिमिटेड	केविविआ ((टैरिफ की निबंधन एवं शर्ते) विनियम, 2009 के साथ पठित विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 62 और 79 (1)(ख) के अंतर्गत याचिका और 2011 के प्रथम एवं द्वित्तीय संशोधन सहित इसका संशोधन। टैरिफ के निर्धारण के लिए आवेदन करने के लिए क्रियाविधि (आवेदन तथा अन्य संबद्ध मामलों का प्रकाशन) विनियम 2004 और जीएएमआर–कामालंगा ऊर्जा लि. (जीकेईएल) के 3X350 मैगावाट कामालंगा थर्मल प्लांट के संबंध में अनंतिम टैरिफ के अनुमोदन के लिए इसका संशोधन।	16/5/2012
